राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | रांची, मंगलवार, 10 दिसंबर 2024 ● मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष 10 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ✗ ● वर्ष : 2, अंक : 239 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

# तस्करों का नेटवर्क खंगला तो बांग्लादेश तक जुड़ेंगे तार

## झारखंड से पुरुलिया, मालदा, मुर्शिदाबाद के रास्ते हो रही पशु तस्करी

**शुभम संदेश क्राइम स्पेशल**




संवाददाता। धनबाद

झारखंड में पशु तस्करी के खिलाफ शुभम संदेश की जारी मुहिम में प्रिय पाठकों को झारखंड के बड़े पशु तस्करों की विस्तृत जानकारी पेश की गई है. इस मुहिम के तहत

**किस्त-16**

झारखंड के तीन जिलों में पशु तस्करी के बड़े सिंडिकेट, इनके हमदर्द, खाकी की सहभागिता और नेताओं का संरक्षण हर कुछ के बारे में जानकारी दी गई. शुभम संदेश की मुहिम के साथ धनबाद विधायक राज सिन्हा भी जुड़ गए हैं. उन्होंने इस मामले को लेकर विधानसभा में आवाज उठाने और सरकार को पत्र लिखकर जवाब मांगने की बात कही है. पेश से इस गिरोह और उनके कारनामों की अगली किस्त.

### एनएच सबसे आसान और कम रिस्क वाला रास्ता

ईमानदारी से झारखंड में पशु तस्करी के गिरोह के नेटवर्क को खंगाला गया तो इसके नेटर्वक बांग्लादेश से सीधे जुड़े जाएंगे. न सिर्फ झारखंड बल्कि बांग्लादेश के सीमावर्ती कई राज्यों से बांग्लादेश तक पशुओं को पहुंचाने का काम किया जा रहा है. इनमें नेशनल हाइवे सबसे आसान और कम रिस्क वाला रास्ता है. झारखंड से पुरुलिया, मालदा, मुर्शिदाबाद, कोलकाता आदि के रास्तों से पशुओं की खुलकर तस्करी हो रही है. इस रास्तों में पकड़े गए तस्करों से यदि सही से पूछताछ की जाए, गिरोह के लिंक को खंगाला जाए तो फिर मामले में बांग्लादेश के तस्करों का भी नाम सामने आ जाएंगे.

### पूरे नेशनल हाइवे पर वर्चस्व कायम

नेशनल हाइवे पर इस पूरे गिरोह का वर्चस्व कायम है. गिरोह के शातिर अपना कारोबार सुगमता से चलाने के लिए खाकी, खादी से लेकर लोकल स्तर पर लठैतों और समितियों को भी मैनेज रखते हैं. खाकी, खादी और सफेदपोशों को भी महीने और गाड़ी पीछे बंधी बंधाई रकम दी जाती है. इस पूरे गिरोह पर कई दलों के लोग भी नजर रखते हैं और विरोध के स्वर खड़े कर अपनी रोटियां सेंकते हैं. हालांकि जिले में ऐसे तत्वों के कुछ चेहरे तो बेनकाब भी हो चुके हैं. बावजूद इनकी साठगांठ से पशु तस्कर मोटी कमाई कर रहे हैं.

### अपना अलग झंडा लेकर दौड़ने वालों पर गिरती है पुलिस की गाज

इस गिरोह के खिलाफ पुलिस से कार्रवाई न के बराबर है. इसके पीछे कई कारण हैं. सबसे बड़ी वजह कमाई ही तो दूसरी तरफ नेताओं का दबाव भी शामिल है. गिरोह के शातिर सिर्फ पुलिस ही नहीं नेताओं तक अपनी पकड़ रखते हैं. नेताओं को लाभ पहुंचाने वाला गिरोह समय पड़ने पर इन्हें खुद के लिए इस्तेमाल भी करते हैं. यही कारण कुछ पुलिस कर्मी चाहकर भी इस गिरोह के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं करते हैं. भले ही वो पशु तस्करी की अवैध कमाई का हिस्सा नहीं बनें लेकिन इस गिरोह के खिलाफ कार्रवाई करने की ताकत भी इनके पास नहीं होती है. हां, कुछ कार्रवाई दिखावे के लिए जरूर की जाती है, या फिर गिरोह के बिना अपना झंडा अलग लेकर दौड़ने वाले वाहनों को निशाने पर लिया जाता है. इन्हें पकड़ा जाता है और फिर इनके खिलाफ मुकदमे दर्ज कर कार्रवाई की खानापूर्ति पूरी कर दी जाती है.

### पंजाब की गौशाला में 20 गायों के मरने से मचा बवाल

पंजाब के फगवाड़ा में एक गौशाला में 20 गायों की मौत हो गई, जबकि 28 अन्य गायें बीमार हो गईं. इस घटना के बाद क्षेत्रीय हिंदू संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किया और चारे में जहर मिलाए जाने का आरोप लगाया. इस घटना के विरोध में विभिन्न संगठनों ने सोमवार को बंद का आह्वान किया और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की. एक पुलिस अधिकारी ने सोमवार को कहा कि इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है और सभी एंगल से उसकी जांच की जा रही है. फगवाड़ा की पुलिस अधीक्षक रूपिंदर कौर भट्टी ने बताया कि रविवार रात श्री कृष्ण गौशाला, मेहलीगेट में 20 गायों की मौत हो गई और 28 अन्य बीमार हो गईं.

# संजय मल्होत्रा आरबीआई के होंगे नए गवर्नर

## 11 दिसंबर को संभालेंगे पदभार

**नई दिल्ली।** सरकार ने रेवेन्यू सेक्रेटरी संजय मल्होत्रा को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया का नया गवर्नर नियुक्त किया है. वे आरबीआई के 26वें गवर्नर होंगे और मौजूदा गवर्नर शक्तिकांत दास की जगह लेंगे.

दास का कार्यकाल 10 दिसंबर 2024 को पूरा हो रहा है. 11 दिसंबर से मल्होत्रा गवर्नर का पद संभालेंगे. कैबिनेट ने आज 9 दिसंबर को संजय मल्होत्रा के अपॉइंटमेंट को मंजूरी दी है. शक्तिकांत दास 12 दिसंबर 2018 को गवर्नर बनाए गए थे. उनके कार्यकाल को बाद में तीन साल के लिए एक्सटेंड किया गया था. उन्होंने उर्जित पटेल की जगह ली थी.

नए गवर्नर ऐसे समय कार्यभार संभाल रहे हैं जब केंद्रीय बैंक मुश्किल स्थिति में है. आरबीआई पर ब्याज दरों में कटौती करने का दबाव बढ़ रहा है क्योंकि जुलाई-सितंबर की अवधि में विकास दर सात-तिमाही के निचले स्तर 5.4% पर आ गया है. राजस्थान कैडर के 1990 बैच के



भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी संजय मल्होत्रा के पास भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर से कंप्यूटर साइंस में इंजीनियरिंग की डिग्री और प्रिंसटन यूनिवर्सिटी, यूएसए से पब्लिक पॉलिसी में मास्टर डिग्री है. मल्होत्रा ने पावर, फाइनेंस और टैक्सेशन, इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी और माइन्स सहित विभिन्न क्षेत्रों में काम किया है. उनका 33 साल से ज्यादा का एक्सपीरियंस है. वित्त मंत्रालय में सेक्रेटरी (रेवेन्यू) के रूप में सर्व करने से पहले उन्होंने भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के तहत वित्तीय सेवा विभाग में सचिव का पद संभाला था.

## ब्रीफ खबरें

### संजय सेठ को धमकी देने वाले को दिल्ली ले गई पुलिस

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री और झारखंड की राजधानी रांची के सांसद संजय सेठ से 50 लाख रंगदारी मांगने के साथ जान से मारने की धमकी देने के मामले में सोमवार को दिल्ली पुलिस की टीम गिरफ्तार आरोपित को साथ ले गई. आरोपित मिन्हाजुल अंसारी को गिरफ़्तार करने के बाद रांची पुलिस और दिल्ली पुलिस की टीम ने सोमवार को उसे रांची सिविल कोर्ट के सीजेएम की कोर्ट के पेश किया.

### राहुल गांधी मामले में अगली सुनवाई 23 को

**रांची।** राजधानी रांची स्थित एमपी-एमएलए कोर्ट में सोमवार को राहुल गांधी की व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट मामले में आंशिक सुनवाई हुई. मामले में अदालत ने अगली सुनवाई की तिथि 23 दिसम्बर निर्धारित की है. यह सुनवाई एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश सार्थक शर्मा की बेंच में हुई.

### अघाड़ी ने ईवीएम की निकाली शव यात्रा

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद शिवसेना (यूबीटी) के नेताओं ने ईवीएम के खिलाफ मशाल जुलूस निकाला. इस दौरान कार्यकर्ताओं ने ईवीएम की प्रतीकात्मक शव यात्रा निकालकर ईवीएम हटाओ के नारे भी लगाए. वहीं महा विकास अघाड़ी के पदाधिकारियों ने हाथों में मशाल लेकर छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा से गांधी प्रतिमा तक लंबा मार्च निकाला. इस दौरान पूर्व विधायक अनिल गोटे ने गंभीर आरोप लगाए.

# वन नेशन-वन इलेक्शन बिल होगा संसद में पेश!

## शीतकालीन सत्र में ही ला सकती है केंद्र सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार एक देश एक चुनाव के लिए तैयार है और संसद के शीतकालीन सत्र में विधेयक पेश कर सकती है. कैबिनेट ने एक देश एक चुनाव पर रामनाथ कोविंद समिति की रिपोर्ट को पहले ही मंजूरी दे दी है. सूत्रों ने बताया कि सरकार अब विधेयक पर आम सहमति बनाना चाहती है और इसे विस्तृत चर्चा के लिए संयुक्त संसदीय समिति या जेपीसी के पास भेज सकती है.

एनडीटीवी ने सूत्रों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में बताया है कि जेपीसी सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से चर्चा करेगी. सूत्रों के मुताबिक इस प्रक्रिया में अन्य हितधारकों को भी शामिल किया जाएगा. देश भर के बुद्धिजीवियों के साथ-साथ सभी राज्य विधानसभाओं के अध्यक्षों को भी बुलाया जा सकता है. आम लोगों की राय भी ली जाएगी. सूत्रों ने बताया कि शुरुआत में सरकार लोगों को इसमें शामिल करना चाहती है और इसे हासिल करने के तरीकों और साधनों पर बाद में चर्चा की जा सकती है.



### संसद से कैसे पास होगा विधेयक

आम सहमति के अभाव में वर्तमान प्रणाली को बदलना अत्यंत चुनौतीपूर्ण होगा. एक देश एक चुनाव स्कीम को लागू करने के लिए संविधान में संशोधन के लिए कम से कम छह विधेयक लाने होंगे और सरकार को संसद में दो-तिहाई बहुमत की आवश्यकता होगी. हालांकि एनडीए के पास संसद के दोनों सदनों में बहुमत है, फिर भी किसी भी सदन में दो-तिहाई बहुमत हासिल करना एक कठिन काम हो सकता है.

राज्यसभा की 245 सीटों में से एनडीए के पास 112 और विपक्षी दलों के पास 85 सीटें हैं. दो तिहाई बहुमत के लिए सरकार को कम से कम 164 वोटों की जरूरत है. लोकसभा में भी एनडीए के पास 545 में से 292 सीटें हैं. दो तिहाई बहुमत का आंकड़ा 364 है लेकिन स्थिति परिवर्तनशील हो सकती है, क्योंकि बहुमत की गणना केवल उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों के आधार पर की जाएगी. सरकार कुछ समय से एक साथ चुनाव कराने पर जोर दे रही है, उसका तर्क है कि मौजूदा प्रणाली समय, धन और प्रयास की बर्बादी है.

# यूपीएससी मेंस का रिजल्ट जारी, 2845 अभ्यर्थी पास

## 13 से 19 तक भरेंगे डिटेल्ड एप्लिकेशन फॉर्म

**खास बातें**

- इंटरव्यू की तारीखें जल्द ही की जाएंगी घोषित
- आरक्षण के लिए मूल प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य

### 15 दिनों में जारी होगी मार्कशीट

सभी कैंडिडेट्स की मार्कशीट इंटरव्यू के बाद, फाइनल रिजल्ट जारी होने की तारीख से 15 दिनों के अंदर आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दी जाएंगी. यह वेबसाइट पर 30 दिनों के लिए उपलब्ध रहेंगी. यूपीएससी सीएसई एग्जाम तीन चरणों में आयोजित किया जाता है : प्री, मेन्स और इंटरव्यू.

**नई दिल्ली.** संघ लोक सेवा आयोग यानी यूपीएससी ने 2024 के सिविल सेवा परीक्षा (सीएसई) मेन्स के नतीजे घोषित कर दिए हैं. एग्जाम देने वाले कैंडिडेट आधिकारिक वेबसाइट upsc.gov.in पर अपना रिजल्ट देख सकते हैं. मेन्स क्लियर करने वाले कैंडिडेट्स अब इंटरव्यू राउंड के लिए आगे जाएंगे.

मेन्स पास करने वाले सभी कैंडिडेट्स को अब इंटरव्यू राउंड से गुजरना होगा. ये सभी अभ्यर्थी 13 दिसंबर से लेकर 19 दिसंबर तक एक डिटेल्ड एप्लीकेशन फॉर्म (डीएएफ) भरेंगे. इसी के आधार पर उनका यूपीएससी, दिल्ली में इंटरव्यू होगा. यूपीएससी जल्द ही आधिकारिक वेबसाइट पर इंटरव्यू की तारीखें घोषित करेगा. एससी, एसटी, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस, पीडब्ल्यूबीडी और एक्स-सर्विसमैन आदि के तहत रिजर्वेशन का फायदा चाहने वाले कैंडिडेट्स को प्री एग्जाम के लिए अप्लाई करने की लास्ट डेट यानी 06.03.2024 तक जारी किए गए मूल प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करने होंगे. आयोग द्वारा जारी नोटिस में यह भी कहा गया है कि जो कैंडिडेट्स अपने ई-समन पत्र डाउनलोड नहीं कर पा रहे हैं, उन्हें तुरंत लेटर के जरिए या फोन नंबर 011-23385271, 011-23381125, 011-23098543 या फैक्स नंबर 011-23387310, 011-23384472 या ईमेल (csm-upsc@nic.in) पर आयोग के ऑफिस से संपर्क करना चाहिए.

## सीरिया में असद शासन खत्म होते ही अमेरिका का एक्शन शुरू

- बी-52 बॉम्बर से मचाई तबाही, 75 एयर स्ट्राइक

**नई दिल्ली।** संयुक्त राज्य अमेरिका ने सीरिया में दर्जनों एयर स्ट्राइक किए हैं. सीरिया में अमेरिका ने उसी दिन भयंकर हवाई हमला किया जिस दिन इस्लामिक विद्रोहियों ने बशर अल-असद के शासन का तख्तापलट कर राजधानी दमिश्क को अपने कब्जे में ले लिया. रविवार (8 दिसंबर) को बशर अल-असद ने अपने परिवार के साथ देश छोड़ दिया और भागकर रूस की राजधानी मॉस्को पहुंच गए. दमिश्क पर विद्रोहियों का कब्जा होने के बाद सीरिया से पांच दशक से चला आ रहा असद परिवार का शासन



खत्म हो गया. इस घटना के बाद अमेरिकी सेना ने बयान जारी कर कहा कि उसने मध्य सीरिया में 75 एयर स्ट्राइक किए हैं. अमेरिकी सेना ने अपने भयंकर एयर स्ट्राइक में आतंकवादी ग्रुप आईएसआईएस के ठिकानों को अपना निशाना बनाया है. सीरिया में आईएसआईएस का गढ़ हुआ करता था. बता दें कि सीरिया में मुख्य विद्रोही ग्रुप हयात तहरीर अल-शाम के चीफ अबू मोहम्मद अल-जोलनी भी आईएसआईएस से जुड़ा था.

## धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जा सकता : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार (9 दिसंबर, 2024) को कहा कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जा सकता. सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह बात कही जिसमें पश्चिम बंगाल में 2010 से कई जातियों को दिया गया ओबीसी का दर्जा रद्द कर दिया गया था. हाईकोर्ट के 22 मई के फैसले को चुनौती देने वाली पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका सहित सभी याचिकाएं जस्टिस भूषण रामाकृष्ण गवई और जस्टिस के वी विश्वनाथन की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आईं.

# पश्चिम बंगाल में हुआ बम ब्लास्ट, तीन लोगों की मौत

- एक घर में बनाया जा रहा था बम

संवाददाता। कोलकाता

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में बम ब्लास्ट की घटना घटी है. इस घटना में 3 लोगों के मारे जाने की खबर है. पुलिस मौके पर पहुंच गई है और जांच में जुटी हुई है. पुलिस के मुताबिक, एक घर में अवैध तरीके से देसी बम बनाया जा रहा था. उसी समय किसी बम में विस्फोट हो गया और 3 लोगों की जान चली गई है. मिली जानकारी के मुताबिक, जिले के खैरतला निवासी मामून मुल्ला के घर



पर रविवार की देर रात अवैध बम बनाने का काम चल रहा था. इसी दौरान अचानक किसी बम में विस्फोट हो गया. इस दौरान तीन लोगों की मौत हो गई. मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है. वही, कहा जा रहा कि पुलिस ने कई बन बनाने का सामान भी बरामद किया है. मृतकों के नाम मामुन मुल्ला, साकिरुल सरकार और मुस्तकिन शेख हैं. इनमें मुस्तकिन सिख का घर महताब कॉलोनी इलाके में है.

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद

### अगली सुनवाई जनवरी में

**नई दिल्ली।** मथुरा श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट की एकल पीठ के फैसले के खिलाफ मुस्लिम पक्ष के सीधे सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दाखिल करने पर मंदिर पक्ष के एक पक्षकार ने सोमवार को आपत्ति उठाई. कहा कि एकल पीठ के फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट की ही खंडपीठ में अपील दाखिल करनी चाहिए थी. मंदिर पक्ष की ओर से बहस अभी जारी है और अब मामले में अगली सुनवाई सर्दी की छुट्टियों के बाद जनवरी में होगी. मुस्लिम पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दाखिल कर इलाहाबाद हाई कोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी है.

**जवाब** जॉर्ज सोरोस, बैंक ऑफ इंग्लैंड को बर्बाद करने वाला या मोदी आलोचक

# पलक झपकते ही अमीर बन गए थे जॉर्ज सोरोस

**पैसे के दम पर बैकडोर से करते हैं पॉलिटिक्स**

**नई दिल्ली ।** अडानी रिश्वतकांड मामले में बीजेपी पर हमलावर कांग्रेस को फिलहाल झारखंड के गोड्डा से सांसद भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने बैकफुट पर ला दिया है. उन्होंने आरोप लगाया है कि राहुल गांधी, सोनिया गांधी और उनकी पार्टी के कुछ अन्य नेताओं के जॉर्ज सोरोस से संबंध हैं, जबकि सोरोस की ओर से फंडेड एक संगठन लगातार भारत के खिलाफ साजिश रचता है. इस आरोप के बाद सोमवार को जब संसद की कार्यवाही शुरू हुई तो वहां भी यह मुद्दा छाया रहा. सत्तारूढ़ एनडीए ने सोरोस से कांग्रेस नेताओं के संबंध पर चर्चा कराने की मांग को लेकर दोनों सदनों में जमकर हंगामा किया. इन सब



हलचल के बीच अब अधिकतर लोगों के मन में यही सवाल उठ रहा है कि आखिर कौन है जॉर्ज सोरोस, जिन्होंने दिसंबर के महीने में देश में सियासी गर्मी ला दी है. जॉर्ज सोरोस का जन्म 12 अगस्त, 1930 को हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में हुआ था. यहूदी परिवार में जन्मे सोरोस महज 17 साल की उम्र में परिवार के साथ लंदन आ गए. फोर्ब्स की रिपोर्ट के मुताबिक सोरोस के पिता एक वकील थे और नाज़ी कब्जे के दौरान उन्होंने अपने परिवार की पहचान छिपाने के लिए अधिकारियों को रिश्वत देकर नकली दस्तावेज तैयार करवाए थे.

### अमेरिका-ब्रिटेन में भी लगे गंभीर आरोप

94 साल के सोरोस पर अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जॉर्ज बुश को हराने के लिए 125 करोड़ रुपए खर्च करने का आरोप है. वह अमेरिका में डेमोक्रेटिक पार्टी के सबसे बड़े डोनर्स में से एक रहे हैं, लेकिन साल 2022 में उन्होंने एक बड़ा दांव खेला और मिडटर्म चुनावों में रिपब्लिकन पार्टी का समर्थन करने वाली संस्था पीएसी को करीब 125 मिलियन डॉलर दिए. साल 1992 में बैंक ऑफ इंग्लैंड को तबाह करने में उनका हाथ बताया जाता है. सोरोस पर आरोप है कि इस दौरान ब्रिटेन के करेंसी संकट ब्लैक वेन्जडे के दौरान उन्होंने ब्रिटिश मुद्रा की शॉर्ट सेलिंग कर करीब एक बिलियन डॉलर का मुनाफा कमाया था.

### मोदी पर तानाशाही व्यवस्था चलाने का आरोप

समाजसेवा की आड़ में जॉर्ज सोरोस कई देशों की राजनीति को प्रभावित करने की कोशिश करते रहे हैं. सोरोस ने कई मौकों पर भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना की है. उन्होंने मोदी सरकार पर तानाशाही व्यवस्था चलाने का आरोप लगाया था. सोरोस जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाने और सीएए का कड़ा विरोध जता चुके हैं.

### कूली से अरबपति निवेशक तक का सफर

सोरोस का बचपन गरीबी और तंगहाली में बीता, उन्होंने लंदन में कुली और वेटर के तौर पर काम कर पैसे जुटाए और लंदन स्कूल ऑफ इकनॉमिक्स से स्नातक की पढ़ाई की. 26 साल की उम्र में जॉर्ज सोरोस अमेरिका शिफ्ट हो गए. न्यूयॉर्क में सोरोस ने फाइनेंस और इन्वेस्टमेंट से जुड़े कई फर्म्स में काम किया लेकिन वह जल्द समझ गए कि पैसे कमाने के लिए नौकरी काफी नहीं है. 1973 में जॉर्ज सोरोस ने शेयर बाजार में निवेश के लिए सोरोस फंड मैनेजमेंट के नाम से एक कंपनी बनाई.

# धनखड़ के खिलाफ विपक्ष ला सकता है अविश्वास प्रस्ताव

**नई दिल्ली ।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ विपक्ष में शुरू हुई अविश्वास प्रस्ताव लाने को लेकर चर्चा हो रही है. विपक्ष का आरोप है की राज्यसभा के अध्यक्ष नियमों से परे जाकर सत्ता पक्ष को जॉर्ज सोरोस मसले पर विपक्ष को घेरने का मौका दे रहे हैं, जबकि विपक्षी सांसद जब अपनी बात रखने की कोशिश कर रहे हैं तो उनको मौका नहीं मिल रहा.

संसद के दोनों सदनों में पिछले 12 दिनों से लगातार गतिरोध बना हुआ है. विपक्ष जहां अडानी के मुद्दे पर सरकार को घेरने की कोशिश कर रहा है तो वहीं सत्ता पक्ष विपक्ष पर संसद की कार्रवाई नहीं चलने का आरोप लगाते हुए हमलावर है. पिछले कुछ दिनों से चले आ रहे इस गतिरोध के



बीच सोमवार 9 दिसंबर को जब राज्यसभा की कार्रवाई शुरू हुई तो सत्ता पक्ष से जुड़े हुए सांसदों ने राहुल गांधी और सोनिया गांधी का नाम लेते हुए जॉर्ज सोरोस के साथ उनके रिश्तों और आर्थिक तौर पर मदद लेने के आरोप लगाए. सत्ता पक्ष के सांसदों द्वारा लगाए गए इन आरोपों पर विपक्ष के सांसदों ने आपत्ति जताते हुए अध्यक्ष पर सत्ता पक्ष के सांसदों का पक्ष लेने का आरोप लगा दिया.

## ब्रीफ खबरें

### पूर्व डीसी छवि रंजन की जमानत पर फैसला 12 को

**रांची।** सेना के कब्जे वाली जमीन की फर्जी दस्तावेजों के सहारे खरीद-बिक्री से जुड़े मामले में आरोपित रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की जमानत पर पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार की अदालत में सोमवार को सुनवाई हुई. सुनवाई के बाद अदालत ने मामले में फैसले की तिथि 12 दिसंबर को निर्धारित की है. ईडी ने इस संबंध में कांड संख्या 01/2023 दर्ज किया है. जमीन घोटाले की अब तक की जांच में अमित अग्रवाल, दिलीप घोष, रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, कथित रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान व मोहम्मद सद्दाम को गिरफ्तार कर चुकी है. सभी आरोपित फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं.

### हाईकोर्ट से सांसद निशिकांत दुबे को राहत बरकरार

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ 9 जनवरी तक पीड़क कार्रवाई पर रोक का आदेश दिया है. उस दिन अदालत इस मामले में अंतिम सुनवाई करेगा. यह मामला देवघर स्थित परित्राण मेडिकल ट्रस्ट की सम्पति बाबा बैद्यनाथ मेडिकल ट्रस्ट द्वारा खरीदे जाने से जुड़ा हुआ है. जिसमें उनके ऊपर शिवदत्त शर्मा की ओर से निशिकांत दुबे के खिलाफ जालसाजी का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करवाई है. जिसे रद्द करने के लिए सांसद निशिकांत दुबे ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है. इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट में दोनों मामलों की सुनवाई हुई. निशिकांत दुबे की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव, पार्थ जालान और शिवानी जालूका ने बहस की.

### कॉलेज-स्कूल की 100 मी. की परिधि में साइलेंस जोन घोषित : एसडीओ

**रांची।** रांची के सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने सोमवार को कहा कि उच्च न्यायालय के आदेशानुसार स्कूल और कॉलेज के 100 मीटर की परिधि में भी साइलेंस जोन घोषित किया गया है. ध्वनि प्रदूषण की शिकायत टोल फ्री नंबर 112 या थाना में करने वाले शिकायतकर्ता की पहचान पूर्णतया गोपनीय रखी जायेगी. उन्होंने कहा कि रात 10 बजे से सुबह 06 बजे तक किसी प्रकार का ध्वनि प्रदूषण नहीं करना है और किसी प्रकार का लाउडस्पीकर, ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग नहीं करना है.


### ठगी करने वाले तीन दोषियों को हाईकोर्ट ने दी सशर्त बेल

**रांची।** बैंक अधिकारी बनकर करोड़ो रुपए की ठगी करने वाले साइबर अपराधियों गणेश मंडल, संतोष मंड और अंकुश कुमार मंडल को हाईकोर्ट ने सशर्त जमानत की सुविधा प्रदान की है. कोर्ट ने यह शर्त रखी है कि तीनों के बेलर उनके गांव के ही होने चाहिए और उनकी अचल संपति के दस्तावेज बेल बॉण्ड के रूप में दिए जाएंगे. वहीं दोषियों को बेल के दौरान हर महीने थाना में हाजिरी भी लगानी होगी. तीनों को रांची PMLA (प्रीवेन्शन ऑफ़ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट ने 27 जुलाई को पांच साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है. इसके साथ ही अदालत ने दोषियों पर 2.50 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है. हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट में दोषियों की बेल पर सुनवाई हुई.

### आज भी छाये रहेंगे बादल, अधिकतम तापमान 25 तो न्यूनतम तापमान 12 डिग्री के आसपास

# झारखंड में बदला मौसम का मिजाज, कई जगह बारिश

- विभाग ने गढ़वा, लातेहार, पलामू और चतरा में वज्रपात होने की संभावना जताई




संवाददाता। रांची

झारखंड में सोमवार को मौसम का मिजाज बदल गया है. साइक्लोनिक सर्कुलेशन की वजह रांची सहित प्रदेश भर के कई इलाकों में हल्की बारिश हुई है. वहीं, कई इलाकों में बारिश की संभावना है. रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया कि सोमवार को उत्तर-पश्चिमी झारखंड को छोड़कर प्रदेश के बाकी हिस्सों में बारिश के आसार हैं. विभाग ने गढ़वा, लातेहार, पलामू और चतरा में वज्रपात होने की संभावना जतायी है. इसको लेकर येलो अलर्ट भी जारी किया है. मौसम विभाग के अनुसार, मंगलवार को भी अधिकतर समय बादल छाये हुए रहेंगे. इस दौरान अधिकतम तापमान 25 डिग्री तो न्यूनतम तापमान 12 डिग्री के आसपास होगा. सुबह-सुबह हल्का कोहरा रहेगा. हालांकि, मौसम विभाग ने कहा है कि 11 दिसंबर को मौसम साफ रहेगा. 10 दिसंबर को रांची सहित झारखंड के सभी जिलों में कड़ाके की ठंड पड़ने वाली है. बंगाल की खाड़ी में बने पश्चिमी विक्षोभ की वजह से एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन तैयार हुआ है. इसके असर से राजधानी रांची सहित कई जिलों में झमाझम बारिश हुई. अब तापमान गिरेगा और कड़ाके की ठंड पड़ेगी. इस संबंध में रांची मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने सोमवार को बताया कि मौसम में हो रहे बदलाव की वजह से ठंड में बढ़ोतरी होगी. मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक रविवार देर रात से लेकर सोमवार तक झारखंड के कई जिलों में बारिश हुई. गढ़वा जिले में रात में हल्की बारिश हुई. पलामू में अहले सुबह करीब तीन बजे से हल्की बारिश शुरू हुई, जो सुबह 5:15 बजे तक होती रही. गुमला में सुबह सात बजे से साढ़े सात बजे तक बारिश हुई. बारिश रुकने के बाद चारों तरफ जलजमाव हो गया. आसमान में अभी भी बादल छाए हैं. सुबह-सुबह हुई बारिश की वजह से विद्यार्थियों को स्कूल जाने में काफी परेशानी हुई. खासकर ग्रामीण इलाकों के बच्चों को, जो कच्ची सड़क से जाते हैं. लगातार हो रही बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है.

# किसी भी परिस्थिति में कार्य में शिथिलता बर्दाश्त नहीं : दीपक

- विभागीय पदाधिकारियों को राजस्व संग्रहण बढ़ाने का दिया निर्देश



संवाददाता। रांची

राजस्व, भूमि सुधार एवं परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ विधानसभा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद सोमवार को एक्शन मोड में नजर आए. उन्होंने विभागीय मंत्री के तौर पर पद ग्रहण करने के बाद अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिए. बिरुआ ने पदभार ग्रहण करने के बाद सबसे पहले भू-राजस्व और परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ कार्यों की समीक्षा की. उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में कार्य में शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी. मंत्री ने विभागीय पदाधिकारियों को राजस्व संग्रहण बढ़ाने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि दिसंबर के बाद भू-राजस्व के संदर्भ में सभी प्रमंडलीय आयुक्तों के साथ बैठक आयोजित करें. तत्पश्चात जिला स्तर में कार्यों की समीक्षा की जाएगी. उन्होंने परिवहन सचिव और भू-राजस्व विभाग के सचिव को इसके लिए स्पष्ट निर्देश दिया.

### शपथ के बाद मंत्रियों और विधायकों में दिखा जबरदस्त उत्साह

# सभी ने कही झारखंड के विकास की बात

- सरकार हर वर्ग को ध्यान में रखकर काम करेगी
- विपक्ष ने कहा कि जनता के मुद्दों को मजबूती के साथ सरकार के समक्ष रखा जाएगा
- स्वास्थ्य के क्षेत्र में व्यापक बदलाव दिखेगा : इरफान



संवाददाता। रांची

विधानसभा में शपथ लेने के बाद मंत्रियों और विधायकों में जबरदस्त उत्साह दिखा. सत्ता पक्ष सहित विपक्ष के विधायकों ने झारखंड के विकास की बात कही. सत्ता पक्ष के विधायकों ने कहा कि सरकार हर वर्ग को ध्यान में रखकर काम करेगी. विपक्ष ने कहा कि जनता के मुद्दों को मजबूती के साथ सरकार के समक्ष रखा जाएगा. स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में व्यापक बदलाव दिखेगा. राज्य का तेजी से विकास होगा. जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का काम होगा. शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा. उन्होंने प्राथमिक शिक्षा के सुधार में जोर दिया. कैबिनेट मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि राज्य की जनता ने जो हेमंत सोरेन के प्रति जो विश्वास जताया है, उसे सरकार पूरा करने का काम करेगी.

**जल्द होंगे नगर निकाय चुनाव :** कैबिनेट मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद बहुत जल्द नगर निकाय चुनाव होंगे. अपने विजन का इस्तेमाल कर जनता को सभी योजनाओं का लाभ दिलाने की कोशिश होगी. झारखंड को राष्ट्रीय स्तर के अच्छे पायदान पर पहुंचाने की कोशिश होगी.

#### जमशेदपुर पूर्वी का विकास मेरी प्राथमिकता

भाजपा विधायक पूर्णिमा साहू ने कहा कि जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा का विकास मेरी प्राथमिकता है. इस क्षेत्र की बुनियादी समस्याओं के समाधान की दिशा में पूर्व सीएम रघुवर दास के कार्यों को आगे बढ़ाएंगे. वहीं कांग्रेस विधायक ममता देवी ने कहा कि जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास होगा. जयराम महतो ने कहा कि जनता के मुद्दों को सदन में उठाने का काम करेंगे.

# अवैध माइनिंग के खिलाफ अभियान चलाने का निर्देश

### बाहरी व्यक्तियों का कार्यालय में जमावड़ा ना हो : डीसी



संवाददाता। रांची

उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने आज रांची जिले में लोगों की शिकायतों के तत्काल समाधान के लिए जारी व्हाट्सएप नंबर 9430328080 पर प्राप्त शिकायतों और उनके निष्पादन की समीक्षा की. समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में सभी जिलास्तरीय पदाधिकारी, जिला के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी/अंचल अधिकारी एवं अन्य संबंधित विभागीय पदाधिकारी उपस्थित थे.

**प्राप्त शिकायतों की विभागावार समीक्षा :** उपायुक्त द्वारा आमजनों की शिकायतों के तत्काल समाधान हेतु जारी व्हाट्सएप नंबर 9430328080 पर प्राप्त शिकायतों की विभागावार समीक्षा की गई. संबंधित विभाग के पदाधिकारी से शिकायत के निष्पादन के लिए की गई कार्रवाई की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिए.

#### आधे से ज्यादा शिकायतों का निष्पादन

व्हाट्सएप नंबर 9430328080 पर झारखंड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना से संबंधित 80 शिकायत प्राप्त हुए. इनमें 42 का निष्पादन कर दिया गया. शेष 38 के निष्पादन के लिए अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है. उपायुक्त ने कहा कि व्हाट्सएप नंबर का प्रचार-प्रसार पंचायत स्तर तक करें, ताकि सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के लोग अपनी शिकायत जिला प्रशासन तक पहुंचा सकें.

#### अबुआ आवास योजना पर फोकस करें

अबुआ आवास योजना से संबंधित प्राप्त शिकायतों के निष्पादन की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी बीडीओ को योजना अंतर्गत आवास की पूर्णता पर फोकस करने का निर्देश दिया. उन्होंने इस संबंध में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को प्रतिवेदन उपलब्ध कराने को कहा है. श्री भजन्त्री ने कहा कि अच्छी संख्या में योजना अंतर्गत आवास पूर्ण होने पर लाभुकों का सामूहिक गृह प्रवेश कराया जाएगा.

#### अवैध माइनिंग की शिकायत की जानकारी ली

समीक्षा के दौरान उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा माइनिंग के संबंध में प्राप्त शिकायतों की भी जानकारी जिला खनन पदाधिकारी से ली गई. जिला खनन पदाधिकारी को निर्देश देते हुए उपायुक्त ने कहा कोई भी मामला अवैध हो तो नियमसंगत कार्रवाई करें. उन्होंने अवैध खनन के खिलाफ अभियान चलाने का निर्देश दिया.

#### जनता से सीधे जुड़े पदाधिकारी : उपायुक्त

उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री द्वारा सभी पदाधिकारियों को जनता से सीधे जुड़ने का निर्देश दिया गया है. प्रखंड एवं अंचल स्तर पर उन्होंने संबंधित बीडीओ/सीओ को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी कर्मी ससमय कार्यालय में उपस्थित रहें. बाहरी व्यक्तियों का कार्यालय में जमावड़ा ना हो, यह हर हाल में सुनिश्चित करें.

# अवैध रेलवे ई-टिकट बेचने के मामले में एक गिरफ्तार



संवाददाता। रांची

रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने ऑपरेशन उपलब्ध के तहत रेलवे ई-टिकट के अवैध व्यवसाय पर कार्रवाई की है. आरपीएफ के उपनिरीक्षक सूरज पांडे ने सोमवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर आरपीएफ ने पुंदाग ओपी पुलिस की सहायता से पुंदाग रोड के छोटी मस्जिद के समीप वसीर कॉम्प्लेक्स स्थित अरिशा कंप्यूटर सेवा नामक किराए की दुकान पर छापेमारी की. छापेमारी के दौरान दुकान की जांच करने पर 15 पास किये गए ई-टिकट बरामद किए गए, जो दो पर्सनल यूजर आईडी से बनाए गए थे. इन टिकटों की कुल कीमत 43 हजार 822 थी. पूछताछ में आरोपित ने स्वीकार किया कि वह व्यक्तिगत लाभ के लिए इन आईडी का उपयोग कर रेलवे ई-टिकट बना रहा था और प्रत्येक टिकट पर यात्रियों से वास्तविक किराए के अतिरिक्त 50 रुपये लेता था. आरोपित दुकानदार जावेद अख्तर को रेलवे एक्ट की धारा 179(2) के तहत गिरफ्तार किया गया और धारा 143 के तहत मामला दर्ज किया गया.

# मुख्यमंत्री हेमंत ने मंत्रियों के लिए बने स्मार्ट सिटी का किया निरीक्षण

संवाददाता। रांची

सीएम हेमंत सोरेन ने सोमवार को स्मार्ट सिटी में मंत्रियों के लिए बने नवनिर्मित आवास का निरीक्षण किया. सीएम ने अफसरों को 15 जनवरी 2025 तक आवास से जुड़े सभी कार्य को पूरा करने का निर्देश दिया. बताते चलें कि स्मार्ट सिटी में मंत्रियों के लिए 11 आवास बनाए गए हैं.

**वास्तु के हिसाब से तैयार किया गया है बंग्लो :** मंत्रियों के बंग्लो का निर्माण पूरी तरह से वास्तु के हिसाब से किया गया है. सभी बंग्लो का मुख्य द्वार वास्तु के हिसाब से पूरब की ओर रखा गया है. दरवाजा-खिड़की भी वास्तु के हिसाब से फिट किए गए हैं.

**मंत्रियों के तंदुरूस्ती का भी रखा गया है ख्याल :** बंग्ले में मंत्रियों की तंदुरूस्ती का भी ख्याल रखा गया है. इसमें स्विमिंग पुल, जिम, प्ले जोन,



बॉलीबॉल, बैडमिंटन कोर्ट भी बनाए गए हैं. पूरे एरिया को हरा-भरा बनाया गया है. इसमें क्लब हाउस की भी सुविधा उपलब्ध कराई गई है.

**ये रहे मौजूद :** आवास के निरीक्षण के दौरान गांडेय विधायक कल्पना सोरेन, सीएम के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, नगर विकास के प्रधान सचिव सुनील कुमार, भवन निर्माण सचिव अरवा राजकमल, स्मार्ट सिटी के सीइओ अमित कुमार सहित अन्य अफसर मौजूद थे.

# बाबूलाल ने झारखंड सरकार पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

संवाददाता। रांची



बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर निशाना साधा है. कहा है कि झारखंड में शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास जैसे महत्वपूर्ण विभाग, जिनसे राज्य की नींव मजबूत होनी चाहिए, अब भ्रष्टाचार की बुनियाद पर खड़े होकर भ्रष्टाचार का गढ़ बन गए हैं. उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि सिर्फ 2024 में अब तक 39 अधिकारियों को एसीबी ने रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा है, वहीं ईडी ने 2024 में 39.28 करोड़ रुपये नकद जब्त किए, जो 2022 के आंकड़े से लगभग दोगुना है. यह स्थिति सरकार और प्रशासन की नाकामी को उजागर करती है, बार-बार रिश्वत में पकड़े जाने वाले कर्मचारियों पर कोई सख्त कार्रवाई नहीं करना दर्शाता है कि भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की सरकार की मंशा ही नहीं है. यह कितना शर्मनाक है कि जिन विभागों का कार्य आम जनता को राहत देना है, वे जनता की गाढ़ी कमाई को लूटने में लगे हैं. सरकार की लचर नीतियां और कमजोर व्यवस्था ने भ्रष्टाचारियों को खुली छूट दे रखी है, ऐसे में झारखंड का विकास एक सपना बनकर रह गया है.

### विभिन्न जिलों से आये कलाकारों ने प्रस्तुत किया संगीत, 108 कलाकारों ने हिस्सा लिया

# आर्यभट्ट ऑडिटोरियम में शंख ध्वनि, वेदपाठ कार्यक्रम



संवाददाता। रांची

अर्चा साहित्य कला अकादमी के तत्वावधान में रविवार को रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट ऑडिटोरियम में शंख ध्वनि, वेदपाठ कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ की गयी. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्य मंत्री संजय सेठ, रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा, प्रोफेसर डॉ अमिताभ मुखर्जी, पूर्व सीएमडी एचईसी अभिजीत घोष, पूर्व अध्यक्ष एफजे सीसीआई कुणाल आजमानी, बंगाली युवा मंच चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष सिद्धार्थ घोष व प्रवीर लाहिड़ी शामिल हुए.

**अकादमी की चेयरपर्सन डॉ पुष्पा सेन ने स्वागत भाषण दिया :** अर्चा साहित्य कला अकादमी की चेयरपर्सन डॉ पुष्पा सेन ने स्वागत भाषण दिया. कहा कि यह संगठन दस साल से चल रहा है. इसमें संगोष्ठी, सेमिनार, संगीत, नृत्य, नाटक चित्रांकन, काव्य पाठ, समाज सेवा कार्यक्रम निरंतर चलता रहता है. यह संगठन विभिन्न भाषाओं के साथ कार्य करता है. कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से आये कलाकारों ने संगीत प्रस्तुत किया. इसमें 108 कलाकारों ने हिस्सा लिया. सभी ने एक साथ मिलकर एक मंच पर एक ही समय में 15 रवींद्र संगीत प्रस्तुत किये. इसमें महिला और पुरुष दोनों कलाकार शामिल थेय कार्यक्रम में गीत-संगीत की एक पुस्तक का विमोचन किया गया, जिसमें15 गीत लिखे हुए है.

#### सात मेंटरों ने छह माह में 15 गीत सिखाये

कार्यक्रम में एक साथ एक लय में 108 रविंद्र गान गाया गया. इस गीतों को सात मेंटरों ने छह माह में सिखाया था. इनमें लिली मुखर्जी, अपराजिता भट्टाचार्य, कुमकुम बनर्जी, पम्पा सेन विश्वास,परोमिता चौधरी, अपरूपा चौधरी, रूमकी दास शामिल हैं. सभी कलाकारो को अंग वस्त्र, सर्टिफिकेट और मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया.

### चान्हो में जमीन विवाद के लेकर हिंसक झड़प

**रांची।** जिले के चान्हो में जमीन विवाद के लेकर हुए हिंसक झड़प में थाना प्रभारी घायल हो गये. यह घटना बिजुपाड़ा-खलारी रोड स्थित सिटी मोड़ के पास हुई है. पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. गौरतलब है कि पांच दिसंबर को सिटी गांव के बसंत टाना भगत द्वारा जमीन पर चहारदीवारी का निर्माण कार्य कराया जा रहा था. इस पर चोरेया मोड़ निवासी कर्मवीर सिंह ने आपत्ति जताई. इसी बात को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि कर्मवीर सिंह के साथ मारपीट की गयी और उसे घायल कर दिया गया. सात दिसंबर की शाम को पिपराटोली के पप्पू शाही और उसके साथियों ने कथित तौर पर बसंत भगत के साथ मारपीट की. इसके बाद मामला और गंभीर हो गया. विवाद ने हिंसक रूप ले लिया जब एक पक्ष के लोग गोलबंद हो गये और पिपराटोली जाकर पप्पू शाही के मकान में तोड़फोड़ की.

# बार-बार झारखंड से जुड़ रहे हाई प्रोफाइल लोगों को धमकी देने का कनेक्शन



संवाददाता। रांची

हाई प्रोफाइल लोगों को धमकी देने का कनेक्शन बार-बार झारखंड से जुड़ रहा है. हाल के कुछ महीने में देश के प्रधानमंत्री से लेकर बड़े अभिनेता तक को धमकी दी गयी. इन सभी के पीछे झारखंड कनेक्शन सामने आया है. पुलिस की जांच में पता चला है कि लोगों ने दूसरे को फंसाने के लिए भी धमकी देने की साजिश रची.

#### धनबाद से दी गयी थी पीएम को धमकी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जान से मारने की धमकी देने वाले वासेपुर के न्यू मटकुरिया के फजलुल हक रोड निवासी मिर्जा नदीम बेग के घर पर धनबाद बैंक मोड़ पुलिस ने आठ दिसंबर को तलाशी ली थी. तलाशी में कुछ भी आपत्तिजनक सामान पुलिस को नहीं मिला था. बैंक मोड़ थानेदार लव कुमार ने नदीम के पिता आरिफ बेग और उसके भाई मासूम रजा को थाना बुलाकर घंटों पूछताछ की. वहीं नदीम से पूछताछ में पता चला कि उसने अपने मालिक को फंसाने के लिए पीएम मोदी को धमकी दी थी.

#### जमशेदपुर से मिली थी सलमान खान को धमकी

बॉलीवुड एक्टर सलमान खान को धमकी भरे मैसेज भेजने के मामले की जांच कर रही मुंबई पुलिस ने जमशेदपुर से एक व्यक्ति को 24 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था. आरोपी की पहचान जमशेदपुर के सब्जी विक्रेता शेख हुसैन (24 वर्षीय) के रूप में हुई थी.

#### रांची से दी गयी थी राज्यमंत्री संजय सेठ को धमकी

रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ को जान से मारने की धमकी देने के मामले में भी दिल्ली पुलिस ने रांची पुलिस के सहयोग से एक आरोपी को गिरफ्तार किया. मामले की जांच के दौरान खुलासा हुआ है कि कांके थाना क्षेत्र में रहने वाले मिनाजुल नाम के व्यक्ति ने अपनी बेटी के बॉयफ्रेंड मोईज को फंसाने के लिए उसके नाम से इश्यू सिमकार्ड से संजय सेठ के मोबाइल पर धमकी दी थी. इस मामले में पुलिस ने मिनाजुल को गिरफ्तार किया था.

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in

रांची, मंगलवार, 10 दिसंबर 2024 ● मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष 10 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ● वर्ष : 2, अंक : 239

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

आप ने 14 मौजूदा विधायकों का टिकट काटा



## ब्रीफ खबरें

### सीएम ने सोनिया को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सह राज्यसभा सदस्य सोनिया गांधी को जन्मदिवस पर बधाई और शुभकामनाएं दी है. मुख्यमंत्री ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट शेयर कर कहा कि कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य सोनिया गांधी को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं और जोहार. मरांग बुरु आपको सदैव उत्तम स्वास्थ्य और सुदीर्घ जीवन प्रदान करें, यही कामना करता हूं.

### एपीआर जमा करने का अंतिम मौका

**रांची।** तय समय पर झारखंड पुलिस सेवा के पदाधिकारियों ने एनुअल परफॉरमेंस रिर्पोट (एपीआर) जमा नहीं किया. इसको लेकर एक बार फिर गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने ऑनलाइन एपीआर जमा करने का समय दिया है. गौरतलब है,कि मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली (HRMS) अंतर्गत झारखंड पुलिस सेवा केंद्र अधिकारी के लिए एपीआर का ऑनलाइन अभिलेखन वित्तीय वर्ष 2023-24 से प्रारंभ है. इस दौरान यह बात संज्ञान में आई कि झारखंड पुलिस सेवा के अधिकारी ऑनलाइन एपीआर भरने की निर्धारित तिथि 15 सितंबर तक एपीआर का भाग एक और दो समर्पित नहीं कर सके.

### मुख्यमंत्री ने स्टीफन मरांडी का किया अभिवादन

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने षष्ठम् विधानसभा के प्रथम सत्र प्रारम्भ होने से पूर्व सोमवार को झारखंड विधानसभा स्थित स्पीकर कक्ष में प्रोटेम स्पीकर प्रो. स्टीफन मरांडी का अभिवादन किया. दूसरी ओर, झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर, मंत्री दीपक बिरुवा, मंत्री योगेंद्र प्रसाद, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मंत्रिमंडल समन्वय सचिवालय विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल और डीजीपी अनुराग गुप्ता ने स्वागत किया.

### क्लैट में रांची की संस्कृति को 34वां रैंक

**रांची ।** कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (क्लैट) का रिजल्ट जारी कर दिया गया है. इस परीक्षा में रांची के बच्चों ने अपना परचम लहराया है. रांची की रहने वाली संस्कृति पाठक ने क्लैट में 34 वां रैंक प्राप्त किया है. उसे कुल 97.5 अंक मिले हैं. रांची के ही प्रभव सानू को 183 वां रैंक हासिल हुआ है. सुनीत सनुराग ने 53वां रैंक लाया है. बता दें कि क्लैट की परीक्षा 1 दिसंबर 2024 को हुई थी. इस परीक्षा के माध्यम से देश भर के 27 नेशनल लॉ स्कूल में एडमिशन होता है. इस साल लॉ में अपना करियर बनाने की चाह रखने वाले करीब 1 लाख अभ्यर्थियों ने क्लैट परीक्षा का फॉर्म भरा था.

---

**बालू पर बवाल**

# जनप्रतिनिधि ने बेचा आंदोलन, 5 हाइवा प्रतिदिन फ्री का मिला लाभ

## ग्रामीण गए थे अपनी फरियाद लेकर, जनप्रतिनिधि ने बढ़ा ली खुद की कमाई

- रंगदारों से तय करवा लिया कि उनके खाते के पांच हाइवा अब फ्री में होंगे लोड
- एक और जनप्रतिनिधि के सौदे की बात चर्चे में, लाखों रुपये प्रतिमाह मिलने की बात

**संवाददाता। धनबाद**

बेजरा बालू घाट में बालू उठाव को लेकर मचे बवाल के बाद अब ग्रामीणों की जिद ठंडे बस्ते में जा रही है. इस आंदोलन में जिले के तीन प्रतिनिधियों से ग्रामीणों ने गुहार लगाई थी. इनमें एक ने इस आंदोलन को पांच हाइवा की फ्री लोडिंग के सौदे पर बेच डाला है.
दूसरे जनप्रतिनिधि ने 13 दिसंबर को ग्रामीणों के साथ बैठक करने की बात कही है. ग्रामीण उस बैठक का इंतजार कर रहे हैं. जबकि एक जन प्रतिनिधि ने पुलिस वालों को फोन कर अपने दायित्वों की इतिश्री कर ली है. अब एक बार फिर ग्रामीण टकटकी बांधे है कि कोई इनकी तरफ से खड़ा होकर रंगदारों से बचाएगा. इधर रंगदारों द्वारा बालू घाट पर बालू लोडिंग के एवज में प्रति ट्रैक्टर पांच सौ रुपये और प्रति हाइवा छह हजार रुपये की वसूली जारी है.

### धनबाद का होटल बना कार्यालय



धनबाद का एक होटल-रेस्टोरेंट बालू रंगदारों का केंद्र बना हुआ है. इस होटल में बालू घाट से रंगदारी वसूलने की सारी प्लानिंग होती है और यहीं से हर प्लानिंग को अमली जामा पहनाया जाता है. शाम में हर दिन वसूली की सारी राशि बेजरा से लाकर यहीं पहुंचाया जाता है. इस पूरे प्रकरण में सबसे चर्चित चेहरा सुमित ठाकुर अब शाम होते ही इसी होटल में विराजमान रहता है और इसके बाद बालू घाट से रंगदारी वसूली कर सिकंदर और सद्दाम दोनों यहां आते हैं और रंगदारी की रकम सौंपते हैं.

### जनप्रतिनिधि को हर माह 18 लाख का होगा फायदा

जिस जनप्रतिनिधि के बारे में यह बात फैली है कि उन्होंने धमका कर रंगदारों से अपना हिस्सा तय करवा लिया है. उनको इस बालू घाट से अब प्रतिमाह कम से कम 18 लाख का मुनाफा होना तय है. उनके नाम पर इस बालू घाट में पांच हाइवा फ्री में लोड होंगे. अब समझें कि एक हाइवा के बदले छह हजार रुपये की रंगदारी है तो फिर पांच हाइवा के हिसाब से तीस हजार रुपये हुआ. अब एक हाइवा कम से कम दो बार ट्रिप जरूर लगाएगा तो फिर प्रतिदिन साठ हजार रुपये. इस गणित से महीने का सीधे 18 लाख रुपये.

### चर्चे में है बेजरा घाट का विवाद

बेजरा घाट का विवाद पिछले एक पखवारे से काफी चर्चे में है. यहां करीब 200-250 ट्रैक्टर और हाइवा प्रति दिन बालू लोडिंग का काम करते हैं. यहां लोडिंग के काम में रंगदारों की खूब चल रही है. मनमाने तरीके से यहां लोडिंग को पहुंचने वाले हाइवा और ट्रैक्टर वालों से रंगदारी वसूली जा रही है. एक हजार रुपये टैक्टर और सात हजार रुपये हाइवा की मांग रखी गई. इसी के खिलाफ ग्रामीणों ने हल्ला बोला था. जब विरोध शुरू हुआ और ग्रामीणों ने इस मामले की शिकायत कई जगहों पर की तो रंगदार थोड़े ठंडे हुए. बाद में तय हुआ कि ट्रैक्टर वालों को पांच सौ रुपये और हाइवा वालों को छह हजार रुपये लगेगा. रंगदारी की यही रकम फाइनल हो गई और फिर बालू घाट लोडिंग को पहुंचने वालों से उक्त रकम की वसूली की जाने लगी. अभी भी बेखौफ रंगदारी वसूली जा रही है.

### होटल संचालक का गुर्गा है सुमित

बालू घाट से रंगदारी वसूलने वालों में सुमित ठाकुर का नाम सबसे उपर आया है. सूत्रों की मानें तो पूरे गिरोह का मास्टर माइंड कोई होटल संचालक है जो अपने गुर्गों को बालू घाट में तैनात करवा चुका है. उसका कहना है कि उपर तक सेटिंग है, इसी कारण बालू घाट से उठाव करने वालों को रंगदारी देनी होगी. दावा तो ये भी किया जा रहा था कि खनन विभाग के साथ भी सेटिंग हो चुकी है, जबकि खनन विभाग इस बात को नकार रहा है. ग्रामीणों ने सुमित के खिलाफ निरसा विधायक अरूप चटर्जी को एक लिखित शिकायत दी थी, जिसमें कहा गया था कि सुमित ठाकुर वहां लोडिंग करने वालों वाहनों से रंगदारी मांग रहा है और यह रंगदारी धनबाद के बड़े पुलिस पदाधिकारी और जिला प्रशासन के एक बड़े पदाधिकारी के नाम पर मांगी गई है. तब विधायक अरूप ने मामले में कूदते हुए रंगदारों के खिलाफ 13 दिसंबर को ग्रामीणों के साथ बैठक करने की बात कही है. इस बैठक के बाद उन्होंने आगे की रणनीति बनाने की बात कही है. जरूरत पड़ने पर विधानसभा सत्र में इस मामले को उठाने की बात उन्होंने कही है.

---

# सीओ का ऑपरेटर व ड्राइवर ही बना बिचौलिया

## धनबाद सीओ शशिनाथ सिंकर के काले कारनामों की फेहरिस्त लंबी

- सीओ पर तत्काल कार्रवाई नहीं हुई तो राजद नेता दुबारा करेंगे सीएमओ को शिकायत

**संवाददाता। धनबाद**

धनबाद सीओ शशिनाथ सिंकर के कारनामों की फेहरिस्त बहुत लंबी है. राजद नेता हातिम द्वारा मुख्यमंत्री सचिवालय को लिखे गए पत्र में कई अन्य मामलों का भी ज़िक्र किया गया है. राजद नेता ने सीओ के भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की है. हातिम अंसारी ने बताया कि धनबाद अंचलाधिकारी मनमाने तरीके से कार्यालय संचालित कर रहे हैं. हर काम के एवज में बिचौलियों द्वारा पैसे की मांग करते हैं. सीओ के ऑपरेटर एवं ड्राइवर ही बिचौलिए का काम करते हैं. गरीब, बुजुर्ग व महिलाएं, किसी पर भी साहब रहम नहीं करते हैं. सीओ पर तत्काल कार्रवाई नहीं होने पर उनके खिलाफ सभी मामलों की सूची लेकर मुख्यमंत्री सचिवालय में दोबारा शिकायत करेंगे.



### कोई भी लगा सकता है आरोप: सीओ

मुख्यमंत्री सचिवालय को दिए पत्र में की गई शिकायत पर धनबाद सीओ शशिनाथ सिंकर ने कहा कि आरोप कोई भी लगा सकता है. इससे कुछ साबित नहीं होता है. सभी मामलों पर जवाब देने को तैयार हैं. उन्होंने कहा कि फिलहाल दो दिन, मंगलवार एवं बुधवार को वह जिले से बाहर रहेंगे. वापस लौटकर आने के बाद मिलकर हर आरोप का जवाब देंगे.

### पैसे लेकर थोका में किया हेरफेर

मुख्यमंत्री सचिवालय को भेजी गई शिकायत में लिखा गया है कि मौजा-धैया नम्बर 6, खाता नम्बर 92, प्लॉट नम्बर 518 का मामला डीसीएलआर कोर्ट में लंबित है. मामला लंबित होने के बावजूद सीओ ने लगभग तीन लाख रुपए लेकर दो पार्ट में रैयत का नाम कार्यालय के थोका में छूटा हुआ नाम चढ़ा दिया. इसमें काम में भी लेनदेन के लिए गुलरेज का ही इस्तेमाल किया गया. वहीं मौजा-सरायढ़ेला नम्बर 08, भाग सं0-4, पेज संख्या-665 पुष्पा राय का पंजी-2 ऑनलाइन में पूर्व सीओ ने पैसे नहीं देने पर पांच कट्ठा जमीन के बदले तीन कट्ठा चढ़ा दिया गया था. जिसमें सुधार के लिए छह महीने पहले ही आवेदन दिया गया हैं. वर्तमान सीओ पिछले छह महीने से सुधार कार्य को अपने लॉगिन में लटका कर रखे हुए हैं. इसके साथ ही हातिम ने बताया कि वर्तमान सीओ के कार्यकाल में आये वृद्धा पेन्शन, दिव्यांग पेन्शन, विधवा पेन्शन के लगभग दो हजार आवेदन धूल फांक रहे हैं और कई आवेदन को इन्होंने जलवा दिया.

### पुराने डीसी कार्यालय के कमरे में होती है सेटिंग

सूत्रों के अनुसार पुराने डीसी कार्यालय के एक कमरे में जमीन के दलालों एवं बिल्डरों के साथ सेटिंग की जाती है. इसी कमरे में लेनदेन की बात की जाती है. इसी कमरे में झारनेट लगा है. जिसके माध्यम से जमीन के कार्य को निपटाया जाता है. उन्होंने कहा कि कार्यालय का समय खत्म होने के बाद साहब इस कार्यालय में आते हैं. दलालों को यहीं बुलाया जाता है और यहीं से सारी सेटिंग्स की जाती है. अपने कार्यालय में साहब यदा कदा ही नजर आते हैं. कार्यालय में झारनेट नहीं लगाया गया है. जिससे काम को टालने के बहाना मिल जाता है.

---

# सीआरपीएफ जवान की गोली लगने से मौत

- इंसास रायफल की सफाई के दौरान गोली चलने की बात आई सामने
- अस्पताल पहुंचने से पहले तोड़ा दम, डाल्टनगंज का रहने वाला है जवान

**संवाददाता। टुंडी**



टुंडी प्रखंड मुख्यालय स्थित सीआरपीएफ कैंप में तैनात झारखंड पुलिस का सैट का जवान (हवलदार) सोमवार की सुबह अपने सर्विस रायफल की साफ सफाई के दौरान भूलवश गोली चलने से घायल हो गए. जिससे पूरे कैंप में अफरा तफरी मच गई. घायलवास्था में जवान को इलाज के लिए एसएनएमएमएस ले गये. जहां चिकित्सकों उसे मृत घोषित कर दिया. घटना की सूचना पाकर डीएसपी डीएन बंका भी पहुंचे. उन्होंने घटना पर दुख व्यक्त किया. बाद में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया. जानकारी हो कि सैट का जवान 41 वर्षीय नंदकिशोर सिंह कैंप में मौजूद था. वह अपने सर्विस इंसांस रायफल की साफ सफाई कर रहा था व गोली चल गई. गोली लगते ही वह लहुलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा. घटना के बाद पूरे कैंप में अफरा तफरी मच गई. आनन फानन में वहां मौजूद अन्य जवानों उसे इलाज के लिए एसएनएनएमसीएच ले गये. अस्पताल पहुंचने के पहले ही वह दम तोड़ चुका था. मौत की पुष्टि के बाद वारदात की खबर उसके परिजनों को दे दी गई है. जवान डाल्टेनगंज पलामू का रहने वाला है. वह शादीशुदा है, तथा दो लड़का है. उनकी उम्र लगभग 11-13 साल है. वैसे उसके परिवार के संबंध में विस्तृत जानकारी नहीं मिल पाई है. इस संबंध में डीएसपी डीएन बांका ने मामले की जांच की बात कही. जवान टुंडी में पिछले एक साल से अधिक समय से तैनात थे. घटना के बाद टुंडी थाना व कैंप में सन्नाटा पसरा हुआ है. टुंडी थाना के सहायक अवर निरीक्षक चंद्रपति सिंह के अनुसार मृतक काफी मिलनसार हवलदार थे, वे इनके बैंचमैट थे .घटना के बारे कोई भी कुछ बताने पर परहेज़ कर रहे हैं. आज दिनभर टुंडी में यह घटना चर्चा का विषय बना हुआ है. इस घटना पर झामुमो वरिष्ठ नेता रतिलाल टुडू, झारखंड जनहित मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष माना पाठक ने दुःख जताया है.

---

# स्पीकर के लिए रवींद्रनाथ महतो का नाम प्रस्तावित : मुख्यमंत्री

**संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मंत्रियों और विधायकों के शपथ ग्रहण की प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है. स्पीकर के लिए रवींद्रनाथ महतो का नाम प्रस्तावित है. वे सर्वसम्मति से स्पीकर चुने जायेंगे. दूसरी ओर, मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें लिखा है कि झारखंड विधानसभा में



परिवार के साथ. मुख्यमंत्री पत्नी कल्पना सोरेन के साथ सोमवार को विधानसभा पहुंचे थे.

# डीआइजी ने की लंबित मामलों की समीक्षा कार्य निष्पादन में तेजी लाने का दिया निर्देश

**संवाददाता। चतरा**

**खास बातें**

- हजारीबाग प्रक्षेत्र के डीआईजी ने टंडवा का किया दौरा
- टंडवा में चेकनाका लगाने का निर्देश दिया गया

हजारीबाग प्रक्षेत्र के डीआइजी सुनील भास्कर ने सोमवार को औद्योगिक नगरी टंडवा का दौरा किया. इस दौरान उन्होंने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए चतरा जिले के हर थाना में आपराधिक और उग्रवादी कांडों की समीक्षा की. लगभग तीन घंटे तक डीआइजी जिले के हर थानेदार और इंस्पेक्टर से बड़ी घटनाओं से संबंधित जानकारी ली और लम्बित कांडों का निष्पादन करने और संबंधित गुनाहगारों को गिरफ्तार करने का दिशा निर्देश दिया.
मौके पर उन्होंने कार्य निष्पादन में तेजी लाने के खास निर्देश दिए. डीआईजी ने कहा कि कार्य निष्पादन और ड्यूटी निर्वहन में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. जिले के सभी बड़े लंबित मामलों को त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया. बैठक में उन्होंने ने टंडवा के पिपरवार और सिमरिया रोड में चेकनाका लगाने का निर्देश इंस्पेक्टर अनिल उरांव को दिया.

# झारखंड से जुड़ रहा हाई प्रोफाइल लोगों को धमकी का कनेक्शन

**संवाददाता। रांची**

हाई प्रोफाइल लोगों को धमकी देने का कनेक्शन बार बार झारखंड से जुड़ रहा है. हाल के कुछ महीने में देश के प्रधानमंत्री से लेकर बड़े अभिनेता तक को धमकी दी गई थी. इन सभी धमकी के पीछे झारखंड कनेक्शन सामने आया है. पुलिस की जांच में पता हुआ कि लोगों ने दूसरे को फंसाने के लिए भी धमकी देने की साजिश रची.

### धनबाद से दी गई थी पीएम को धमकी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जान से मारने की धमकी देने वाले वासेपुर के न्यू मटकुरिया के फजलुल हक रोड निवासी मिर्जा नदीम बेग के घर की आठ दिसंबर को धनबाद बैंक मोड़ पुलिस ने तलाशी ली थी. तलाशी में कुछ भी आपत्तिजनक सामान पुलिस को नहीं मिला. बैंक मोड़ थानेदार लव कुमार ने नदीम के पिता आरिफ बेग और उसके भाई मासूम रजा को थाने बुलाकर घंटों पूछताछ की,वहीं नदीम से पूछताछ में पता चला कि उसने अपने मालिक को फंसाने के लिए पीएम मोदी को धमकी भेजी थी.

### जमशेदपुर से दी गई थी सलमान खान को धमकी

बॉलीवुड एक्टर सलमान खान को धमकी भरे मैसेज भेजने के मामले की जांच कर रही मुंबई पुलिस ने जमशेदपुर से एक व्यक्ति को 24



अक्टूबर को गिरफ्तार किया था. आरोपी की पहचान जमशेदपुर के सब्जी विक्रेता शेख हुसैन शेख मौसिन उम्र 24 साल के रूप में हुई थी. उसने ट्रैफिक पुलिस को वाट्सएप पर एक धमकी भरा संदेश मिला था, जिसमें बालीवुड अभिनेता सलमान खान से पांच करोड़ रुपये की फिरौती मांगी गई थी.

### रांची से दी गई थी संजय सेठ को धमकी

रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ को जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस को सफलता हाथ लगी थी. दिल्ली पुलिस ने रांची पुलिस के सहयोग से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. मामले की जांच के दौरान खुलासा हुआ है कि कांके थाना क्षेत्र स्थित रहने वाला मिनाजुल नाम के व्यक्ति ने अपने बेटी के बॉयफ्रेंड मोईज को फंसाने के लिए मोईज के नाम से इश्यू सिमकार्ड से संजय सेठ के मोबाइल पर धमकी दिया था. इस मामले में पुलिस मिनाजुल को गिरफ्तार किया है.

---

**साजिश** केएनआर ग्रुप भारत को बर्बाद करने की बना रहा योजना

# होटल, स्कूल और एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली.** ट्रेनों को पलटाने की साजिश और फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी के बाद नया सिलसिला शुरू हुआ है. सोमवार को कई एयरपोर्ट और दिल्ली के स्कूलों व होटलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई. सोमवार सुबह सबसे पहले दिल्ली के 40 स्कूलों को बम धमकी वाला ईमेल मिला. जानकारी मिलते ही प्रशासन में हड़कंप मच गया. आनन-फानन स्कूलों की जांच की गई. इस सूची में जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल समेत दिल्ली के करीब 40 विद्यालय शामिल हैं. आगरा और देहरादून एयरपोर्ट पर भी धमकी का मामला सामने आया है.

### देहरादून एयरपोर्ट की टर्मिनल बिल्डिंग में बम की सूचना से हड़कंप

देहरादून के जौलीग्रांट स्थित एयरपोर्ट की टर्मिनल बिल्डिंग में स्थित बाथरूम में बम होने की सूचना मिलने के बाद हड़कंप मच गया. सोमवार दोपहर 11:56 बजे एयरपोर्ट के एक्स हैंडल को टैग करके यह सूचना दी गई. इसके बाद आनन- फानन एयरपोर्ट सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ जवानों ने पूरी टर्मिनल बिल्डिंग को खाली कराया. तलाशी में कोई भी संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई. इसके बाद एयरपोर्ट प्रशासन ने राहत की सांस ली. जौलीग्रांट स्थित देहरादून एयरपोर्ट के महाप्रबंधक प्रभाकर मिश्रा ने बताया कि एयरपोर्ट के एक्स हैंडल के जरिए रोहन सिंह नाम के व्यक्ति ने एयरपोर्ट के टर्मिनल भवन के बाथरूम में एक काले बैग में बम होने की सूचना दी थी. मगर तलाशी में कुछ नहीं मिला.

### पांच होटलों को मिली धमकी

हरियाणा के गुरुग्राम में पांच होटलों को बम से उड़ाने की धमकी भी मिली. सोमवार सुबह साढ़े नौ बजे एक ईमेल इंडी होटल को मिला. इसके बाद होटल प्रबंधन ने मामले की जानकारी पुलिस से साझा की. बम निरोधक दस्ते के साथ पुलिस ने होटलों की जांच की. मगर कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला. पुलिस का कहना है कि यह सभी धमकी फर्जी हैं. ईमेल भेजने वाले शख्स की तलाश की जा रही है.

### आगरा के खेरिया एयरपोर्ट को मिला धमकी भरा ईमेल

आगरा के खेरिया एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली. इंडिगो एयरलाइंस के अधिकारी के ईमेल पर सोमवार दोपहर धमकी भरा संदेश मिलने पर अलर्ट जारी किया गया. सीआईएसएफ और पुलिस के बम निरोधक दस्ते ने परिसर का चप्पा-चप्पा छान मारा. मगर कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली. दो महीने पहले सीआईएसएफ को भी इसी तरह धमकी भरा ईमेल भेजा गया था. डीसीपी सिटी सूरज कुमार राय ने बताया कि इंडिगो के अधिकारी देवराज पांडे के ईमेल पर अज्ञात व्यक्ति ने ईमेल भेजा था कि हमने आपके एयरपोर्ट के शौचालय में काले बैग में बम छिपा दिया है. हालांकि जांच में देहरादून की तरह यहां भी कुछ संदिग्ध नहीं मिला.

### कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कामकाज संभाला



**रांची.** कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने सोमवार को नेपाल हाउस स्थित विभागीय कार्यालय में पदभार ग्रहण किया. पदभार ग्रहण करने के बाद कृषि मंत्री ने कहा कि पहले तीन चीजों पर फोकस किया जाएगा. सप्लाई चेन सिस्टम को दुरुस्त करने के साथ कोल्ड स्टोरेज की उपयोगिता पर काम होगा. एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी को दुरूस्त किया जाएगा ताकि किसानों के हित में अधिक से अधिक काम हो सके. सहकारी समितियों का संचालन ठीक किया जाएगा. विचौलियों की भूमिका को खत्म किया जाएगा. कृषि विभाग रेवेन्यू जेनरेट करने की कोशिश करेगा.

▼ ब्रीफ खबरें

### बाघमारा अंचल कार्यालय में ग्राम स्वराज अभियान का धरना आज

**कतरास।** अंचल कार्यालय बाघमारा में लूट और भ्रष्टाचार किसी से छिपी नहीं है. विशेष कर जमीन संबंधित मामलों में जमकर पैसे का खेल होता है. फरियादी रैयत अपने जमीन संबंधित मामलों को लेकर अंचल कार्यालय के चक्कर लगाते रहते हैं. ग्राम स्वराज अभियान के जगत महतो ने बताया कि अंचल कार्यालय में जमीन संबंधी शिकायत का निवारण हल्का कर्मचारी/अधिकारी द्वारा सामान्यत नहीं किया जाता. ब्रोकर के माध्यम से रिश्वत देने के बाद ही रैयत का काम होता है. कुछ माह से रैयत मुसीब अख्तर खान, सुमित्रा देवी, अरबिन्द सिन्हा, विशाल कुमार महतो, तीता कुमारी उर्फ लक्ष्मी देवी, कैलाश रजवार, कमल महतो, दिलीप कु महतो, सलिक मिस्त्री, रूपेश रवानी, राजा राम सिंह, लक्ष्मी देवी आदि कई रैयत अपने जमीन संबंधी शिकायत को लेकर परेशान हैं. बाध्य होकर सभी रैयत ग्राम स्वराज अभियान के बैनर तले 10 दिसंबर से अंचल कार्यालय बाघमारा में अनिश्चितकालीन धरना पर बैठेंगे.

### मध्य विद्यालय में प्रबंधन समिति का पुनर्गठन

**महुदा।** बाघमारा अंचल के मध्य विद्यालय राधानगर में सोमवार को विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया. इसके लिए बीआरसी बाघमारा द्वारा प्रतिनियुक्ति पर्यवेक्षक सीआरपी धर्मेंद्र कुमार महतो के पर्यवेक्षण में 16 सदस्यी विद्यालय प्रबंध समिति का गठन सर्वसम्मति से किया गया. जिसमें अध्यक्ष शंकर दास, उपाध्यक्ष मरजीना खातुन, पदेन सचिव प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रवीण कुमार लाला, इसके अलावे इन्द्रजीत सिंह, अनीता देवी, बबलु सिंह, बॉबी देवी, मनिया विश्वकर्मा, अंजना देवी, रहीम शाह, तरूण कुमार पान, लक्ष्मी देवी, सुमन देवी, सदस्य के पद पर निर्वाचित हुए. इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रवीण कुमार लाला, सहायक शिक्षक रामानुज प्रसाद सिंह, कुमारी रम्भा, हिमांशु कुमार, नेहा भारती, सहित दर्जनों अभिभावक उपास्थित थे.

### 80 किलोग्राम हैंड रेसलिंग में अमन बने चैम्पियन



**मैथन।** पश्चिम बंगाल के अंडाल (वर्द्धमान) में आयोजित जिला स्तरीय हैंड रेसलिंग प्रतियोगिता में चिरकुंडा (धनबाद) क्षेत्र के तालडांगा हाऊसिंग कॉलोनी निवासी अमन कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त कर धनबाद जिला सहित पूरे झारखंड का नाम रौशन किया है. अमन के जीतने पर उनके मित्रों एवं परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई है. सभी ने अमन को बधाई दी है. अमन कुमार 80 किलोग्राम हैंड रेसलिंग में प्रथम स्थान लाकर चैम्पियन का खिताब जीता है. अमन को बधाई देने के लिए चिरकुंडा, कुमारधुबी आदि क्षेत्रों के लोग फूल-बुके लेकर उनके घर पहुंच रहे हैं. चैंपियंस अमन कुमार को बधाई देने के लिए शुभ सलूजा, अर्श ग्रेवाल, प्रेम आर्य, आयुष सिंह, रौनक सिंह, आयुष रवि राजपूत, आयुष चटर्जी, टक्कू पासवान, अर्जुन यादव, प्रिंस खान, कृष्णा अंशु सिंह, अतहर शेख, रेहान खान आदि शामिल हैं.

### डीएवी लोदना के छात्रों ने लहराया परचम

**झरिया।** सोमवार को डीएवी बनियहीर के प्रांगण में डीएवी प्रबंध समिति द्वारा आयोजित डीएवी राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में सम्मिलित छात्रों का भव्य स्वागत किया गया. इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों को प्राचार्य ने पदक पहना कर सम्मानित किया. तीरंदाजी प्रतियोगिता के 14 वर्षीय बालक वर्ग की व्यक्तिगत स्पर्धा में मुहम्मद सलमान को 20 मीटर तथा 30 मीटर में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ. वहीं 17 वर्षीय बालक वर्ग की तीरंदाजी प्रतियोगिता में शुभजीत मोदक को तृतीय तथा बॉलीवाल की 19 वर्षीय बालक प्रतियोगिता में सागर प्रताप सिंह को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ. छात्रों के इस शानदार प्रदर्शन पर प्राचार्य एज़ाज अहमद ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विजयी प्रतिभागियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की. इस अवसर पर खेल शिक्षक असीम प्रियदर्शी एवं अरूंधती मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित थे.

## सहारा के पीड़ित निवेशकों का मुद्दा संसद में उठाने की करेंगे मांग

# राहुल गांधी से मिलेंगे विधायक अरूप चटर्जी

संवाददाता। मैथन



विश्व भारती जनसेवा संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष जनार्दन मिश्रा के निरसा स्थित आवासीय कार्यालय में निरसा विधायक अरूप चटर्जी का स्वागत किया गया. इसके बाद विधायक अरूप चटर्जी के साथ संस्थान के पदाधिकारियों ने बैठक की और सहारा इंडिया स्कैम से पीड़ित निवेशकों के साथ हुई ठगी और भुगतान कैसे हो, विषय पर विस्तार से चर्चा किया. मौके पर संस्थान के राष्ट्रीय सचिव नागेंद्र कुमार कुशवाहा ने विधायक अरुप चटर्जी को बारीकी से कैसे सहारा इंडिया पार्टनरशिप फॉर्म बना कर सहारा की कई क्रेडिट कॉपरेटिव सोसाइटी और सहारा क्यू शॉप कंपनी बना कर देश के 10 करोड़ लोगों का करीब 2 लाख करोड़ रुपये हड़प लिया है और सहकारिता मंत्री अमित शाह के द्वारा फर्जी सहारा रिफंड पोर्टल बना कर मामले को उलझाया गया. केंद्र सरकार द्वारा सहारा इंडिया को संरक्षण दिया जा रहा है. संस्थान द्वारा सुप्रीम कोर्ट में लगी याचिका पर भी चर्चा किया गया. संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष जनार्दन मिश्रा ने विधायक अरुप चटर्जी को संस्थान द्वारा बनाए गए 10 सवाल दिया गया, जिसे नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से बात कर संसद में उठाने के लिए कहा गया, ताकि पीड़ितों को न्याय मिल सके.

विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि जल्द ही इंडिया गठबंधन के अध्यक्ष राहुल गांधी से मिल कर सहारा के सभी मुद्दे पर चर्चा करेंगे. इसके लिए वे शीघ्र ही दिल्ली जाकर राहुल गांधी से मिलकर चर्चा करेंगे और वर्तमान शीतकालीन सत्र में इन सवालों को संसद में स्पेशल चर्चा करवाने के लिए राहुल गांधी से बात करेंगे. बैठक में संस्थान के संयुक्त सचिव अशोक कुमार, संस्थान के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव समीर चंद्र, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अमरेश चक्रवर्ती, राष्ट्रीय उप कोषाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार, राजेश अग्रवाल, कार्यालय प्रभारी जितेश अग्रवाल के साथ-साथ काफी संख्या में लोग उपस्थित थे.

# मुआवजा की मांग को लेकर ग्रामीणों का आंदोलन दूसरे दिन भी जारी

## मामला शुभ सेल्स भट्ठा में कर्मी की मौत का



संवाददाता। निरसा/बाजार

निरसा थाना क्षेत्र के तेतुलिया स्थित शुभ सेल्स भट्ठा के कर्मचारी संजय कुमार चौधरी की बरवाअड्डा में शनिवार को सड़क दुर्घटना में हुई मौत के बाद मुआवजा की मांग को लेकर परिजन व ग्रामीणों का धरना सोमवार दूसरे दी भी जारी रहा. मृतक संजय उक्त भट्ठे में 25 वर्षों से कार्यरत था. भट्ठा मालिक के ही निर्देश पर ही वह शनिवार को बरवाअड्डा किसी काम से गया था. कार्य निपटा कर वापस लौट रहा था कि अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया था, जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई थी. धरना में मुखिया पति कैलाश मोदी, अमल खान, अजमेर खान, हाजीसत्तार हकी, शेख हाजी महमूद, जाहिर खान, अनाथ चंद्र गोराई, हीरा मंडल, साबिर खान, समीम शेख, अख्तर, तनवीर खान आदि शामिल हैं.

### झमाडा पाइप फट जाने से दूसरे दिन भी जलापूर्ति ठप



**तेतुलमारी।** सोमवार को गया पुल के समीप झमाडा का पाइप फट जाने से पानी की बेहताशा बर्बादी हो रही है. पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो जाने से इलाके के लोगों में तरह-तरह की चर्चा होने लगी है. बताया जाता है कि तीन दिन पूर्व रेलवे की जमीन के समतलीकरण करने के दौरान जेसीबी मशीन से उक्त पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गया था. मरम्मति के बाद पानी खोलने की तैयारी चल रही थी, तभी पाइप फट गया. पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो जाने से तेतुलमारी सुभाष चौक, जीरो सीम कॉलोनी, पांडेडीह बाजार, नया मोड़, सिजुआ मोड, अंगारपथरा आदि जगहों में जलापूर्ति ठप हो गया था. इधर झामाडा के अधिकारी रजनीश उपाध्याय ने बताया कि शीघ्र ही पाइपलाइन की मरम्मत कार्य शुरू कराया जाएगा और इलाके में जलापूर्ति सामान्य कराया जाएगा.

### कुष्ठ रोगियों के साथ सोनिया गांधी का मनाया जन्मदिन



**गोविंदपुर।** कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी का जन्मदिन गोविंदपुर प्रखंड कांग्रेस कमेटी ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक कुमार सिंह की अगुवाई में सोमवार को निर्मला अस्पताल के कुष्ठ रोगियों के साथ मनाया. इस मौके पर केक काटा गया और कुष्ठ रोगियों को भोजन कराया गया . उनके बीच फल और मिठाइयां भी वितरित की गई. प्रखंड अध्यक्ष मनोज हाड़ी की अध्यक्षता में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए अशोक कुमार सिंह ने कहा कि देश के विकास और कांग्रेस को संगठित रखने में सोनिया गांधी ने अहम भूमिका अदा की है. वह केंद्र में विपक्ष की स्तंभ है. उन्होंने कहा कि झारखंड से भाजपा के सफाये में कांग्रेसियों ने भी बड़ी भूमिका अदा की है. प्रखंड अध्यक्ष मनोज हाड़ी ने कहा कि सिंदरी विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसियों ने जी तोड़ मेहनत की है. इसी कारण यहां गठबंधन प्रत्याशी की जीत हुई. इस अवसर पर जिला महासचिव मोइन अंसारी, सिंदरी विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष टिंकू अंसारी, गुलाम मुंतका, मोलिन बाउरी, शयाम हाड़ी, देवनारायण पंडित, सुलतान शाह, आफताब आलम, जाहिद अंसारी, हराधन पांडेय आदि शामिल थे.

### बेमौसम बारिश से बढी ठंड, अलाव की व्यवस्था करने की मांग



**गोमो।** तोपचांची प्रखण्ड क्षेत्र में सोमवार को पूर्वाह्न हुई बे मौसम बारिश ने ठंड बढ़ा दी है. वहीं खेत-खलियान हुए पानी तरबतर हो गया. धान की फसल को क्षति हुई है. वहीं बारिश से जनजीवन भारी ठंड के आगोश आ में गया. ठंढ़ से लोगों की परेशान बढ़ गई. गोमो व तोपचांची बाजार एवं ग्रामीण क्षेत्र में बच्चे, बूढ़े, भिक्षुक व राहगीर ठंड से त्रस्त हो गए हैं. वे जहां ठंड से ठिठुरते दुबके देखे गए. क्षेत्र में कंपकंपाती ठंढ के मदेदनजर तोपचांची गोमो रोड़ में स्थित महतो मार्केट परिसर में लोगों का ठंढ से बचाव हेतु अलाव की व्यवस्था सामाजिक कार्यकर्ता सदानंद महतो, साक्षरता प्रबंधक गिरिधारी प्रसाद महतो ने किया और संबंधित सरकार के मुलाजिमों से विभिन्न चौक-चौराहे एवं बस पड़ाव पर अलाव जलाने की व्यवस्था करने की गुहार लगाई है. मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता शंकर रवानी, लखन लाल महतो, सोमर डोम, जितेंद्र कुमार, शिबू प्रसाद, सुनील रजक, आजसू प्रखण्ड सचिव रमेश जायसवाल, लाल मनी महतो, रबिन्द्र महतो, लक्ष्मण महतो, प्रमोद महतो आदि मौजूद थे.

## हेवी ब्लास्टिंग के विरोध में उग्र लोगों ने आउटसोर्सिंग परियोजना को कराया बंद



संवाददाता। झरिया

लोदना क्षेत्र संख्या 10 के जयरामपुर कोलियरी सुशी आउटसोर्सिंग परियोजना के पेटी कांट्रेक्टर एटी देव प्रभा आउटसोर्सिंग परियोजना में प्रतिदिन हो रहे हेवी ब्लास्टिंग से जयरामपुर सहित आसपास के त्रस्त लोगों ने आउटसोर्सिंग परियोजना का काम लगभग दो घंटे बंद कर दिया. हेवी ब्लास्टिंग से घरों में कंपन होने लगता है. घरों की बर्तन गिर जाती है. वहीं सोमवार को फिर जयरामपुर कोलियरी 6 नम्बर चानक के समीप रहने वाले राम लाल नोनिया के घर पर पत्थर गिरा, जिससे उसके घर का एसबेस्टर टूट गया. लोगों का कहना है कि हेवी ब्लास्टिंग के कारण उनके घरों में दरार पड़ गई है, कभी भी घर जमीनदोज हो सकता है. सुशी आउटसोर्सिंग परियोजना के पेटी कांट्रेक्टर एटी देव प्रभा आउटसोर्सिंग प्रबंधन और जयरामपुर कोलियरी प्रबंधन की मिली भगत से हेवी ब्लास्टिंग कराया जा रहा है, ताकि लोग यहां से भाग जाय.

# सोलर पैनल चोरी मामले में दो गिरफ्तार, गया जेल

## 3 दिसंबर को उप स्वास्थ्य केन्द्र में दिया था घटना को अंजाम

संवाददाता। बरोरा



बरोरा थाना क्षेत्र के झगराही स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र में हुई सोलर पैनल की चोरी के मामले में बरोरा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. बरोरा थाना प्रभारी जय प्रकाश के नेतृव में पुलिस टीम ने कार्यवाई करते हुए दो मुख्य आरोपी को पकड़ कर न्याययिक हिरासत में भेज दिया. बरोरा थाना प्रभारी जय प्रकाश ने बताया कि 3 दिसंबर को उप स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर एस राजू के द्वारा लिखित शिकायत मिली थी. जिस पर कार्यवाई करते हुए 8 दिसंबर को केश दर्ज कर रात्रि में दो आरोपी रोहित कुमार हेम्ब्रम, मनोज कुमार राय को चोरी हुए सोलर पैलेट के साथ पकड़ कर सोमवार को न्याययिक हिरासत भेज दिया. तीसरे आरोपी विकास कुमार पुलिस की गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार चल रहा है.

## रेलवे का फैसले के खिलाफ ग्रामीणों का विरोध प्रदर्शन



संवाददाता। तोपचांची

प्रखंड के मोहनपुर गांव में रेलवे द्वारा गांव का रास्ता बंद किए जाने के विरोध में ग्रामीणों ने सोमवार को बैठक कर रेलवे के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया.

ग्रामीणों ने बताया कि रेलवे के द्वारा गांव के रास्ते को बंद कर दिया गया है, जिससे उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. ग्रामीणों ने कहा कि आने वाले दिनों में रेलवे के खिलाफ धरना प्रदर्शन के साथ-साथ जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा और रेलवे के कार्य को बाधित किया जाएगा.

मौके झामुमो प्रखंड सचिव नवल किशोर केवट, भागीरथ महतो, गुलाम मोहम्मद, आरिफ अंसारी, उमेश कुम्हार, हेमलाल मुर्मू, मो. जमाल, चंद्र मोहन सिंह, निताई कुम्हार, रामधनी रविदास, इम्तियाज अंसारी, संतोष दास, हसन अंसारी समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे.

# संघ मजदूरों की सभी समस्याओं का करेगा निष्पादन : सिद्धार्थ गौतम

## जामाडोबा में जनता मजदूर संघ का स्वागत सह मिलन समारोह




संवाददाता। झरिया

जनता मजदूर संघ के बैनर तले सोमवार को जामाडोबा आजाद नगर में मिलन सह स्वागत समारोह का आयोजन किया गया. इस मौके पर संघ के महामंत्री सिद्धार्थ गौतम उर्फ मनीष सिंह का कार्यकताओं ने ढोल नगाड़े और आतिशबाजी के साथ जोरदार स्वागत किया गया.

कार्यक्रम में बीसीसीएल लोदना क्षेत्र में संघ के उपाध्यक्ष का पद शाहिल खान व भौरा ईजे एरिया का क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अजान खान को बनाया गया है.

इस दौरान श्री सिंह ने कहा कि दोनों युवा हैं और अधिक से अधिक युवाओं को संगठन से जोड़कर मजदूर हीत में काम करेंगे. दोनों भाई मजदूर समस्या को कंपनी प्रबंधन के समक्ष बेहतर अनुभव के साथ उठा कर सभी समस्याओं का निदान कराएंगे. ताकि संघ पर मजदूरों का विश्वास बना रहे. उन्होंने यह भी कहा कि संघ मजदूरों की सभी समस्याओं का निष्पादन करेगा. इस अवसर पर औरंगजेब खान, बापी अमरजीत कुमार आदि सैकड़ों समर्थक मौजूद थे.

# स्वभिमान संस्था का महिला हिंसा के विरूद्ध अभियान सराहनीय : पार्वती

संवाददाता। महुदा



स्वभिमान संस्था के द्वारा इब्तदा नेटवर्क के सहयोग से सोमवार को 16 दिवसीय जेंडर आधारित महिला हिंसा के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पारजोरिया स्थित स्वभिमान संस्था के प्रधान कार्यालय में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया. गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए संस्था के सचिव सुषमा देवी ने कहा कि असमानता पर समानता सबकी गिनती एक समान कायम करने के लिए सभी महिला, किशोरी, विकलांग को एकताबद्ध होकर इस अभियान में आवाज बुलन्द करना होगा. उन्होनें आगे कहा कि आज महिलाएँ, किशोरी, विकलांग, हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, किसी भी काम में पुरूषों से पीछे नहीं हैं, फिर अधिकार में भेदभाव क्यों?

वहीं आंगनबाड़ी सेविका पार्वती देवी ने बताया कि वर्तमान में महिलाएं एवं किशोरियां ऑनलाईन पर भी बढ़ती हिंसा का शिकार हो रही है, इससे उत्पीड़न के साथ तनाव उत्पन्न होता है. वे अपनी पीड़ा को परिवार, इस्ट मित्र में शेयर करने में संकोच करती है. इसलिए सावधान रहने की जरूरत है. स्वभिमान संस्था के द्वारा चलाए जा रहे अभियान से जुड़कर जागरुकता लाकर ही इस कृत से निजात दिलाया जा सकता है.

गोष्ठी का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन संस्था के अध्यक्ष भुवनेश्वरी देवी ने किया. मौके पर सेविका पार्वती देवी, अंजली कुमारी, दिपाली कुमारी, मालती देवी, उर्मिला देवी, बबीता महतो, तुलसी कुमारी, संगीता कुमारी, अंजना देवी, सावित्री देवी, संजोति देवी, आशा देवी, बॉबी देवी, उषा देवी, रोमा देवी, रूपाली देवी, कविता कुमारी, रूपा कुमारी, वर्षा कुमारी, साक्षी कुमारी, आंचल कुमारी सहित दर्जनों महिला किशोरी शामिल थे.

# शासनबेड़िया की पान गुमटी में चोरी

संवाददाता। निरसा/निरसा बाजार



निरसा में विभिन्न कारोबारियों के बंद दुकानें एक बार फिर से अपराधियों के निशाने पर है. रविवार की रात अपराधियों ने शासनबेड़िया मोड पर स्थित अशोक मांझी की पान की दुकान पर धावा बोल कर दुकान के ऊपर लगे एस्बेस्टस शीट को तोड़कर चोर अंदर घुसे और दुकान में रखा सारा सामान तथा नगदी पर अपना हाथ साफ कर लिया. सुबह जब दुकान मालिक अशोक मांजी ने अपनी दुकान खोली तो देखा कि दुकान के ऊपर का एस्बेस्टस शीट टूटा हुआ है और गल्ले में रखे लगभग 15 से 20000 नगद चोरी कर ली गई है तथा कुछ कीमती सामान भी दुकान से गायब है. देखते ही देखते आसपास के लोग भी जुट गए और सभी ने चोरी की घटना को देखते हुए पुलिस को इसका जिम्मेवार बताया. बतातें चलें कि एक दिन पूर्व अपराधियों ने मुगमा मोड़ स्थित ज्वेलरी दुकान में भीषण चोरी की घटना को अंजाम देकर पुलिस को बैक फुट में डाल दिया है. इस घटना में अपराधियों को करीब 3 लाख की संपत्ति हाथ लगी थी.

**घटना को लेकर पुलिस जिम्मेवार**

अपराधियों के इस रवैये से स्थानीय दुकानदारों में पुलिस के प्रति आक्रोश व्याप्त हो गया है. बाजारवासियों का कहना है कि पुलिस रात्रि गश्ती में डंडी मारी कर रही है, जिसके कारण दुकान-प्रतिष्ठान अपराधियों के निशाने पर हैं. बदमाश बेखौफ होकर गैस कटर से शटर को काटकर चोरी की घटना को अंजाम देते रहे हैं और पुलिस चैन की नींद सो रही है.

**चोर के रडार पर हैं थानेदार**

बिल्ली को सौंपी दूध की रखवाली. ऐसा ही कुछ निरसा में सुरक्षा के नाम पर हो रहा है. थानेदार अपराधियों पर कंट्रोल व सुरक्षा के लिए 8-10 लोगों का लगा रखा है. मजेदार बात यह है कि थानेदार जिन लोगों को क्राइम कंट्रोल के लिए लगा रखा है, उनलोगों को इतिहास खंगालेंगे तो वे सभी कोयला चोर हैं. इससे यही अंदाजा लगाया जा सकता है कि थानेदार के रडार पर चोर नहीं बल्कि चोर के रडार पर थानेदार हैं. ऐसे में क्राइम कंट्रोल करने की बात करना बेमानी होगी.

▼ ब्रीफ खबरें

### टीम ने पल्स पोलियो अभियान का लिया जायजा

**गावां (गिरिडीह)।** राज्य और जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गावां प्रखंड में चल रहे 3 दिवसीय पल्स पोलियो अभियान का जायजा लिया. टीम में शामिल अधिकारियों ने प्रखंड के बिरने गदर, जमडार समेत अन्य पंचायतों में ग्रामीणों से मिलकर पल्स पोलियो अभियान संचालन को लेकर जानकारी ली. उन्होंने कई बूथ और घर में जाकर बच्चों को पिलाई जा रही दवा के संबंध में ग्रामीणों से जानकारी ली. बाद में अधिकारियों ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी और स्वास्थ्य कर्मियों के साथ बैठक कर अभियान को सफल बनाने पर जोर दिया. मौके पर एसएमो डॉ अमित कुमार तिवारी, जिला आरसीएच पदाधिकारी डॉ आरपी दास, सीओ अविनाश रंजन, डीपीसी रंधीर कुमार समेत कई अधिकारी शामिल थे.

### मजदूर नेता अशोक कुमार सिन्हा की धर्मपत्नी का निधन

**बोकारो।** मजदूर नेता बोकारो इंडस्ट्रियल ट्रेड यूनियन सीसीन के महामंत्री अशोक कुमार सिन्हा की पत्नी बीना सिन्हा का रविवार की अपराह्न 3.45 बजे निधन हो गया. पिछले कुछ महीनों से वे अस्वस्थ चल रही थी. किडनी से जुड़ी परेशानियों के कारण विगत 15 नवंबर को मुस्कान हॉस्पिटल, चास ने भर्ती कराया गया था. बाद में चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए उन्हें राज हॉस्पीटल, रांची रेफर कर दिया. पिछले 1 दिसंबर को बोकारो जेनरल अस्पताल में दाखिल कराया गया था. सीसीयू में उनका इलाज चल रहा था, जहां उन्होंने 8 दिसंबर को करीब पौने चार बजे अंतिम सांस लीं. उनका अंतिम संस्कार चास स्थित श्मशान घाट पर किया गया. मृत्यु के समय उनके दोनों पुत्र एवं पुत्र वधु मनीष-यामिनी, हरीश-अंकिता एवं पौत्र रूहान बोकारो में ही उपस्थित थे.

### बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमले के खिलाफ धरना

**गिरिडीह।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमले ,अत्याचार और मदिरों को तोड़ने की घटनाओं के विरोध में देश भर में हिन्दू समाज आक्रोशित है. इसी क्रम में सोमवार को गिरिडीह में सर्वजन हिन्दू समाज ने शहर के टावर चौक में विशाल धरना दिया. धरने में पंकज कंधवे, भाजपा नेता दिलीप वर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष महादेव दुबे, भाजपा नेता दिनेश यादव, नित्यानंद प्रसाद, रितेश पांडेय, शिवपूजन, शुभम झा, आरएसएस के मुकेश रंजन, गुड्डू यादव समेत काफी संख्या में हिंदू संघटनों के कार्यकर्ता शामिल हुए. मौके पर वक्ताओं ने बांग्लादेश की घटना पर देश के सेक्युलर दलों के नेताओ पर जमकर निशाना साधा. इस दौरान नित्यानंद प्रसाद ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार और मंदिरों को तोड़े जाने की घटना से हिन्दू समाज में गुस्सा है. लेकिन देश का कोई नेता इस घटना के खिलाफ खुलकर कुछ नहीं बोल रहे हैं. यह अंत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है. संबल की घटना में देश के सेक्युलर दलों के नेता गला फाड़ कर चिल्ला रहे है. संविधान कि पुस्तक लेकर रोड पर मजमा लगाए हुए है. लेकिन बांग्लादेश की घटना को लेकर कोई कुछ बोलने को तैयार नहीं. इसे जाहिर होता है कि ये सिर्फ वोट बैंक की चिंता करते हैं. धरने में काफी संख्या में हिंदू समुदाय के लोगो का जुटान हुआ. धरने के बाद सर्वजन हिन्दू समाज के पांच लोगो के शिष्टमंडल ने डीसी से मिलकर ज्ञापन सौंपा.

# बेरमो एसडीओ के निर्देश पर मंजर हुसैन के घर की हुई मापी

## मापी के दौरान बीडीओ, सीओ व भारी संख्या में पुलिस बल तैनात

- जमीन पर चाहरदिवारी देने की बात पर ग्रामीणों ने जताया था विरोध



**संवाददाता। कथारा**

बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र कथारा स्थित बोडिया मोड़ के समीप मंजर हुसैन के बना घर के समीप चाहरदिवारी देने की बात पर ग्रामीणों के विरोध के बाद मामला बेरमो अनुमंडल पदाधिकारी के संज्ञान में आने पर न्यायलय द्वारा मिली डिग्री जमीन की मापी के लिए अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर सोमवार को मजिस्ट्रेट सह बेरमो प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश कुमार, अंचलाधिकारी शैलेश कुमार व बोकारो थर्मल इंस्पेक्टर शैलेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में मंजर हुसैन के घर की मापी सरकारी अमीन नुनुराम मुर्मू व कर्मचारी रवि रजक के अगुवाई में की गई. इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल उपस्थित थे. मापी की पूरी वीडिओ रिकाडिंग की गई.

मापी के दौरान बोडिया उत्तरी मुखिया कामेश्वर महतो के अलावे भारी संख्या में महिला, पुरुष ग्रामीण मौजूद थे. यहां अमीन ने घर के चारों ओर से कड़ी व फीता से मापी की. उसके बाद घर के बाहर सड़क किनारे के जमीन का भी मापी की गई. मापी के बाद रिपोर्ट तैयार कर लिया गया. मापी के बाद मजिस्ट्रेट सह बेरमो बीडीओ मुकेश कुमार ने बताया कि उक्त मापी बेरमो अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर किया गया और इसकी रिपोर्ट अनुमंडल पदाधिकारी को सौंपा जायेगा. इधर बोकारो थर्मल इंस्पेक्टर शैलेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि घर जमीन की मापी में कोई विवाद नहीं कर सके तथा शांति से मापी हो इसके लिए पुलिस बल की तैनाती की गई थी. मापी के बाद मौके से पुलिस बल को वापस कर लिया गया.

मौके पर पुअनि अजीत कुमार सिंह, बीरेंद्र हांसदा, भागीरथ महतो, दीपक कुमार, सअनि बैजून मरांडी व अरविंद मेहता आदि पुलिस बल उपस्थित थे.

**क्या है मामला**

बोडिया मोड़ स्थित बना घर में फिलहाल मंजर हुसैन का दखल है. उक्त दखल न्यायालय द्वारा डिग्री के बाद मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में कई बार बाद दखल दिहानी कराया गया. उसके बाद पुलिस की उपस्थिति में बोडिया मोड़ से सटे बना दुकान को ध्वस्त कराया गया.

बाद में उक्त जमीन पर चाहरदिवारी देने की बात आई तो ग्रामीणों ने इसका विरोध प्रदर्शन कर बेरमो अनुमंडल पदाधिकारी के पास वकील के माध्यम से बात को रखते हुए डिग्री हुई जमीन की मापी कराने का आग्रह किया गया था, जिसके बाद जमीन की मापी की गई.

**ग्रामीणों ने क्या कहा**

सोमवार को जमीन मापी के बाद ग्रामीण घनश्याम महतो, कोलेश्वर महतो, राजेश महतो, विकास कुमार, बरियार महतो आदि ने कहा कि न्यायलय व प्रशासन पर पूरा भरोसा है.

न्यायालय का सम्मान करते हैं, जो भी आदेश होगा पालन किया जायेगा लेकिन दूसरे पक्ष द्वारा न्यायालय व पुलिस प्रशासन को गुमराह कर ग्रामीणों को परेशान करने का कार्य किया जा रहा है. आगे ग्रामीणों ने कहा कि उक्त मामला को लेकर न्यायालय के शरण में जायेंगे.

# देसी कट्टा, जिंदा कारतूस के साथ दो गिरफ्तार



**संवाददाता। साहिबगंज**

जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र में हुए जमीन विवाद में पुलिस ने एक युवक को देसी कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है. डीएसपी विजय कुमार कुशवाहा ने जिरवाबाड़ी थाना में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि रविवार की रात 10 बजे छोटा पचगढ़ निवासी शुभम कुमार ने जिरवाबाड़ी थाना पहुंच कर बताया कि पूर्व के जमीन के सौदे में पैसों के लेनदेन को लेकर राहुल पासवान तथा अन्य युवक ने गाली-गलौज करते हुए हवा में फायरिंग की. साथ ही उसे जान से मारने की धमकी दी. सूचना मिलते ही पुलिस की छापामारी टीम ने बड़ा पचगढ़-घोघी रोड से देसी कट्टा हुआ जिंदा कारतूस के साथ बड़ा पचगढ़ के ज्योतिया मोड़ निवासी राहुल पासवान, उम्र 25 एवं कर्ण कुमार, उम्र 20 को दबोच लिया. इस मामले में जिरवाबाड़ी थाना कांड संख्या 196/24 के तहत मामला दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है. इस मौके पर थाना प्रभारी पंकज कुमार दुबे, पुअनि लव कुमार, सअनि संजय कुमार, आरक्षी ब्रजेश कुमार, हवलदार सकल मुर्मू, रविन्द्र नाथ ठाकुर व अन्य मौजूद थे.

# निगम क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था होगी दुरुस्त : संजीव



**संवाददाता। बोकारो**

नगर निगम कार्यालय के सभागार में अपर नगर आयुक्त संजीव कुमार अध्यक्षता में नगर निगम के पदाधिकारी व कर्मियों के बीच शहर की बिजली व्यवस्था से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई. साथ ही बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने तथा शहर के स्ट्रीट लाइट को ठीक करने हेतु कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए. इसके लिए खराब पड़े बंद लाइटों की सूची उनकी मरम्मती तथा बेकार पड़े लाइटों के जगह नए लाइट लगाने का भी निर्देश दिया गया. स्ट्रीट लाइट से संबंधित एजेंसी को उसके रख-रखाव को दुरुस्त करने तथा तकनीकी समस्या को अविलंब दूर करने का भी निर्देश जारी किया.

अपर नगर आयुक्त संजीव कुमार ने शहर को अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु निरंतर अभियान चलाने का निर्देश दिया. इस संबंध में उन्होंने कहा कि शहरवासियों को अतिक्रमण मुक्त करना हमारी प्राथमिकता ही नहीं बल्कि हमारी जवाबदेही भी है और इसे निरंतर चलाना होगा. साथ ही शहरवासियों से अपील भी किया है कि शहर को स्वच्छ तथा कचरा मुक्त कराने हेतु वह उनका सहयोग करें.

इस दौरान सहायक नगर आयुक्त प्रियंका कुमारी, जयपाल सिंह मुंडा, स्ट्रीट लाइट से जुड़े संबंधित अधिकारी नगर प्रबंधक, नगर मिशन प्रबंधक तथा अन्य सभी कर्मी मौजूद थे.

### बगोदर में हाथियों का तांडव जारी

**गिरिडीह।** जिले के बगोदर इलाके में जंगली हाथियों का तांडव पिछले 7-8 दिनों से जारी है. इस बीच सोमवार की सुबह ही हाथियों के झुंड ने बगोदर थाना के अटका के लच्छीबागी सहित कई गांवों में करीब दर्जन भर ग्रामणों के धान, सरसों, गेहूं, आलू की फसल और घरों को नुकसान पहुंचाया. बताया गया कि हाथियों ने लच्छीबागी के नुनूलाल महतो के आलू के साथ गेहूं और सरसों के फसल को रौंद दिया. छोटी महतो के तीस एकड़ खेत में धान की फसल तैयार थी, जिसे हाथी चट कर गये. खेतों में लगे सरसों को पूरी तरह से नष्ट कर दिया. हाथियों का तांडव इतने में ही नहीं रुका. भोला महतो, मुकेश महतो, शंकर महतो समेत कई ग्रामीणों के खेत में लगे आलू और गेहूं की फसल के अलावा घरों में रखे तैयार फसलों को नष्ट कर दिया. ग्रामीणों के अनुसार करीब तीन लाख से अधिक की फसल को हाथियों के दल ने नुकसान पहुंचाया है. कई घरों को ध्वस्त कर दिया है. ग्रामीणों ने कहा कि जंगली हाथियों के कारण पूरे इलाके में दहशत का माहोल है. ग्रामीणों का आरोप है कि गिरिडीह के वन प्रमंडल पदाधिकारी हाथियों के खदेड़ने और अलग-अलग हिस्सों में हाथियों के कारण हो रहे नुकसान का आकलन करने में लापरवाही कर रहे हैं.

# तम्बाकू में पाया जाने वाला रसायन आने वाली पीढ़ी को बर्बाद कर सकता है : प्राचार्य

## तम्बाकू के दुष्प्रभाव के बारे में अपने आसपास के लोगों को भी करें जागरूक



**संवाददाता। बोकारो**

सेक्टर- 4 स्थित केन्द्रीय विद्यालय-1 बोकारो में तम्बाकू के दुष्परिणाम विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्राचार्य मनोज कुमार के द्वारा की गई. इस दौरान जिला परामर्शी मो असलम द्वारा सभी बच्चों को तम्बाकू के दुष्परिणाम, तम्बाकू में पाये जाने वाले जहरीले तत्व, तम्बाकू प्रयोग से स्वास्थ्य पर दीर्घ अवधी परिणाम व उससे होने वाले नुकसान, तम्बाकू नशा मुक्ति केन्द्र व तम्बाकू छोडने के उपाय, परामर्शी सेवा लेने की सुविधा, टाल फ्री नम्बर 1800-11-2356 एवं तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान के मुख्य बिन्दुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई. तम्बाकू में पाया जाने वाला निकोटीन, कार्बन मोनोआक्साईड, टार, बेंजीन आदि रसायनिक गैसें भी हमारे आने वाले पीढी को कितना नुकसान कर सकते हैं.

स्कूल के प्राचार्य ने सभी बच्चों को बताया कि तम्बाकू का नशा एक सार्वजनिक स्वास्थ्य मुद्दा है, इसको हमारे देश में करोड़ों लोग इस्तेमाल करते हैं. इनमें कमी लाने के लिये हम सबको आगे आना होगा नहीं तो तम्बाकू में पाया जाने वाला निकोटीन, कार्बन मोनोआक्साईड, टार, बेंजीन आदि रसायनिक गैसें भी हमारे आने वाले पीढी को कितना नुकसान कर सकते हैं, आप अंदाजा नहीं लगा सकते. ऐसे में हम सभी से अनुरोध करना चाहते हैं कि यदि आप तम्बाकू का उपयोग करते है तो तम्बाकू नशा मुक्ति केन्द्र से सम्पर्क कर तम्बाकू छोड कर तम्बाकू मुक्त समाज का निर्माण करें और बच्चों से अनुरोध है कि यदि आपके माता पिता भी इसका उपयोग करते हैं तो उन्हें भी तम्बाकू के दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दें.

कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य मनोज कुमार, जिला परामर्शी मो असलम तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम, सोशल वर्कर छोटेलाल दास, विद्यालय के शिक्षक, स्टाफ व बच्चे उपस्थित थे.

# पुलिस वर्दी में आए अपराधियों ने की फायरिंग, एक घायल

**संवाददाता। मधुपुर**

करौ थाना क्षेत्र के पहरदाहा गांव में बीती रात करीब 7 बजे आसपास पुलिस के वर्दी में आए अपराधियों द्वारा तांडव मचाया. रात्रि में अपराधियों द्वारा ताबड़तोड़ गोली चला कर थाना क्षेत्र में दहशत फैला दिया] जिससे लोग डरे सहमे हुए हैं.

प्राप्त जानकारी के अनुसार पहरदाहा गांव में प्रदीप चौधरी के घर में ताबड़तोड़ गोली चलाये जाने से प्रदीप चौधरी का पैर में गोली लगा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया. जिसको इलाज के लिए देवघर सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज किया जा रहा है. वहीं अपराधियों द्वारा गोली से घायल प्रदीप चौधरी को जबरन पड़कर अपने साथ ले जाना चाह रहे थे. लेकिन प्रदीप चौधरी के विरोध के कारण उसे नहीं ले जा पाये.

वहीं थाना क्षेत्र के ही नागादेरी गांव में बलदेव पंडित के घर में अपराधियों ने घर में घुसकर एक महिला को हथियार सटाकर बक्सा खुलवाया और बक्सा में रखे जेवरात सहित अन्य सामान लेकर चलते बने. दोनों जगह के घटना में अपराधी आधा दर्जन की संख्या में थे और पुलिस वर्दी पहने हुए थे.

अपराधियों द्वारा एक सफेद रंग का चार पहिया वाहन में सवार होकर पहुंचे हुए थे. पुलिस द्वारा घटनास्थल से 6 गोली का खोखा बरामद किया है. रात्रि में सूचना पाते ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मधुपुर सत्येंद्र प्रसाद एवं सारठ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर जायज लिया. बेखौफ अपराधियों द्वारा थाना क्षेत्र के इन दोनों गांव में इस प्रकार के घटना को अंजाम दिए जाने से लोगों में भय एवं दहशत का माहौल बना हुआ है. लोगों ने इस क्षेत्र में रात्रि में पुलिस बल तैनात किए जाने का मांग प्रशासन से किया है. बताया जाता है कि आपको राधिका द्वारा घटना को अंजाम देकर सीमावर्ती मार्गोमुंडा थाना क्षेत्र की ओर भाग निकले.

# भूमि से संबंधित मामलों के निष्पादन में लाएं तेजी : डीसी

## जनता दरबार लगाकर दाखिल-खारिज के मामलों का करें निष्पादन



- कार्यालय कक्ष में उपायुक्त ने की सभी सीओ के साथ बैठक दिया जरूरी दिशा निर्देश

**संवाददाता। बोकारो**

समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त विजया जाधव ने सोमवार को सभी अंचलाधिकारियों के साथ बैठक की. बैठक में अंचल अधिकारियों के कार्यालय में लंबित भूमि संबंधित मामलों के निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया. उपायुक्त ने प्रत्येक सप्ताह के सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को जनता दरबार आयोजित कर आमजनों के दाखिल-खारिज (म्यूटेशन) संबंधित मामलों के निष्पादन का निर्देश दिया. इसके अलावा अपने-अपने पंचायत में शिविर लगाकर लोगों के जमीन संबंधित मामलों के निष्पादन का अंचल अधिकारियों को कहा. बैठक में उप विकास आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर, भूमि सुधार उप समाहर्ता प्रभाष द्वत्ता एवं सभी अंचल अधिकारी उपस्थित थे.

# महिला हिंसा पर अरेंज द वर्ल्ड अभियान



**संवाददाता। देवघर**

इनर व्हील क्लब ऑफ देवघर ने आज आर. मित्रा स्कूल की छात्राओं के बीच अरेंज द वर्ल्ड अभियान के तहत एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया. इस कार्यक्रम में छात्राओं को उनकी सुरक्षा और आत्मरक्षा के महत्व को समझाया गया. उन्हें यह सिखाया गया कि कैसे अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक रहें और किसी भी विपरीत परिस्थिति में आत्मविश्वास और साहस के साथ सामना करें. कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को सशक्त बनाना था ताकि वे किसी भी प्रकार की असुरक्षा या भय का सामना कर सकें. चुप्पी तोड़ो अभियान के तहत सभी छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया. यह कार्यक्रम छात्राओं के आत्मविश्वास और मनोबल को बढ़ाने में सहायक साबित हुआ.

इस अभियान का नेतृत्व इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष अर्चना भगत और सचिव कंचन मूर्ति ने किया. कोषाध्यक्ष ज्ञानी मिश्रा, सरिता रानी, नमिता भगत, मिनी दास और निशा गुप्ता सहित अन्य सहयोगी सदस्य भी मौजूद थीं. स्कूल की शिक्षिकाओं ने भी इस कार्यक्रम में महत्वपूर्ण योगदान दिया. यह कार्यक्रम छात्राओं के लिए प्रेरणादायक साबित हुआ और उन्होंने इसे बड़े उत्साह के साथ सराहा.

# डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित



- बॉक्सिंग में आयुष कुमार साहू ने स्वर्ण पदक जीता

**संवाददाता। बोकारो**

डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर-6 बोकारो के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नई दिल्ली में आयोजित डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स में कई पदक जीत कर विद्यालय का नाम रौशन किया. विद्यालय के प्रार्थना सभा में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. डीएवी 6 के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण पदक, तीन रजत पदक और पांच कांस्य पदक सहित कुल मिलाकर 9 पदक प्राप्त किए. आयुष कुमार साहू बॉक्सिंग में बालक वर्ग से अंडर-17 स्वर्ण पदक प्राप्त कर कृतिमान स्थापित किया. पुनः मनीष कुमार अंडर-17 रजत पदक, निशांत कुमार 15 कांस्य पदक प्राप्त किया. वहीं जुडो में बालिका वर्ग से निकिता सोरेन ने अंडर-14 में कांस्य पदक जीत कर विद्यालय का मान बढ़ाया. बालक वर्ग हैंड बॉल अंडर-19 में अभय कुमार सिंह, श्रेयांश परासर ने रजत पदक प्राप्त किया. खो-खो अंडर -17 में रौशन कुमार, मोहम्मद आतिफ व रोहित यादव ने कांस्य पदक जीता. इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या अनुराधा सिंह ने सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया. उन्होंने कहा कि आज विद्यालय के बच्चे पढ़ाई के साथ -साथ खेलकूद में भी उत्तम प्रदर्शन कर रहे हैं.

प्राचार्या ने खेल-कूद के महत्त्व को बताते हुए कहा कि खेल से नेतृत्व क्षमता सहयोग और अनुशासन की भावना का विकास होता है. साथ ही भविष्य में भी सुनहरा अवसर प्राप्त कर सकते हैं. यह हमारे लिए बड़े ही गर्व की बात है कि हमारे विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी अपनी प्रतिभा की चमक दिखा रहे हैं. इस विजयी यात्रा में खिलाड़ियों की कठिन मेहनत के साथ ही कोच व अभिभावकगण का पूर्णतः सहयोग रहा है. इसी पुनीत अवसर पर सभी कक्षाओं के विशेष चयनित 'विद्यार्थियों को 'स्टूडेंट ऑफ़ द वीक' बैच भी प्रदान किया गया. चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिए विद्यार्थियों को भी प्रमाण पत्र प्रदान किया. इस मौके पर सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे.

### डीएवी कथारा वॉलीबॉल क्रिकेट में बना नेशनल चैंपियन

**कथारा।** डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स 2024 में डीएवी पब्लिक स्कूल सीसीएल कथारा के बच्चों ने जबरदस्त प्रदर्शन कर विद्यालय का परचम लहराया है. लगातार तीसरी बार वॉलीबॉल अंडर-14 एवं अंडर-19 नेशनल चैंपियन का खिताब जीता. वॉलीबॉल अंडर-14 के विराट कुमार यादव, प्रिंस यादव, अथर्व कुमार, बादल कुमार एवं राजवीर यादव ने उत्तराखंड, छत्तीसगढ़ उत्तर प्रदेश एवं फाइनल में पंजाब को हराकर राष्ट्रीय विजेता बना. वहीं अंडर-19 में मुकेश यादव, समीर हुसैन, हरप्रीत, अमीर हम्ज़ा और अबूजार फैजी ने उत्तराखंड, राजस्थान, पंजाब एवं फाइनल में जम्मू एंड कश्मीर को हराकर डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स के चमचमाती ट्रॉफी पर कब्जा जमाया.

# प्रखंडों में बढ़ा ठंड का प्रकोप

## दैनिक मजदूरों को बढ़ी परेशानी, प्रशासन से अलाव की व्यवस्था करने की मांग

**संवाददाता। साहिबगंज**



सोमवार को जिले के सभी प्रखंडों में अचानक आई बदलाव के कारण जिले के तापमान में गिरावट पैदा होने से ठंड अचानक बढ़ गया है. ठंड का प्रकोप हर तरफ देखने को मिला. हर चौक चौराहों पर लोग जगह-जगह पर अलाव के पास बैठकर आग का सहारा लेने को मजबूर देखे गए. सोमवार को दिन भर जहां सूरज का दर्शन नहीं हुआ. वहीं जगह-जगह पर घने कोहरे एवं छिट फुट बूंदा बूंदी बारिश भी हुई. ठंड का असर खेत खलियानों से लेकर हाट बाजारों तक में भी देखा गया.

ठंड के कारण जहां खेतीहर मजदूर दिन भर अपने घरों में ही दुबक कर रह गए, वहीं सामान्य दिनों की तरह हाट बाजारों में भी भीड भाड़ कम देखी गई. मौसम विभाग के अनुसार अगले एक-दो दिन तक इसी तरह की स्थिति बनी रह सकती है.

ठंड के प्रकोप के कारण दैनिक मेहनत मजदूरी कर पेट पालने वाले मजदूरों की परेशानी बढ़ा दिया है और गरीब तबके के सामने अपने बाल बच्चों का तन ढकने को लेकर कई प्रकार की दिक्कत खड़ी कर दी है. कुल मिलाकर ठंड का मार हर तरफ देखा जा रहा है. कुछ सामाजिक संगठनों ने प्रशासन से चौक चौराहों पर अलाव की व्यवस्था करने एवं असहाय लोगों के बीच कंबल वितरण करने की मांग की है.

## ब्रीफ खबरें

### सड़क दुर्घटना में भूली का युवक जख्मी

**धनबाद।** आठ लेन सड़क पर बिरसा मुंडा चौक के पास सड़क दुर्घटना में भूली निवासी अनुप दास (28) जख्मी हो गया. घटना सोमवार सुबह की है. वह अपनी बाइक से मेमको मोड़ की ओर जा रहा था. इसी दौरान सर्विस लेन में सामने से आ रही कार से साइड लेने में बाइक अनियंत्रित हो गई, इससे युवक गिर गया. उसके हाथ में गहरी चोट आई है. घटना की सूचना पर वहां पहुंचे परिजन इलाज के लिए युवक को धनबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गया.

### डॉ. रामचंद्र कुमार को मिला इडीसी रिसर्च फेलोशिप अवार्ड

**धनबाद।** आरएसपी कॉलेज बीएड विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ0 रामचंद्र कुमार को फातिमा डिग्री कॉलेज, पटना में सात से आठ दिसंबर तक आयोजित दो दिवसीय अंतराष्ट्रीय सम्मेलन में इडीसी रिसर्च फेलोशिप अवार्ड 2024 से नवाजा गया. यह अवार्ड डॉ0 कुमार को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ठ योगदान के लिए दिया गया. डॉ0 कुमार अभी तक शिक्षा व समसामयिक विषयों पर दस पुस्तकों का लेखन व संपादन कर चुके हैं. डॉ0 कुमार के सोमवार को कॉलेज पहूंचने पर प्राचार्य डॉ0 निलेश कुमार सिंह व बीएड विभाग के शिक्षकों ने बधाइ दी.

### ठंड-बारिश ने बढ़ाया बीमारियों का खतरा

**धनबाद।** बारिश ने इसे और बढ़ा दिया है. इसके साथ बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है. अस्पतालों के ओपीडी में सर्दी, खांसी, बुखार समेत अन्य मौसमी बीमारियों के मरीजों की भीड़ लग रही है. वृद्ध और बच्चा ज्यादा बीमार पड़ रहे हैं. ईएनटी और चर्म रोग के डॉक्टरों के पास भी भीड़ लग रही है. स्थिति यह है कि बारिश के बावजूद सोमवार को धनबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल के ओपीडी में मरीजों की लंबी लंबी कतार लगी थी. डॉक्टरों की मानें तो इस मौसम में ज्यादा सतर्क करने की जरूरत होती है. खासकर बीमार, बुजुर्ग और बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर विशेष सतर्कता बरनी जरूरी है. ताकि मौसम का असर उनके शरीर पर कम से कम हो. इसके लिए खानपान से लेकर लाइफ स्टाइल तक में बदलाव की जरूरत है. तभी सर्दी के मौसम में होने वाली बीमारियों से बचा जा सकता है.

# इनोवेटर्स पैदा करने के लिए आईआईटी प्रयत्नशील : गंगवार

## आईआईटी-आइएसएम धनबाद के 99वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए राज्यपाल संतोष गंगवार




संवाददाता। धनबाद

**धनबाद।** जिले के सबसे प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान आईआईटी आइएसएम का 99वां स्थापना दिवस समारोह सोमवार को मनाया गया. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार शामिल हुए. मुख्य अतिथि के साथ मंच पर चेयरमैन कोल इंडिया पीएम प्रसाद, निदेशक प्रो. सुकुमार मिश्रा, दुर्गापूर स्टील प्लांट के निदेशक प्रो. बीपी सिंह मंच पर मौजूद थे.राज्यपाल को जिला पुलिस के द्वारा कैंपस परिसर में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यपाल ने दीप प्रज्वलित कर किया. स्थापना दिवस समारोह में राज्यपाल के द्वारा देशभर में बेहतर कार्य करने वाले पूर्ववर्ती छात्रों और फेकल्टी को सम्मानित भी किया गया. कार्यक्रम के बाद राज्यपाल ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि आईआईटी आइएसएम पारंपरिक शिक्षा व्यवस्था से आगे बढ़कर देश के विकास के लिए तकनीकी रूप से देश को आगे बढ़ने में मदद कर रहा है. इसके लिए ये संस्थान साधुवाद का पात्र है.उन्होंने यह भी कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकसित भारत की ओर आगे बढ़ रहा है. जब से पीएम मोदी आये हैं देश में तकनीकी शिक्षा पर अधिक जोर दिया जा रहा है. यही नही उन्होंने आईआईटी-आईएसएम की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य में इनोवेटर्स और बड़े समाज सुधारक पैदा करने के लिए आईआईटी प्रयत्नशील है. बता दें कि आज ही के दिन वर्ष 1926 में 22 छात्रों और 3 शिक्षकों के साथ भारतीय खनि विद्यापीठ (Indian School of Mines) की शुरुआत हुई थी.

# सांसद ढुलू महतो ने इस्पात मंत्री से की धनबाद में नए उद्योग लगाने की मांग

- सांसद ने क्षेत्र की समस्याओं से कराया अवगत

संवाददाता। धनबाद



धनबाद लोकसभा क्षेत्र के सांसद ढुलू महतो ने अपने लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले बोकारो की जनता की समस्याओं और मांगों को प्रमुखता से उठाते हुए इस्पात और भारी उद्योग मंत्रालय के मंत्री एच. डी. कुमारास्वामी से मुलाकात किया.
सांसद महतो ने क्षेत्र के विकास, रोजगार सृजन और स्थानीय संसाधनों के समुचित उपयोग पर जोर देने के लिए मंत्री को पत्र सौपा हैं. उन्होंने पुराने और निष्क्रिय इस्पात संयंत्रों के पुनर्जीवन, नई परियोजनाओं के आरंभ और क्षेत्र में उद्योगों के विस्तार की मांग की है. जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार मिल सके. ढुलू महतो ने यह भी मांग की है कि इस्पात उद्योग के सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत क्षेत्र में स्वास्थ्य, शिक्षा और आधारभूत संरचनाओं के विकास को प्राथमिकता दी जाए. उन्होंने क्षेत्र के आदिवासी और वंचित समुदायों की बेहतरी के लिए विशेष योजनाओं की आवश्यकता पर बल दिया है.

**अप्रेंटिस के बच्चों के नियोजन की है मांग :** सांसद ढुलू महतो ने इस्पात मंत्री के समक्ष तथ्य उपलब्ध कराते हुए कहा है कि बीएसएल के 4328 अभ्यर्थियों का अप्रेंटिस सूचीबद्ध हुआ था. जिसमें से 1500 अभ्यर्थियों का नियोजन हुआ लेकिन बाकी का नही हो पाया था. बाकी बचे हुए अभ्यर्थियों को भी नियोजित किया जाए. साथ ही विस्थापन और पुनर्वास की नीतियों पर भी कई बातों को रखा है. उन्होंने बीएसएल लैंड ओनर्स फेडरेशन से प्राप्त प्रतिनिधित्व की एक प्रति संलग्न करते हुए मंत्री से क्षेत्र के मुद्दों को शीघ्र हल करने का भी अनुरोध किया है.

## इस्कॉन कुसुम विहार ने आयोजित की विशेष प्रार्थना सभा




संवाददाता। धनबाद

बांग्लादेशी हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरुद्ध सोमवार को इस्कॉन कुसुम विहार के द्वारा विशेष प्राथना का आयोजन किया गया. प्राथना सभा में सभी भक्तो ने हरि नाम जाप एवं कीर्तन कर भगवान से बांग्लादेशी हिंदुओं के सुरक्षा के लिए प्राथना किया और सभी देशवासियों को एक होने का निवेदन किया. इस्कॉन कुसुम विहार प्रबंधक सुंदर गोविंद प्रभु ने सभी भक्तो से आग्रह किया कि वो धर्म को समझे, अपने ग्रंथों का अध्ययन करे और एक रहे. उन्होंने कहा अगर सभी सनातनी विभिन्न जात या समाज में ना बट कर एक रहे तो एक सकारात्मक विचार का माहौल बनेगा और सभी अपने धर्म की रक्षा कर सकेंगे.सभा के पश्चात भक्तो के बीच प्रशाद का वितरण किया गया.

### राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा परिषद की गोलकड़ीह कार्यालय में बैठक

**झरिया।** राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा परिषद का धनबाद जिला अंतर्गत गोलकड़ीह कार्यालय में बैठक की गई. जिसकी अध्यक्षता झारखंड प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष सह जिला अध्यक्ष लखन विश्वकर्मा द्वारा किया गया. 10 दिसंबर को मानव अधिकार दिवस मनाने हेतु शहर से गांव की समस्या के लिए ग्राम कमेटी का गठन पर जोर दिया गया तथा जो गरीब लोगों का बात कोई नहीं सुनता है उसे राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा परिषद सुनेगा और संज्ञान लेगा. बैठक में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष सह जिला अध्यक्ष लखन विश्वकर्मा, बलियापुर प्रखंड अध्यक्ष किशोर कुमार वर्मा, बलियापुर संगठन मंत्री मनोरंजन कुमार ,झरिया प्रखंड अध्यक्ष विजय कुमार, वरिष्ठ सदस्य संजय यादव, सुलेखा देवी, कैलाश विश्वकर्मा ,शमशेर आलम, अशोक भुईया , मनोरंजन कुमार, बलिराम राजभर ,मिथलेश कुमार सिन्हा, बनवारी शर्मा उमेश प्रसाद, किशोर कुमार वर्मा, सुरेश कुमार सिंह ,सुनील कुमार मोदी अधिवक्ता मौजूद थे.

## संतमत सत्संग समिति का दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन आज से



संवाददाता। गोविंदपुर

महर्षि मेंही आश्रम लाल बंगला गोविंदपुर में धनबाद जिला संतमत सत्संग समिति का 9 दिवसीय योग, ध्यान एवं साधना शिविर सोमवार को संपन्न हुआ . धनबाद जिला संतमत सत्संग समिति का दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन मंगलवार और बुधवार को इसी आश्रम में होगा . योग एवं ध्यान शिविर में स्वामी राधे, स्वामी गंभीर आनंद, स्वामी रामप्रवेश, स्वामी बिंदु, रतन बाबा आदि ने योग एवं साधना की सीख श्रद्धालुओं को दी. संतमत सत्संग के जिला अध्यक्ष परमानंद प्रसाद एवं व्यवस्थापक स्वामी रतन बाबा ने कहा कि दो दिवसीय अधिवेशन में जिले के विभिन्न भागों के श्रद्धालु भाग लेंगे इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्य स्वामी चतुरानंद महाराज विशेष रूप से भाग लेंगे. आश्रम श्रद्धालुओं के रहने की आवासीय व्यवस्था भी है.

### विधायक चंद्रदेव का किया गया स्वागत

**गोविंदपुर।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय सुगना शहरपुरा में रविवार को कार्यक्रम आयोजित कर विधायक चन्द्रदेव महतो का अभिनन्दन किया गया. श्री महतो ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर काम किया जायगा. मौके पर आदित्य प्रसाद मिर्धा, प्रधानाध्यापक अब्दुल रज्जाक, सुकदेव मुर्मू, दीप्ति सिंह, विश्वनाथ सोरेन, रिजवान, मरगुब खान, मीना देवी, शिवलाल टुड्डू, सुरेश सोरेन, वैद्यनाथ सोरेन, ईशरत जहां, रूपलाल मुर्मू रामेश्वर सोरेन, अमीन सोरेन, रामप्रसाद मुर्मू आदि उपस्थित थे.

BEFORE : THE EXECUTIVE MAGISTRATE, BOKARO

AFFIDAVIT

I **Yunus Ansari** son of Ibrahim Ansari, resident of at Bhendra, Bhendra, Bokaro, Jharkhand, do hereby solemnly affirm and declare on oath as under-

1. that my actual and correct name as per my Adhar card as Yunus Ansari, bearing adhar card no.8840 1647 0100, but my name has been mentioned in my Bank account as Unus Ansari, bearing account no.488510110004941 Bank of India Bhendra Branch.
2. that I want to mentioned my name Yunus Ansari in place of Unus Ansari in my Bank account.
3. that I am swearing this affidavit for needful.

Affidavit No. 7178 Dt. 05.12.2024

BEFORE : THE EXECUTIVE MAGISTRATE, BOKARO

AFFIDAVIT

I **Renu chaursiya** wife of Ashok Chaursiya, resident of at shiv mandir ke pass Bhendra, Bhendra, Bokaro, Jharkhand, do hereby solemnly affirm and decalre on oath as under -

1. that my actual and correct name as per my Adhar card as Renu chaursiya wife of Ashok chaursiya, bearing Adhar card no. 2620 0831 9025, but my name has been mentioned in my bank account as Renu Chaorasiya wife of Ashok chorasiya, bearing account no. 488510110001456.
2. that I want to mentioned my name Renu chaursiya wife of Ashok chaursiya in place of Renu chaorasiya in place of Renu chaorasiya wife of Ahok chorasiya in my bank account.
3. that I am swearing this affidavit to submit it before the competent authority for needful.

Affidavit No. 7177 Dt. 05.12.2024

## आसनसोल

# कोलकाता एयरपोर्ट के 100 साल

## दिसंबर मध्य में शुरू होंगी भव्य जश्न की तैयारियां

संवाददाता। कोलकाता




कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा (एनएससीबीआई) अपने 100 साल पूरे होने का जश्न मनाने जा रहा है. यह हवाईअड्डा, जिसे पहले दमदम एयरपोर्ट के नाम से जाना जाता था, 1924 में शुरू हुआ था. एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) के प्रवक्ता राजेश कुमार ने सोमवार को ङहिन्दुस्थान समाचार को बताया कि दिसंबर के तीसरे हफ्ते से शुरू होकर मार्च 2025 तक चलने वाले इस कार्यक्रम में कई खास आयोजन होंगे. 100 शानदार वर्षों का जश्न मनाते हुए, कोलकाता एयरपोर्ट पश्चिम बंगाल की आत्मा और दुनिया को जोड़ने वाला गेटवे बना रहा. यह हवाईअड्डा इतिहास, संस्कृति और आधुनिकता का प्रतीक है. इस मौके पर ऐतिहासिक प्रदर्शनियां, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पैनल चर्चाएं और हस्ताक्षर अभियान आयोजित किए जाएंगे. इस कार्यक्रम में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के शामिल होने की संभावना है.

**एयरपोर्ट का ऐतिहासिक सफर :** कोलकाता एयरपोर्ट की शुरुआत 1900 के दशक की शुरुआत में कलकत्ता एरोड्रम के रूप में हुई थी. 1924 में केएलएम एयरलाइंस की फ्लाइट्स यहां नियमित रूप से उतरने लगीं. इसी साल दो मई को फ्रांस के पायलट दोइस का आगमन और 14 नवंबर को रात में पहली फ्लाइट की टॉर्चलाइट में लैंडिंग हुई. ब्रिटिश शासन के दौरान यह एयरपोर्ट उत्तरी अमेरिका, यूरोप और एशिया को जोड़ने वाला एक अहम पड़ाव था. 1929 में बंगाल फ्लाइंग क्लब की स्थापना ने इसे और खास बना दिया. द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यह हवाईअड्डा व्यावसायिक उड़ानों के लिए एक प्रमुख गंतव्य बना. 1940-60 के दशक में एयर फ्रांस, एयरोफ्लोट और पैन एम जैसी एयरलाइंस के लिए यह एक प्रमुख ठहराव स्थल था. 1990 के दशक में इसका नाम नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा रखा गया और इसके आधुनिकीकरण की शुरुआत हुई. 2013 में नए टर्मिनल के उद्घाटन के बाद यह भारत आने-जाने के लिए एक प्रमुख द्वार बन गया.

**भविष्य की ओर बढ़ते कदम :** 100 साल पूरे होने का यह जश्न कोलकाता एयरपोर्ट के गौरवशाली इतिहास और इसकी वैश्विक पहचान का सम्मान है. आने वाले महीनों में होने वाले ये कार्यक्रम इसके उज्ज्वल भविष्य की ओर भी इशारा करेंगे.

### जिला परिषद सदस्य ने खराब सड़क की कराई मरम्मत

**नीतुरिया।** पुरुलिया जिला परिषद की पहल से स्थानीय निवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी हो गई है. पुरुलिया जिला परिषद की सदस्य सरस्वती बाउरी ने इलाके में लंबे समय से खराब हालत में पड़ी सड़कों को दुरुस्त कराया. पुरुलिया जिले के रघुनाथपुर प्रथम ब्लॉक के खंजुरा क्षेत्र में सेनारा गांव की महत्वपूर्ण सड़क सेनारा भारत सेवाश्रम संघ से जोरका गांव तक की सड़क लंबे समय से खराब स्थिति में थी. सड़क पर सफर करते समय स्थानीय लोगों को अक्सर छोटी-बड़ी दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ता था. मालूम हो कि पिछले पंचायत चुनाव में प्रत्याशी के रूप में जब वह क्षेत्र में चुनाव प्रचार के लिए गई थी तो स्थानीय निवासियों ने सरस्वती बाउरी से सड़क निर्माण की मांग की थी. वोट जीतने के बाद जिला परिषद सदस्य सरस्वती बाउरी ने उस सड़क को बनाने की पहल की तथा स्थानीय निवासियों की मांग को पूरा किया.आखिरकार जिला परिषद सदस्य सरस्वती बाउरी ने जिला परिषद के 15 फिनांस के तहत 30 लाख रुपये से इलाके की खराब सड़क का निर्माण कार्य शुरू कराया.

# नंदीग्राम में तृणमूल कार्यकर्ता की हत्या, आरोप भाजपा पर

संवाददाता। पूर्व मेदिनीपुर

सहकारी समिति के चुनाव के बाद नंदीग्राम में राजनीतिक माहौल गर्म है. इस बीच एक तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ता की हत्या का आरोप सामने आया है. आरोप है कि रविवार की रात सशस्त्र अपराधियों के एक दल ने नंदीग्राम ब्लॉक नंबर एक के जलपाई गांव नंबर सात में बिष्णुपद मंडल नाम के तृणमूल कार्यकर्ता के घर पर धावा बोल दिया. आरोप है कि तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ता पर भुजाली से हमला किया गया. तृणमूल कार्यकर्ता गुरुपद मंडल के बड़े भाई की भी जमकर पिटाई की गयी. उन्हें नंदीग्राम सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. तृणमूल ने हत्याकांड के लिये भाजपा को जिम्मेदार ठहराया है जबकि भाजपा ने आरोपों को गलत करार दिया है. उल्लेखनीय है कि रविवार को तमलुक सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक का मतदान था. नंदीग्राम के ब्लॉक नंबर एक में कंचननगर हाई स्कूल मतदान केंद्र पर बम विस्फोट हुआ था. इसके बाद भाजपा और तृणमूल में आरोप प्रत्यारोप शुरू हो गया था. इस सहकारी बैंक के हल्दिया, सुताहाटा, महिषादल, मयना, तमलुक, चांदीपुर सहित कुल बारह शाखाओं के 69 सीटों में मतदान हुआ. इनमें से 56 सीटें जीतकर तृणमूल कांग्रेस ने बोर्ड बनाने की ताकत हासिल कर ली है. अकेले नंदीग्राम ब्लॉक नंबर एक और दो में भाजपा ने 13 सीटें जीतीं हैं. इसके बाद ही नंदीग्राम ब्लॉक नंबर 1 के जलपाई गांव नंबर 7 के बिष्णुपद मंडल के घर पर हमला हुआ. इस हत्याकांड का विरोध करते हुए सोमवार सुबह तृणमूल ने मार्च निकाला. तृणमूल ने नंदीग्राम के गढ़चक्रबेरिया, सोनाचुरा, हजराकाटा और अन्य स्थानों पर सड़कें अवरुद्ध कर दीं. इस संबंध में नंदीग्राम ब्लॉक नंबर एक तृणमूल कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष शेख अल राजी ने कहा, "छोटी सहकारी बैंक शाखा को जीतकर अपनी शक्ति का दिखावा करने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं ने नंदीग्राम में विभिन्न स्थानों पर दंगे शुरू कर दिए हैं. हमारे कार्यकर्ता बिष्णुपद मंडल की प्रशांत मंडल, मानस सेन, दिव्येंदु दास, राजकुमार मंडल समेत कई भाजपा कार्यकर्ताओं ने हमला किया है. मैंने इन हत्यारों की गिरफ्तारी और कड़ी सजा की मांग की है." हालांकि, भाजपा के तमलुक सांगठनिक जिले के महासचिव मेघनाद पाल ने कहा, 'इस घटना में हमारा कोई भी कार्यकर्ता शामिल नहीं है. यह उनका पारिवारिक विवाद हो सकता है. मुझे लगता है कि उसी कारण उसकी हत्या कर दी गई." नंदीग्राम थाने के आईसी ने कहा, "स्थिति से निपटने के लिए नंदीग्राम में हर जगह पुलिस की गश्त चल रही है. फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है.

## बेघर लोगों के लिए बनी इमारत वर्षों से बंद, पुन : संचालन की मांग

संवाददाता। रानीगंज

वार्ड नंबर 88 (हुसैन नगर, बी-2, एएमसी के तहत) में बहुमंजिला इमारत रेन बसेरा, जिसे बेघर और बेसहारा लोगों के लिए आश्रय स्थल के रूप में विकसित किया गया था, कई वर्षों से बंद पड़ी है. इमारत एडीडीए (आसनसोल दुर्गापुर विकास प्राधिकरण), एएमसी (आसनसोल नगर निगम) और एमएडी (नगर विकास प्राधिकरण) के संयुक्त प्रयासों से बनाई गई थी. यह परियोजना उन गरीब और बेसहारा लोगों के लिए थी जो ठंडी सर्दी के मौसम में खुले आसमान के नीचे रात गुजारने को मजबूर होते हैं. हालांकि इसके निर्माण के बाद से ही यह इमारत किसी भी उद्देश्य के लिए उपयोग में नहीं लाई गई है. पूर्व पार्षद आरिज जलीस ने जिला प्रशासन, नगर निगम, एडीडीए और अन्य संबंधित विभागों को पत्र लिखकर इस मुद्दे पर ध्यान देने और इमारत को जल्द से जल्द चालू करने की अपील की है. उन्होंने अपने पत्र में लिखा है कि सर्दियों का मौसम दस्तक दे चुका है, और ऐसे में यह बेहद जरूरी है कि इस परियोजना को शुरू किया जाए ताकि गरीब और जरूरतमंद लोग इससे लाभान्वित हो सकें. उन्होंने इस सामाजिक और नागरिक मुद्दे को प्राथमिकता देते हुए इसे जल्द हल करने की मांग की है. अब देखना होगा कि प्रशासन और संबंधित विभाग इस विषय पर क्या कदम उठाते हैं. रानीगंज बोरो 2 के अध्यक्ष मुजम्मिल शहजाद ने कहा कि इस मामले को लेकर हम लोग काफी गंभीर हैं. यह परियोजना कोलकाता के एनजीओ के मार्फत की है यदि नगर निगम को यह परियोजना हैंड ओवर कर दिया जाए तो समस्या का हल तत्काल निकल जाएगी.

### दामागोड़िया कोलियरी में भाजपा का विरोध प्रदर्शन

**बराकर।** दामागोड़िया कोलियरी प्रोजेक्ट में स्थानीय लोगों को रोजगार सहित पाच सूत्री मांग को लेकर भाजपा वार्ड 17 के पार्षद ललन मेहरा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने 4 घंटे तक उत्पादन ठप किया विरोध प्रदर्शन , इस दौरान पार्षद के नेतृत्व में दामागोड़िया कोलियरी एजेन्ट कार्यालय का घेराव किया, कोलियरी प्रबंधन की पहल पर कोलियरी एजेन्ट धर्मेन्द्र तिवारी ने भाजपा पार्षद एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की, इस बैठक में भाजपा पार्षद ललन मेहरा ने स्थानीय लोगों को रोजगार, शुध्द पेयजलापूर्ति एवं कच्चा पानी की आपूर्ति कराने को लेकर कोलियरी प्रबंधक से मांग की, उन्होंने बोर्डरा प्रोजेक्ट को शुरू करने से पहले पानी के लिये पाइप लाइन लगाने एवं हाजरापीट इलाके में निर्मित सामुदायिक भवन की मरम्मति कराने की मांग की, उन्होंने कहा कि दामागोड़िया कोलियरी क्षेत्र के अंतर्गत अधिकांश क्षेत्र वार्ड 17 में आता है.

## ममता बनर्जी ने की बांग्लादेश के नेताओं की टिप्पणियों की निंदा

संवाददाता। कोलकाता




पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को राज्य विधानसभा में बांग्लादेश के कुछ नेताओं की उन टिप्पणियों पर कड़ा जवाब दिया, जिनमें कहा गया था कि बांग्लादेश का बंगाल, बिहार और ओडिशा पर वैध अधिकार है. उन्होंने सवाल किया कि क्या भारतीय लोग लॉलीपॉप खाएंगे जबकि बाहरी ताकतें हमारी जमीन पर कब्जा करने की कोशिश करेंगी. ममता बनर्जी ने कहा कि लोगों को शांत और संयमित रहना चाहिए और बांग्लादेश से आए ऐसे भड़काऊ बयानों से प्रभावित नहीं होना चाहिए. उन्होंने स्पष्ट किया कि पश्चिम बंगाल हमेशा केंद्र सरकार के फैसलों के साथ खड़ा रहेगा. मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे राज्य के इमामों ने भी बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमलों और ऐसी टिप्पणियों की निंदा की है. हिंदू और मुसलमानों सहित सभी समुदायों की नसों में एक ही खून बहता है. हमें साथ मिलकर काम करना चाहिए ताकि पश्चिम बंगाल की स्थिति को खराब होने से रोका जा सके. उन्होंने बांग्लादेश में हालिया घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल ऐसा पहला राज्य है जहां हर जाति, धर्म और समुदाय के लोगों ने मिलकर वहां की स्थिति के खिलाफ सामूहिक विरोध दर्ज कराया.

### भाजपा ने आवास भ्रष्टाचार के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**नितुरिया।** रघुनाथपुर ब्लॉक नंबर 1 के शाखा ग्राम पंचायत में सोमवार को भाजपा की ओर से आवास भ्रष्टाचार के विरोध में एक सामूहिक ज्ञापन दिया गया. मौके पर भाजपा प्रदेश कमेटी सदस्य विकास प्रसाद समेत भाजपा सदस्य व कार्यकर्ता मौजूद थे. जानकारी के अनुसार सोमवार को किये गए प्रदर्शन में महिला पुरुष सभी बीजेपी कार्यकर्ता समर्थक शामिल रहे. महिलाओं ने हाथों में झाड़ू लेकर ग्राम पंचायत गेट के सामने प्रदर्शन किया. उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल शासित ग्राम पंचायत में अपने लोगों का नाम आवासीय सूची में शामिल किया है. आरोपों में कहा कि रुपये के एवज में मकान बेच दिया गया. इसलिए अगर अविलंब अपात्र लोगों का नाम इस सूची से नहीं हटाया गया तो वे बड़े आंदोलन में शामिल होने को बाध्य होंगे. वहीं इस मंडल के मंडल अध्यक्ष संटू तिवारी ने कहा कि रघुनाथपुर ब्लॉक नंबर एक के बीडीओ को पता है कि भारतीय जनता पार्टी क्या है.

## धनारा गांव में नवान्न उत्सव देवी अन्नपूर्णा पूजा शुरू

संवाददाता। नितुरिया



गांव में दुर्गा पूजा नहीं की जाती है. ऐसा कहना आपको शरदोत्सव के आनंद से वंचित कर देगा. इसलिये गांव के लोगों ने इसकी वैकल्पिक व्यवस्था अपनाई. अग्रहायण की नई धान की कटाई पर केंद्रित पुरुलिया के रघुनाथपुर ब्लॉक नंबर 2 के धनारा गांव में शनिवार से नवान्न उत्सव देवी अन्नपूर्णा पूजा की शुरुआत हुई. यह पूजा तिथि के अनुसार अग्रहायण शुक्ल पंचमी को की जाती है. दुर्गा पूजा की तरह यहां सप्तमी, अष्टमी और नवमी तीन दिन देवी अन्नपूर्णा की पूजा की जाती है. गांव सभी लोग मस्त हो जाते हैं. विवाहित महिलाएं पूजा के अवसर पर पिता के घर आती हैं. जो लोग काम के सिलसिले में बाहर हैं वे भी इस समय घर लौट आते हैं. रघुनाथपुर ब्लॉक 2 के धनारा गांव की अन्नपूर्णा पूजा सबसे पुरानी और महत्वपूर्ण है. धनारा गांव के देवघरिया और चट्टोपाध्याय परिवार मिलकर इस पूजा का आयोजन करते हैं. लेकिन इस गांव में अन्नपूर्णा पूजा पूरी तरह से वैष्णव रीति से की जाती है. 189 साल पुरानी यह पूजा कई घटनाओं पर केंद्रित है. सुनने में आया है कि पुरुलिया के काशीपुर राजवंश के राजा ज्योतिप्रसाद सिंहदेव स्वयं आकर इस धनारा गांव की अन्नपूर्णा पूजा शुरू की और प्रसाद ग्रहण किया. राजा ने प्रसन्न होकर गाँव के कुछ



# घर में लगाएं ये पौधे नहीं होंगे मच्छर

**अक्सर घर को डेकोर करने के लिए कई तरह के पौधे लगाएं जाते हैं लेकिन कई बार इसलिए भी नहीं लगाते हैं क्योंकि मच्छर होने लगते हैं। हालांकि घर में पौधे लगाने से ताजगी बनी रहती है। फ्रेश ऑक्सीजन का प्रभाव घर में होता है। घर में भी सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है। लेकिन सिर्फ मच्छर की वजह से घर में पौधे नहीं लगाना उचित नहीं है। तो आइए जानते हैं कि आप घर में किस तरह के पौधे लगा सकते हैं जिससे मच्छर नहीं होंगे-**

- **नीम-** इसमें मौजूद एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल गुणों से विभिन्न प्रकार के कीड़ें भाग जाते हैं। इसलिए आप इसे लगा सकते हैं। घर पर इसे लगाते हैं तो कई सारे फायदे भी आपको मिलते रहेंगे।
- **मिंट-** मिंट की खूशबू ही बहुत अच्छी होती है। इसमें मौजूद गुण मच्छरों और मक्खियों को दूर भगाते हैं। इस पौधे को आप घर में कहीं भी लगा सकते हैं। इसकी खूशबू से ताजगी बनी रहती है।
- **यूक्लेप्टस-** इसमें मौजूद तत्व कई मच्छर, मक्खी और कीड़ों के दुश्मन है। इसलिए आप यह पेड़ आसानी से लगा सकती है।
- **लेमन ग्रास-** इस पौधे में मौजूद गुण सिस्ट्रोनेला ग्रास की नस्ल की तरह है। इससे यह पौधा मच्छर भगाने में मदद करता है। साथ ही इसका उपयोग खाने में और चाय बनाने में भी किया जाता है। जी हां, इसकी चाय पीना काफी पसंद करते हैं।
- **तुलसी-** तुलसी का पौधा आंगन में लगाया जाता है। यह घर की समृद्धि में अहम है तो मनुष्य के स्वास्थ्य में लाभदायक। इसमें मौजूद प्राकृतिक गुण मच्छरों को दूर भगाता है। इतना ही नहीं इसकी खूशबू से चींटिया और छोटे-मोटे कीड़ें भी आसपास नहीं आते हैं।



# नए रिश्ते की शुरूआत में गलतफहमियों से बचें

**जब एक जोड़ा शादी के बंधन में बंधता है तो उसके मन में एक अजीब सा उत्साह होता है। अपने नए रिश्ते और जीवन में आए बदलाव को लेकर बहुत सी खुशियां व सपने उसकी आंखों में होते हैं। इतना ही नहीं, अपने पार्टनर को लेकर एक छवि पहले से ही उनके मन में होती है। लेकिन कभी-कभी ऐसा होता है कि इसी अति उत्साह के चलते वह कुछ ऐसी गलतियां कर बैठते हैं, जिससे उनके रिश्ते पर विपरीत प्रभाव पड़ता है।**

कभी-कभी तो यही गलतियां उनके रिश्ते की शुरूआत में ही उनके बीच समस्या पैदा कर देती हैं। जिसकी भरपाई बाद में भी कर पाना बेहद मुश्किल हो जाता है। अगर नए रिश्ते की शुरूआत में ही गलतफहमियां या खटास आ जाए तो ऐसे में ताउम्र उनके बीच खींच-तान बनी रहती है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसी ही मिसटेक्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें किसी भी कपल को शादी के बाद शुरूआती दिनों में करने से बचना चाहिए-

### परफेक्शन की चाहत रखना

हो सकता है कि आपको हर काम सलीके से करने की आदत हो या फिर आप एक आर्गेनाइज्ड जीवन जीना पसंद करते हों। लेकिन आपके पार्टनर का भी स्वभाव ऐसा ही हो, यह जरूरी नहीं है। आपको यह समझना होगा कि आपके और आपके पार्टनर दोनों अलग माहौल में पले-बढ़े हैं और दोनों का स्वभाव अलग है। इसलिए, शादी के तुरंत बाद ही अपने पार्टनर से परफेक्शन की चाहत रखना या फिर उसे अपने ही सांचे में ढालने का प्रयास करना आपके बीच तनाव पैदा कर सकता है। बेहतर होगा कि आप दोनों ही पहले एक-दूसरे के स्वभाव, आदतों व रहन-सहन को समझें और फिर उसके बाद तालमेल बिठाने का प्रयास करें।


### जरूरत से ज्यादा उम्मीदें करना

यह भी एक ऐसी मिसटेक है, जो शादी के बाद कपल्स में देखी जाती है। दरअसल, कपल्स की शादी के बाद अपने पार्टनर से उम्मीदें काफी हद तक बढ़ जाती हैं। वह सोचते हैं कि पार्टनर हर दिन उन्हें बाहर लेकर जाएगा या फिर वह ढेर सारा वक्त साथ बिताएंगे या फिर उनका पार्टनर उन्हें तरह-तरह के तोहफे देगा। हालांकि, किसी भी व्यक्ति के लिए हर दिन ऐसा करना संभव नहीं होता है, जिससे समस्या होती है। वहीं, अगर कोई व्यक्ति अपने पार्टनर के लिए ऐसा करता भी है, तो भी बाद में उनके रिश्ते में खटास आ जाती है। दरअसल, एक समय के बाद व्यक्ति अपने रोजमर्रा की लाइफ जीने लगता है और फिर पार्टनर को उतना पैम्पर नहीं कर पाता है, जिससे उनके बीच झगड़े बढ़ते हैं। इसलिए बेहतर होगा कि शादी के शुरूआती दिनों में ही आप अपनी फाइनेंशियल कंडीशन से लेकर काम की व्यस्तताओं और स्वभाव के बारे में अपने पार्टनर से चर्चा करें।

### परिवार के बीच बैलेंस ना कर पाना

अक्सर यह देखने में आता है कि व्यक्ति शादी के बाद भी पहले की तरह ही अपना जीवन बिताने की कोशिश करता है, जिससे उसके पार्टनर को उपेक्षित महसूस होता है और संबंधों में खटास महसूस होती है। यहां आपको यह समझना चाहिए कि एक सिंगल व्यक्ति के रूप में और कपल के रूप में आपकी प्राथमिकताएं अलग होती है। आपको शादी के बाद अपने परिवार व पार्टनर के बीच बैलेंस करना बेहद आवश्यक है। इस समय आपकी पहली प्राथमिकता आपका जीवनसाथी और नया जीवन है जिसे आपको अभी संवारना है। हालांकि, यहां इसका अर्थ यह कतई नहीं है कि आप अपने परिवार को बिल्कुल अनेदखा कर दें। बस आपको अपने पार्टनर को कुछ वक्त अलग से देने की आवश्यकता होगी, जो सिर्फ आप दोनों के लिए ही हो।

# पुरानी मैगजीन की मदद से किचन की सजावट के लिए बनाएं ये चीजें



**आजकल लोग अपने घर में ओपन किचन थीम रखना पसंद करते है। इससे आपके हॉल में बैठा गेस्ट आपके किचन को देख सकता है। अगर आप भी अपने किचन की सजावट करना चाहती हैं तो आपको हम बताएंगे कि आप कैसे पुरानी मैगजीन की सहायता से अपने किचन की खूबसूरती को बढ़ा सकती हैं।**

### वॉल डेकोर

कीचन की सजावट करने के लिए आपको सबसे पहले किचन के वॉल को सजाना होगा। अगर आपका वॉल डेकोर नहीं होगा तो यह आपके घर के लुक को फीका कर सकता है। ऐसे में आपको पुराने कार्ड बोर्ड की जरूरत होगी और ग्लू की भी। आपको मैगजीन से तीन स्क्वायर शेप का पेपर कट करना होगा। इसे पुराने कार्ड बोर्ड पर चिपका देना है। अब आप इसे अपने कीचन के वॉलपेपर हैंग कर सकते हैं। इससे आपके कीचन का वॉल खराब भी नहीं होगा और यह देखने में खूबसूरत भी लगेगा।

### वॉल पर करें पेंटिंग

अगर आपको पेंटिंग करने का शोक है तो आपको अपने घर के वॉल पर पेंटिंग करना चाहिए। जी हां, आप वाटर कलर की मदद से अपने कीचन के दीवार पर कुछ खास पीने का चित्र तैयार कर सकती हैं। यह देखने में काफी ज्यादा खूबसूरत लगता है। वाटर कलर की मदद से आपको कुछ फल या सब्जी का फोटो बना दे। इसके बाद आपको मिरर फ्रेम तैयार करना चाहिए। इसके लिए आपको पुराना फ्रेम लेना है और उसमें मैगजीन को काटकर फोटो की तरह लगा देना है। साइज का ध्यान जरूर रखें। इसके बाद आपका वॉल बनकर तैयार हो गया है।

### वॉल डेकोर के लिए फूल बनाएं

अगर आपको एक्स्ट्रा एक्टिविटी करना है तो आपको अपने वॉल डेकोर के लिए दीवार पर फूल बनाना होगा। यह देखने में खूबसूरत लगता है और इसे आप चाहे तो पुरानी मैगजीन की मदद से बना सकती है। इसे बनाना काफी आसान है। इसके लिए आपको कुछ मैगजीन के पन्ने को काटना होगा। फिर इसकी मदद से आपको फूल बनाना होगा। इसे अलग- अलग जगह आप ग्लू की मदद से चिपका सकती हैं। यह देखने में काफी ज्यादा खूबसूरत लगता है।



# दूसरों से बात करने में होती है हिचकिचाहट तो अपनाएं ये टिप्स

आज के दौर में बहुत ज्यादा हिचकिचाहट निजी लाइफ और करियर के लिए गंभीर समस्या है, जब हम किसी से भी बातचीत करते हैं और बोलते समय हिचकिचाते हैं, तो हमारी इमेज खराब होने का डर रहता है और हम अपना आत्मविश्वास खो देते हैं। साथ ही, सबसे पहले हमें समझना होगा कि हिचकिचाहट क्या होती है? जब हम किसी से बात करते हैं और उनके सवालों का जवाब जानते हुए भी जवाब नहीं दे पाते हैं या गलत जवाब के डर से चुपचाप रहते हैं तो उसे हिचकिचाहट कहते हैं। ये समस्या कई लोगों में होती है, जिसका नतीजा होता है कि हमारे हक की चीजें किसी दूसरे को मिल जाती हैं और हम सोच-सोचकर परेशान होते रहते हैं कि क्या करना चाहिए। अगर आपको भी दूसरों से बोलने में हिचकिचाहट होती है तो घबराएं नहीं, हम आपके के लिए इस आर्टिकल कुछ ऐसे टिप्स लाएं है, जिसको फॉलो कर आप अपनी समस्या को दूर कर पाएंगे।

### खुद पर करें विश्वास

हिचकिचाहट को दूर करने के लिए सबसे जरूरी है कि खुद पर विश्वास करना। अगर आपको किसी से बात करने की जरूरत है तो आपको यह नहीं सोचना चाहिए कि आप कैसे बात करेंगा? जवाब में क्या आएगा और वो आपके बारे में क्या सोचेंगे? आपको अपने आप पर विश्वास रखना चाहिए और डर पर काबू पाकर खुद को भरोसा दिलाएं कि आप अपनी बात दूसरों के सामने अच्छी तरीके से रख पाएंगे, जिससे आपका आत्मविश्वास बना रहेगा।

### जानकारी प्राप्त करें

जब हम किसी से बात करते हैं तो हिचकिचाहट सबसे ज्यादा उस समय पैदा होती है, जब बातचीत के दौरान हमारे पास उस विषय के बारे में जानकारी की कमी होती है। इसलिए अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए ज्यादा से ज्यादा किताबें पढ़नी चाहिए। याद रखें कि जिस भी विषय पर आप बात करने वाले हैं, उस पर ज्यादा से ज्यादा जानकारी जुटा लें, जिससे आपको अपनी बात रखने में हिचकिचाहट नहीं होगी।

### हमेशा प्रैक्टिस करें

हर काम को सही तरीके करने के लिए प्रैक्टिस बहुत जरूरी होती है, जिससे आपका हुनर निखरता है। इसी तरह हिचकिचाहट को दूर करने के लिए बोलने की प्रैक्टिस करना बहुत जरूरी है, लेकिन सवाल उठता है कि इस भागदौड़ वाली जिंदगी में किस के साथ बातचीत करें? तो आप शीशे के सामने खड़े होकर सोचें की शीशे के सामने कोई खड़ा है और ज्यादा से ज्यादा रोज बोलने की प्रैक्टिस कर सकते हैं। जिससे आपको कुछ दिनों में महसूस होगा कि आप अपनी बात दूसरे के सामने आसानी से रख पा रहे हैं।


### चेहरे पर मुस्कान रखें

चेहरे पर मुस्कान रखना जीवन शैली में जरूरी है, क्योंकि इसका असर हमारी बातचीत पर पड़ता है। अगर आप किसी से बातचीत कर रहे हैं तो चेहरे पर मुस्कान रखें। जिससे आप बिना हिचकिचाहट के आसानी से बात कंप्लीट कर लेंगे। चेहरे पर मुस्कान से मानसिक तनाव कम होने के साथ-साथ आपके अंदर बोलने का आत्मविश्वास बढ़ता है।

### पॉजिटिव सोच

पॉजिटिव सोचना जीवन में बहुत जरूरी होता है, क्योंकि पॉजिटिव सोचने से आत्मविश्वास बढ़ता है, यही कारण है कि आप धीरे-धीरे खुद बात करने में माहिर होने लगते हैं। अगर आप पॉजिटिव सोच रखते है तो आपको नर्वस फील नहीं होगा और बिना हिचकिचाहट के दूसरे के आसानी के बात रख सकते हैं। और आप खुद में बदलाव देखेंगे कि किसी सोशल मौके पर आपको घबराहट नहीं हो रही है। अगर आपको बोलते समय हिचकिचाहट होती है तो ये टिप्स को फॉलो करने की कोशिश करें और अगर फिर भी समस्या होती है तो किसी एक्सपर्ट से बात जरूर करें।


# फेमस होने के लिए लड़ते हैं गुस्सैल बच्चे



**एक हालिया अध्ययन से पता चला है कि बच्चे समूह में अपनी स्थिति को मजबूत करने और अपनी लोकप्रियता बढ़ाने के लिए सहपाठियों के साथ अक्सर लड़ाई-झगड़े करते हैं। इस अध्ययन के निष्कर्ष में प्रकाशित हुए हैं।**

शोधकर्ताओं ने बताया कि अध्ययन के निष्कर्षों से पता चला है कि छात्रों की आक्रामकता और उनकी लोकप्रियता में वृद्धि के एक साथ जुड़े थे। विशेष रूप से उन बच्चों के लिए जिनकी साथियों के साथ लगातार असहमति की सूचना थी। एफएयू के चार्ल्स ई.शिमट कॉलेज में मनोविज्ञान के वरिष्ठ लेखक और प्रोफेसर ब्रेट लॉरसन ने कहा, हालांकि हमें लगता है कि यह संभावना नहीं है कि केवल विवाद ही लोकप्रियता का आधार है। इसके पीछे और भी कारण होते हैं,लेकिन विवाद के पीछे लोकप्रिय होने की सोच भी काफी मायने रखती है। उन्होंने कहा, आक्रामक बच्चे जो अक्सर लड़ते हैं, उन्हें हमेशा जबरदस्ती सहारा लेने की आवश्यकता नहीं होती है। उनका केवल अप्रिय व्यवहार की संभावना दूसरे छात्रों को उनकी बात मानने पर मजबूर कर देता है। यह अध्ययन फ्लोरिडा के आठ से 12 वर्ष की आयु वाले प्रतिभागियों के बीच किया गया, जो एक प्राथमिक विद्यालय में भाग ले रहे थे। शोधकर्ताओं ने कहा, गुस्सैल बच्चों के लिए उनका व्यवहार समूहों में काफी प्रभावकारी होता है। ऐसे बच्चों की बात को मना करने के लिए अन्य बच्चे जोखिम नहीं उठाना चाहते क्योंकि उन्हें बुरे परिणाम की संभावना होती है। शोधकर्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि यह एक प्रभावी उपकरण हो सकता है, जो विशिष्ट विशेषताओं को बढ़ाता है। ब्रेट ने कहा, हम यह दावा नहीं करते हैं कि इस तरह से इस्तेमाल की गई रणनीति हमेशा भलाई के लिए एक स्वस्थ मार्ग प्रस्तुत करते हैं। बल्कि संघर्ष के परिणाम संदर्भ, उद्देश्यों और इसे प्रबंधित करने के तरीकों पर निर्भर करते हैं। हम दावा करते हैं कि असहमति एक कुशल सामाजिक रणनीति हो सकती है, जो प्रभुत्व में जबरदस्ती के निहित खतरे का लाभ उठाती है।

# दिख रही आगे निकलने की चाहत?



परंपरागत माहौल में पली-बढ़ी स्त्री अपने दर्शन में स्पष्ट होती है कि उसका जीवन सिर्फ पर-सेवा और सबकी आंखों को भली लगने के लिए हुआ है। छोटी बच्चियां घर-घर, रसोई-रसोई, पार्लर-पार्लर खेलकर इसी सूत्र को अपनी जिंदगी का हिस्सा बना लेने की ट्रेनिंग लेते देखी जा सकती हैं। ठीक उसी समय जब उसकी उम्र के लड़के गन या पिस्तौल से मर्दानगी के पाठ पढ़ रहे होते हैं या कारों की रेस या बेमतलब की कूद-फांद, लड़ाई-झगड़े के खेल, खेल रहे होते हैं। इसे देखकर क्या कोई कह सकता है कि यही है गहरे संतुलित समाज की नींव? इस पर हमारा जवाब होगा, बिल्कुल नहीं। आपने कॉलेज की बच्चियों को भी कभी कभी अपने बुजुर्गों से डांट खाते देखा होगा। कारण है कि ज्यादातर निम्न या मध्य वर्गीय परिवारों से आई हुई ये छात्राएं अपने लिए बेहद असुविधाजनक पहनावे को चुनने में पीछे नहीं हटती। गर्मी व उमस में सिंथेटिक कपड़े, बेहद ऊंची हील के सैंडल बार-बार फिसलते दुपट्टे में जड़ी तरह-तरह की लटकनें आदी। रास्तों में बाजारों में काम की जगहों में चमकीले तंग कपड़ों में फंसी, पल्ला और उसकी जगह-जगह उलझती लटकनें संभालती रंगी-पुती स्त्रियां, अपने आप संभलकर चल पाने में असमर्थ पति की बांह का सहारा लिए कभी-कभी लुढ़कने को होती स्त्रियां। अजीब-अजीब प्लेटफार्म वाले सैंडलों की हीक को मेट्रो और उसके प्लेटफार्म की दरार से निकाल कर हड़बड़ाती स्त्रियां। भले ही आज यह सभी की मजबूरी बन गया हो, लेकिन इतना तो साफ है कि समय बदल गया है और कल जो हाथ चूड़ियां पहनते थे वे अब लेपटॉप संथाले हुए हैं। मतलब साफ है कि अब दिख रही है आगे निकलने की चाहत!

# सुरक्षित पटरियां और स्मार्ट ट्रेनें

भारत सरकार बीते दशक में की गई सुविचारित पहलों के महत्वपूर्ण परिणाम सामने आने की बदौलत रेलगाड़ियों पर अब भारतीय पहले से कहीं अधिक सुरक्षित हैं। यह बात विशेष रूप से सराहनीय इसलिए भी है, क्योंकि कोई भी अन्य देश प्रतिवर्ष 1 लाख करोड़ यात्री किलोमीटर (पीकेएम) और लगभग 685 करोड़ रिकॉर्ड यात्रियों का रेल के माध्यम से आवागमन कराने वाले भारत से ज्यादा लोगों का रेल के जरिए आवागमन नहीं कराता है। यह उपलब्धि बेमिसाल है, यहां तक कि पड़ोसी देश चीन भी अपने विशाल रेल नेटवर्क और तुलनात्मक जनसंख्या आकार के बावजूद मुश्किल से आधे यात्रियों (सालाना लगभग 300 करोड़) का ही आवागमन कराता है। सुरक्षा में उल्लेखनीय सुधार– गंभीर घटनाओं की पहचान के प्रमुख संकेतक - महत्वपूर्ण रेल दुर्घटनाओं की संख्या में भारी गिरावट से जाहिर है, जिनकी संख्या वर्ष 2000-01 में 473 से घटकर वर्ष 2023-24 में केवल 40 रह गई । यह सुधार पटरियों को बेहतर बनाने, मानव रहित लेवल क्रॉसिंग को खत्म करने, पुलों की स्थिति की नियमित निगरानी करने और स्टेशनों को डिजिटल बनाने आदि की दिशा में किए गए केंद्रित प्रयासों के माध्यम से संभव हुआ है।

यात्रियों की संख्या और पटरियोंy की लंबाई पर गौर करने पर ये उपलब्धियां और भी प्रभावशाली हो जाती हैं। किसी भी औसत दिन, 2 करोड़ से ज़्यादा लोग 70,000 रूट किलोमीटर (आरकेएम) लंबे नेटवर्क पर यात्रा करते हैं। पीक सीज़न में यह संख्या प्रतिदिन 3 करोड़ तक पहुंच जाती है, जो एक अन्य विश्व रिकॉर्ड है! असल में इसका आशय यह है कि भारत प्रतिदिन अपनी लगभग 2 प्रतिशत आबादी का सुरक्षित तरीके से रेलवे के माध्यम से आवागमन कराता है, जबकि इसकी तुलना में चीन केवल 0.58 प्रतिशत और अमेरिका 0.09 प्रतिशत लोगों का ट्रेन के जरिए आवागमन कराता है।

लगभग त्रुटिहीन सुरक्षा रिकॉर्ड के बावजूद, रेल दुर्घटनाएं दुनिया भर में एक गंभीर वास्तविकता हैं। यद्यपि किसी भी रेल प्रणाली के लिए आदर्श स्थिति शुरुआत से ही एक भी दुर्घटना घटित नहीं होने देना है, लेकिन कोई भी प्रमुख नेटवर्क इस स्थिति को हासिल नहीं कर पाया है।

भारतीय रेल (आईआर) नेटवर्क के मात्र एक चौथाई हिस्से जितने ऑस्ट्रेलियाई रेलवे में वित्तीय वर्ष 2022-23 में रेलगाड़ियों के पटरी से उतरने की 52 घटनाएं दर्ज की गईं।

इसी तरह, भारतीय रेल से लगभग दोगुना आकार के 2,60,000 ट्रैक किलोमीटर (टीकेएम) वाले अमेरीकी रेल नेटवर्क में उसी वर्ष रेलगाड़ियों के पटरी से उतरने की 1,300 घटनाएं दर्ज की गईं। 2,00,000 टीकेएम वाले यूरोपीय संघ नेटवर्क (भारतीय रेल का 1.5 गुना) में 2022 में 1568 दुर्घटनाएं घटित हुईं।

अपने समकक्षों के समान, भारतीय रेल में भी वर्ष 2022-23 के दौरान रेलगाड़ियों के पटरी से उतरने की घटनाएं दर्ज की गईं, लेकिन ये घटनाएं काफी कम 137 के स्तर पर रहीं।

ये संख्या विकसित देशों की तुलना में भारतीय रेल के शानदार सुरक्षा प्रदर्शन का प्रमाण हैं और ऐसा उसके कई वर्षों से इष्टतम स्तर से कम पूंजीगत व्यय, लालफीताशाही, राजनीतिकरण और भ्रष्टाचार के कारण सुस्त हालत रहने के बावजूद संभव हुआ है। लेकिन पिछले कई दशकों में फैली गड़बड़ियों की गंदगी को अच्छे प्रशासन के एक या दो कार्यकालों में धोया नहीं जा सकता। यद्यपि आईआर मिश्रित यातायात मॉडल का उपयोग करता है, विदेशों में कई रेलवे माल और सवारी रेलगाड़ियों के लिए अलग-अलग ट्रैक का उपयोग करते हैं। इसका मतलब है कि भारत में प्रत्येक दुर्घटना के लिए रेलवे यात्री सुरक्षा के गंभीर रूप से खतरे में पड़ने की संभावना बहुत अधिक है। दुर्घटनाओं के मूल कारण को तुरंत दूर करना और रेलगाड़ी के पटरी से उतरने से मुक्त रेलवे नेटवर्क प्राप्त करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके लिए मानवीय इंटरफेस को कम करने और प्रणालीगत विश्वसनीयता में सुधार करने के लिए महत्वपूर्ण तकनीकी पहल की आवश्यकता होगी। यात्री सुरक्षा को प्राथमिकता देने पर बल देते हुए वर्ष 2023-24 के दौरान सुरक्षा से जुड़ी परियोजनाओं में 1 लाख करोड़ रुपये से ज़्यादा का निवेश किया गया है और चालू वित्त वर्ष में और भी ज़्यादा खर्च करने की योजना है। इसका आशय ट्रेनों, पुलों, पटरियों और सिग्नलिंग सिस्टम के बेहतर रखरखाव के साथ-साथ ओवर- और अंडर-ब्रिज के निर्माण के ज़रिए पटरियों के पास बेहतर सड़क सुरक्षा की व्यवस्था है । रेलवे सुरक्षा प्रदर्शन के एक सूचकांक -प्रति मिलियन ट्रेन किलोमीटर दुर्घटना (एपीएमटीके) की संख्या वर्ष 2000-01 में 0.65 से घटकर 2023-24 में 0.03 हो गई है। यह आधुनिक, अत्याधुनिक ट्रैक रखरखाव और नवीनीकरण मशीनों का उपयोग करके बेहतर ट्रैक रखरखाव किए जाने का सराहनीय परिणाम है। इसके अलावा पटरी की त्रुटि का पता लगाने में सुधार, रेल वेल्ड संबंधी खराबियों पर अंकुश और मानवीय त्रुटियों को कम करने के लिए उन्नत तकनीक सहित कई अतिरिक्त उपाय भी किए गए हैं। इन परिणामों को बनाए रखने और बेहतर बनाने के लिए तकनीकी हस्तक्षेप और लक्षित प्रशिक्षण का मिश्रण अपनाया गया है।

पटरियों के रखरखाव के लिए आधुनिक मशीनों की तैनाती 2013-14 के दौरान 700 से बढ़कर इस साल 1,667 कर दी गई है, जिससे पटरियों के रखरखाव में सुधार हुआ है।

संपत्ति की विश्वसनीयता को और बढ़ाने के लिए पूरे नेटवर्क में रेल ग्राइंडिंग भी लागू की गई है।

रेल परिचालन के लिए गंभीर सुरक्षा जोखिम उत्पन्न करने वाली शरारती गतिविधियों को रोकने और तोड़फोड़, पटरियों से छेड़छाड़, तथा पटरियों पर असंबद्ध वस्तुएं रखने जैसी समस्याओं से निपटने के लिए अब पटरियों पर निरंतर गश्त की जाती है।

सुरक्षा पहल का एक मुख्य आधार लोको पायलटों को खराब दृश्यता वाले कोहरे से घिरे क्षेत्रों में नेविगेट करने में सहायता देने के लिए जीपीएस-आधारित फॉग पास डिवाइस की संख्या बढ़ाना है। वर्ष 2014-15 में केवल 90 जीपीएस-आधारित फॉग पास डिवाइस की तुलना में अब इनकी संख्या 21,742 हो चुकी है। पायलट की सतर्कता बढ़ाने वाले सतर्कता नियंत्रण उपकरण (वीसीडी) सभी इंजनों में लगाए गए हैं। वर्ष 2013-14 में इनकी संख्या 10,000 से भी कम थी, जो आज बढ़कर 16,021 हो गई है। ब्रॉड-गेज मार्गों पर 6,637 स्टेशनों में से 99 प्रतिशत से अधिक पर पैनल इंटरलॉकिंग, रूट रिले इंटरलॉकिंग और इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग जैसी उन्नत सिग्नलिंग प्रणालियां प्रदान की गई हैं।

इसके अलावा, ड्राइविंग कौशल और रिएक्शन टाइम को संवर्धित करने के लिए लोको-पायलट अब सिम्युलेटर-आधारित प्रशिक्षण (सिमुलेटिंग फील्ड एक्सपीरिएंस) से गुजरते हैं, जबकि फ्रंट लाइन स्टाफ को अग्निशमन का प्रशिक्षण मिलता है। कुल मिलाकर, वर्ष 2023-24 के दौरान 6 लाख से अधिक रेलवे कर्मचारियों ने विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण, प्रारंभिक, प्रमोशनल, रिफ्रेशर और विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किए।

मानव सुरक्षा के अलावा, भारतीय रेल द्वारा वर्ष 2024-25 में पटरियों के किनारे 6,433 किलोमीटर (किमी) बाड़ लगाकर वन्यजीव और पशुधन की सुरक्षा पर भी ध्यान दिया जा रहा है। अगस्त 2024 तक इनमें से 1,396 किलोमीटर पर काम पूरा हो चुका है, जिससे इन मार्गों पर मवेशियों के टकराने की घटनाओं में कमी आएगी। इन उपायों के पूरक के रूप में, अधिक सुरक्षित लिंके-हॉफमैन- बुश (एलएचबी) कोचों का भी रुख किया गया है, जिनमें दुर्घटना के समय सवार को सुरक्षित रखने की बेहतर विशेषताएं मौजूद हैं। इन्हें इस तरह डिजाइन किया गया है कि टक्कर होने पर ये कोच दूसरे कोचों पर नहीं चढ़ते, जिसकी बदौलत रेलगाड़ी के पटरी से उतरने और यात्रियों को चोट लगने की आशंका कम हो जाती है। एलएचबी कोच 160 किलोमीटर प्रति घंटे तक की गति पर सुरक्षित परिचालन के लिए बनाए गए हैं। वर्ष 2023-24 में 4,977 एलएचबी कोचों के निर्माण के साथ उनके उत्पादन में काफी वृद्धि हुई है, जो वर्ष 2013-14 में उत्पादित 2,467 से दोगुना से भी अधिक हैं।

हालांकि ये कदम सराहनीय हैं, लेकिन सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि यात्रा को सुरक्षित बनाने के उसके प्रयासों में कोई कमी न आने पाए। भारतीय रेल पहले से ही परिवहन का सबसे सुरक्षित साधन है, लेकिन भविष्य में यह और भी सुरक्षित हो जाएगी।

**अनिल कुमार खंडेलवाल**

## तेजी से बढ़ी महंगाई

महंगाई और सामान्य आमदनी ना बढने से ग्रस्त भारतीय अर्थव्यवस्था में सबसे पहली चोट 50,000 रुपये मासिक से कम आय वाले परिवारों पर पड़ी। अब 50 हजार से एक लाख रुपए आमदनी के बीच वाले परिवार प्रभावित हो रहे हैं।

बाजार की एजेंसियां जब मध्य वर्ग के ह्रास की बातें करने लगें, तो समझा जा सकता है कि आर्थिक संकट कितना गहरा हो चुका है। मध्य वर्ग किसी अर्थव्यवस्था की रीढ़ होता है। यही तबका है, जिसके उपभोग की आकांक्षाएं लगातार बढ़ रही होती हैं। मध्य वर्ग का आकार बढ़ रहा हो, तो अर्थव्यवस्था में मांग, निवेश, उत्पादन और वितरण का चक्र स्वाभाविक रूप से तेज होता जाता है। यह आर्थिक विकास का वास्तविक पैमाना है। मगर भारत में कहानी पलट चुकी है। सबसे पहले इससे छोटी कारों आदि जैसी टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुएं बनाने वाली कंपनियां प्रभावित नजर आईं।

फिर रोजमर्रा के उपभोग की वस्तुओं की उत्पादक कंपनियों के अधिकारी कहते सुने गए कि भारत में जो मध्य वर्ग होता था, वह सिकुड़ रहा है, जिससे कंपनियों का कारोबार प्रभावित हुआ है। फिर वित्तीय अखबारों में इसकी पड़ताल करते हुए लंबी रिपोर्टें छपने लगीं कि आखिर मध्य वर्ग को हुआ क्या है। इनमें भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों का उल्लेख कर बताया गया कि सकल घरेलू उत्पाद की तुलना में घरेलू बचत का अनुपात 50 साल के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है।

कारण अनसिक्योर्ड ऋण की मात्रा का बढना है, जिसे चुकाने की जद्दोजहद में बचत के लिए कुछ बचता ही नहीं है। अब मार्केट एजेंसियां इस पर रिपोर्ट जारी कर रही हैं। ताजा रिपोर्ट मार्सेलस इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स की आई है। उसके मुताबिक पहले रूटीन नौकरियां मध्य वर्ग का आधार थीं, लेकिन ऑटोमेशन एवं नई तकनीक के उपयोग के कारण ये तेजी से खत्म हो रही हैं। मार्सेलस ने दूसरी वजह घरों का बजट बिगडना बताया है। स्पष्टतः इसकी वजह तेजी से बढ़ी महंगाई के कारण परिवारों की घटी वास्तविक आय है। एक अन्य रिपोर्ट में जिक्र है कि महंगाई और सामान्य आमदनी ना बढने से ग्रस्त भारतीय अर्थव्यवस्था में सबसे पहली चोट 50,000 रुपये मासिक से कम आय वाले परिवारों पर पड़ी। अब 50 हजार से एक लाख रुपए आमदनी के बीच वाले परिवार प्रभावित हो रहे हैं। यही तबका मुख्य उपभोक्ता वर्ग रहा है। उसके बिगड़े का नतीजा है कि पूरी उपभोक्ता अर्थव्यवस्था दुश्चक्र फंसती नजर आ रही है।

## सामान्य ज्ञान

**प्रश्न 1: भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी 'बी साई प्रणीत' ने किस खेल से संन्यास लिया है?**
उत्तरः बैडमिंटन।

**प्रश्न 2: 'टाइगर वुड्स' को किस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है?**
उत्तरः बॉब जोन्स पुरस्कार (अमेरिकी गोल्फ एसोसिएशन)।

**प्रश्न 3: दुनिया का पहला फ्लोटिंग थीम पार्क 'THE RIG' किस देश में बनाया जाएगा?**
उत्तरः सऊदी अरब।

**प्रश्न 4: 'इंदिराम्मा आवास योजना' किस राज्य सरकार द्वारा शुरू की जाएगी?**
उत्तरः तेलंगाना।

**प्रश्न 5: हंगरी के नए राष्ट्रपति कौन बने हैं?**
उत्तरः तामस सुल्योक।

**प्रश्न 6: भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने अपना कौन-सा स्थापना दिवस मनाया है?**
उत्तरः 174वां स्थापना दिवस।

**प्रश्न 7: भारत के पहले स्वदेशी 'प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर' का शुभारंभ किस स्थान पर हुआ है?**
उत्तरः तमिलनाडु के कलपक्कम में।

**प्रश्न 8: महाराष्ट्र राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?**
उत्तरः एस. चोकलिंगम।

**प्रश्न 9: किस देश में पहली बार 'अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव' मनाया गया है?**
उत्तरः श्रीलंका।

## ऐतिहासिक हैं भारत के तीन नए आपराधिक कानून

**देश में न्यायिक सुधार को बढ़ावा देने के लिए सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीशों द्वारा भी बारंबार आग्रह किया गया है। क्योंकि, आजादी के बाद न्यायालय की स्वतंत्रता को ध्यान में रखते हुए, ऐसे सुधारों को लागू नहीं किया जा सका है। लेकिन, मोदी सरकार ने हमें 10 वर्षों के दौरान हमें एक नई उम्मीद दी है।कानून के जानकार इस बात को अच्छी तरह से समझते हैं कि 'न्याय में देरी न्याय से वंचित होने के समान है' और भारतीय संदर्भ में यह बात पूरी तरह से चरितार्थ होती है। यह कोई छिपाने वाली बात नहीं है कि लंबित मामले और विचाराधीन कैदियों की अत्यधिक संख्या हमारे समाज में अन्याय की भावना को जन्म देता है। हमने अखबारों की सुर्खियों में ऐसा कई बार पढ़ा है कि किसी मामले में न्यायालय जब तक अपना फैसला सुनाता है कि आरोपित की मृत्यु हो चुकी होती है।**

डॉ विपिन कुमार हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिटी ब्यूटीफुल चंडीगढ़ में तीन आपराधिक कानूनों को देश को समर्पित किया । इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने नए कानूनों के माध्यम से त्वरित न्याय की उम्मीद जताई, जो पूरी तरह से सार्थक भी है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम-जैसे तीन नए आपराधिक कानून हमारे समाज में गरीबों, वंचितों और कमजोर वर्ग के लोगों की सुरक्षा को सुनिश्चित करते हुए, संगठित अपराध, आतंकवाद और ऐसे अन्य अपराधों पर भी कड़ा प्रहार करते हैं। इन प्रयासों से हमें अपने कानूनी व्यवस्था को आजादी के अमृतकाल में अधिक प्रासंगिक और सहानुभूतिपूर्वक प्रेरित करने के लिए पुनर्भाषित करते हैं। इन कानूनों को मूर्त रूप देने में केन्द्रीय गृह एवं सहकारितामंत्री अमित शाह की भूमिका भी उल्लेखनीय रही है।कुछ तथाकथित बुद्धिजीवी मोदी सरकार द्वारा लाए गए इन कानूनों का विरोध करते हैं और यह दलील देते हैं कि इससे देश में तानाशाह की प्रवृत्ति बढ़ेगी। लेकिन, मैं उनके इन दलीलों को पूरी तरह से हास्यास्पद मानता हूं। क्योंकि, यदि आप भारत में आपराधिक न्याय प्रणाली के इतिहास को देखें, तो पाएंगे कि पुराने कानून औपनिवेशिक न्यायशास्त्र की प्रतिकृति हैं, जिन्हें पूरे देश पर शासन करने के लिए बनाया गया था, न कि हमारे देश की नागरिकों की सेवा के लिए। इसी भाव-शून्यता के कारण ये कानून आमजनों के उत्पीड़न और शोषण का उपक्रम बन गए, जिनका उद्देश्य वास्तव में निर्दोषों के अधिकारों की रक्षा और दोषियों को दंडित करना होना चाहिए था। इस प्रकार प्रधानमंत्री मोदी द्वारा लाए गये नए कानून निश्चित रूप से उपनिवेशिक युग के कानूनों के अंत का प्रतीक हैं। सार्वजनिक सेवा और जनकल्याणकारी कानूनों से एक नए युग की शुरुआत हुई है। हमें याद रखना होगा कि न्याय में देरी केवल लोगों को हताश-निराश ही नहीं करती, बल्कि किसी न किसी स्तर पर देश के विकास की गति को भी बाधित करती है। इसके अतिरिक्त देश की छवि को भी खराब करने का काम करती है। जब समय पर न्याय नहीं मिलता तो कानून एवं व्यवस्था का आदर न करने और उसके उल्लंघन के आदी लोगों का दुस्साहस बढ़ता है। तीनों आपराधिक कानूनों पर अमल से एक ओर जहां 60 दिन के अंदर आरोप तय किए जाएंगे, वहीं दूसरी ओर सुनवाई पूरी होने के 45 दिन के अंदर फैसला सुनाना आवश्यक होगा।आंकड़े बताते हैं कि भारत के न्यायिक व्यवस्था में 3.5 करोड़ से भी अधिक लंबित मामले हैं और यहां विचाराधीन कैदियों की संख्या 77 फीसदी है, जो दोषियों की संख्या से तीन गुना अधिक है। वहीं, भ्रष्टाचार, अत्यधिक काम का बोझ और पुलिस की जवाबदेही तीव्र और पारदर्शी न्याय व्यवस्था को कायम करने की दिशा में एक बड़ी बाधा है। ऐसे में, मोदी विरोधी इस बात को समझें कि नियमों में बदलाव समय की मांग थी। सरकार के इन प्रयासों से निश्चित रूप से हमारे न्याय प्रणाली में अपेक्षित सुधारों को सुनिश्चित करते हुए, न्यायालयों को अधिक प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी। देश में न्यायिक सुधार को बढ़ावा देने के लिए सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीशों द्वारा भी बारंबार आग्रह किया गया है। क्योंकि, आजादी के बाद न्यायालय की स्वतंत्रता को ध्यान में रखते हुए, ऐसे सुधारों को लागू नहीं किया जा सका है। लेकिन, मोदी सरकार ने हमें 10 वर्षों के दौरान हमें एक नई उम्मीद दी है।कानून के जानकार इस बात को अच्छी तरह से समझते हैं कि 'न्याय में देरी न्याय से वंचित होने के समान है' और भारतीय संदर्भ में यह बात पूरी तरह से चरितार्थ होती है। यह कोई छिपाने वाली बात नहीं है कि लंबित मामले और विचाराधीन कैदियों की अत्यधिक संख्या हमारे समाज में अन्याय की भावना को जन्म देता है। हमने अखबारों की सुर्खियों में ऐसा कई बार पढ़ा है कि किसी मामले में न्यायालय जब तक अपना फैसला सुनाता है कि आरोपित की मृत्यु हो चुकी होती है। वहीं, कई बार ऐसी स्थिति भी होती है, जब कोई आरोपी अपने आरोपों के दंड से अधिक समय जेल में बिता देते हैं। फिर, वर्षों तक जेल में रहने के बाद उन्हें न्यायालय से आरोप मुक्त कर दिया जाता है। ऐसी स्थिति न्याय की दृष्टि से अन्याय को जन्म देती है। इस स्थिति में त्वरित सुधार की दृष्टि से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम जैसे नए कानून समय की अनिवार्यता हैं और हमें इन प्रयासों का स्वागत करना चाहिए। हालांकि, अभी बस केवल एक शुरुआत हुई है। हमें निकट भविष्य में अपने न्याय व्यवस्था की कार्य पद्धति के विविध पक्षों में सुधार पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है, जिनमें नियुक्तियां, स्थानांतरण व अवसंरचनात्मक विकास जैसे प्रमुख घटक हैं। इसके अलावा, भारतीय न्यायिक सेवा में भाषायी मुद्दों का भी एक विशेष ध्यान रखना होगा। जैसे कि यदि कोई कन्नड़ बोलने वाला व्यक्ति ओडिशा में न्यायाधीश का पदभार संभाला है, तो इससे वहां न्यायाधीशों और जनता के माध्यम से संचार में रुकावट पैदा होती है। इसलिए प्रयास यह होना चाहिए कि ऐसी नियुक्तियों के दौरान हमारी भाषायी और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि को ध्यान में रखा जाए। साथ ही, हमें अपने न्याय व्यवस्था में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल भी बेहद कुशलतापूर्वक करना होगा। इससे न्यायालय और न्यायाधीशों के अलग-अलग प्रदर्शनों को मूल्यांकन करना बेहद आसान हो जाएगा। हमें पूर्ण विश्वास है कि आने वाले कुछ वर्षों में हम इस दिशा में तेजी के साथ कार्य करेंगे और समाज में अधिकार और न्याय को स्थापित करने की दिशा में आने वाली हर एक बाधा को दूर करते हुए पूरे विश्व के सामने एक उदाहरण पेश करेंगे।( लेखक, वरिष्ठ स्तंभकार हैं।)

**मुकुंद**



## चैतन्य रहें

**एक बार दो देवताओं में विवाद हो गया कि भाग्य बड़ा है या पुरूषार्थ? विवाद हर व्यक्ति के मन में पैदा होता है, चाहे मनुष्य हो, चाहे देवता हो। निश्चित हुआ, परीक्षा करें। एक देवता ने कहा- देखो! भाग्य बड़ा नहीं होता, पुरूषार्थ बड़ा होता है। दूसरे ने कहा- नहीं! उस आदमी को देखो। तुम्हें साक्षात् प्रमाणित करूंगा कि पुरूषार्थ बड़ा नहीं होता, भाग्य बड़ा होता है।**

**पति-पत्नी जा रहे थे। देवता ने रास्ते के बीच रत्नों का ढेर लगा दिया। रत्न ही रत्न बिखेर दिए। जब आस-पास आए, पत्नी ने कहा- अभी तो हमारी आंखे अच्छी हैं, हम देख सकते हैं, हमें सब कुछ दिखाई देता है। कभी ऍसा भी हो सकता है कि बुढ़ापा आने के साथ-साथ हमारी आंखें चली जाएं, हम अन्धे हो जाएं। फिर काम कैसे चलेगा? पति ने कहा - परीक्षा कर लें। देखें, कैसे काम चलेगा? दोनों ने आंखों पर पट्टी बांध ली। दोनों चले। जहां रत्न बिखरे हुए पड़े थे, ढेर लगा था आस-पास में, उससे आगे निकल गए। कुछ आगे जाकर पति बोला- आंखो के बिना काम तो चल जाएगा, ऍसी कोई बात नहीं है। खोल लो पट्टी। पट्टी खोल ली। देवता ने कहा - देखा तुमने! भाग्य में नहीं था, कुछ नहीं मिला। भाग्य बड़ा है पुरूषार्थ से। भाग्य और पुरूषार्थ की चर्चा को हम छोड़ दें किन्तु इस बात को हम नहीं छोड़ेंगे कि जब तक आंख पर मूर्च्छा की पट्टी बंधी हुई है, तब तक हमारे आस-पास में, हमारे सामने, दाएं-बाएं, चारों तरफ जो सम्पदा बिखरी पड़ी है, उसका हमें कुछ भी पता नहीं चलता। हम उस सम्पदा से अनजान रह जाते हैं।**

## सूडोकु नवताल- 7275

★★★☆☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | | | | 6 |
| 7 | | 2 | | 5 | | | | 9 |
| | | 4 | | | 2 | 7 | 5 | |
| 5 | 7 | | | | 9 | | 1 | 8 |
| | | | | 6 | | | | |
| 6 | 1 | | 3 | | | | 2 | 4 |
| | 5 | 1 | 9 | | | 8 | | |
| 2 | | | | 8 | | 9 | | 1 |
| 9 | | | | | 3 | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7274 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 8 | 7 |
| 4 | 7 | 2 | 5 | 1 | 8 | 3 | 6 | 9 |
| 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 8 | 9 | 4 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 2 | 4 | 7 | 6 | 9 | 3 | 8 | 1 | 5 |
| 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 2 | 4 | 9 | 3 |
| 8 | 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 6 | 1 | 3 | 2 | 4 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 3 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 4 | 2 |

## आज का राशिफल

**मेष राशि**
आज आपका दिन बढिया रहेगा। आज कुछ महत्वपूर्ण लोगों से आपकी जान-पहचान बढ़ेगी। आज आपका पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा। साथ ही आपके अधूरे काम पूरे भी होंगे। अपने व्यक्तित्व के दम पर आप कुछ लोगों को अपने फेवर में करने में सफल होंगे, जिसका पूरा फायदा मिलेगा। सफर के दौरान किसी पुराने मित्र से मुलाकात होगी, जिससे मिलकर आपको खुशी महसूस होगी। महिलाओं को आज रसोई घर में काम करते हुए थोड़ी सावधानी बरतने की जरूरत है।
शुभ रंग- हरा
शुभ अंक- 3

**वृष राशि**
आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज आप कुछ नया करने की सोचेंगे। अगर आप सूझ-बूझ से काम लेंगे, तो आय के स्त्रोत बढ़ेंगे। आज आप अपनी मेहनत के बल पर अपने कार्य समय रहते पूरा करने में सफल होंगे। आज आपको संतान सुख की प्राप्ति के योग बन रहे है। आज धैर्य पूर्वक किया गया फैसला लाभदायक सिद्ध होगा। छात्रों के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है। आज परिवार के लोगो का सहयोग मिलेगा।
शुभ रंग- गोल्डन
शुभ अंक- 7

**मिथुन राशि**
आज आपका कॉन्फिडेंस लेवल हाई रहेगा। आज आपका मन सामाजिक कार्यों में लगेगा। घरेलु कार्यों में दोस्तों का सहयोग मिलेगा। तरक्की मिलने से परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। संतुलित भोजन करने से आपका स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। आज आप थोड़े सोच-विचार में रहेंगे। आज आप अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिए किसी अच्छे दोस्त के साथ योजना बनायेंगे। रेस्टोरेंट चला रहे लोगों को आज रोज की अपेक्षा अधिक मुनाफा होगा। दांपत्य जीवन में सामंजस्य बना रहेगा।
शुभ रंग- पीला
शुभ अंक- 2

**कर्क राशि**
आज आपका दिन सामान्य रहेगा। घर में किसी बड़े की सलाह लेकर ही आपको कोई बड़ा कदम उठाना चाहिए। कामकाज ज्यादा होने से आज आप कुछ ज्यादा ही व्यस्त रहेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन मिला-जुला रहने वाला है। परिवार वाले आज आपके व्यवहार से प्रसन्न होंगे। आज आपके बिजनेस में तरक्की होगी। आज ऑफिस में आपके काम से खुश होकर बॉस आपको कुछ उपहार देंगे। साथ ही सहकर्मी आपसे कुछ सीखना चाहेंगे।
शुभ रंग- हरा
शुभ अंक- 5

**सिंह राशि**
आज आप अपनी वर्तमान स्थिति से प्रसन्न रहेंगे। आज बच्चों के साथ आपका समय बेहतर बीतेगा। कारोबार में आपको फायदा होने की संभावना है। छात्रों के लिए आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है, शिक्षकों का सहयोग मिलेगा। दांपत्य जीवन में नई खुशियाँ आने से मधुरता और बढ़ेगी। व्यापार के सिलसिले में आज आपको दूसरे शहर की यात्रा करनी पड़ेगी, ये यात्रा लाभदायक सिद्ध होगी। धन लाभ के नये अवसर मिलेंगे, इस अवसर का लाभ आप अच्छे से उठाएंगे।
शुभ रंग- नीला
शुभ अंक- 6

**कन्या राशि**
आज आप खुद को ऊर्जावान महसूस करेंगे। आज आपका तनाव काफी हद तक ख़त्म हो जायेगा। आपको पैसे कमाने के कई नए मौके मिलेंगे। रचनात्मक काम में लगे लोगों के लिए सफलता से भरा दिन है, उन्हें शोहरत और पहचान भी मिलेगी। लोगों को तेजी से परखने की क्षमता आपको दूसरों से आगे बनाएं रखेगी। लवमेट के रिश्तें में नयापन आयेगा। आज आप अपने कार्य आसानी से पूरा करते जायेंगे। आज आपको माता पिता का सहयोग मिलेगा।
शुभ रंग- गुलाबी
शुभ अंक- 2

**तुला राशि**
आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज कुछ नया सीखने का मौका आपको मिलेगा। ऑफिस में जूनियर आपका सहयोग करेंगे। नए लोगों से मुलाकात के कुछ अच्छे मौके मिलेंगे। दिनभर की भागदौड़ के बाद शाम को आपको थोड़ी थकावट महसूस होगी, लेकिन जल्द ही रिलेक्स भी हो जायेंगे। जॉब के लिए नई संभावनाओं की तलाश पूरी होगी। आपको अच्छी जगह नौकरी लगाने के योग बने हुए हैं। ड्राईफ्रूट का व्यापार कर रहे लोगो को आज अधिक मुनाफा होने वाला है।
शुभ रंग- भूरा
शुभ अंक- 9

**वृश्चिक राशि**
आज आपका दिन शानदार रहेगा। शाम तक आपको कोई अच्छी खबर मिलेगी। संचार-साधनों से आपको फायदा होगा। आज आप दोस्तों के साथ पार्टी करेंगे। आज आपके लिए ज्यादातर चीजें बहुत आसानी से सुलझती जाएंगी। कुछ नए अनुभव भी आपको प्राप्त होगे। कुछ ऐसे लोगों से मुलाकात होगी, जिनके पास पैसे कमाने के बहुत अच्छे विचार होंगे। लोगों की मदद से आपकी इनकम बढ़ेगी। आज आपके काम की गति बढ़ेगी। छात्र आज कंप्यूटर कोर्स ज्वॉइन करने का मन बनायेंगे।
शुभ रंग- मैजेंटा
शुभ अंक- 7

**धनु राशि**
आज आप व्यावहारिक रहेंगे। इस राशि के जो लोग कंट्रक्शन का कार्य कर रहे हैं, उन्हें कोई बड़ा फायदा होगा। संतान पक्ष से आपको कोई खुशखबरी मिलेगी। करियर में आपको सफलता मिलेगी। किसी मित्र से मिलने उसके घर जायेंगे। आज आप कहीं जाने का प्लान बनायेंगे। लोगों से अपनी बात मनवाने में सफल होंगे। करियर में और आगे बढ़ेंगे, करोबार में बरकत होगी। शाम का समय परीवार वालो के साथ बितेगा।
शुभ रंग- नीला
शुभ अंक- 8

**मकर राशि**
आज आपका दिन धार्मिक गतिविधियों में बीतेगा। जमीन-जायदाद के कागजात को आज सम्भाल कर रखे। साथ ही अपने आस-पास हो रही गतिविधियों पर भी नजर रखने की आवश्यकता है। अगर आप कुछ चीजों का ध्यान नहीं रखेंगे, तो उनके खोने की संभावना है। आपको अपनी चीजों को संभालकर रखना चाहिए। आपको आर्थिक उतार-चढ़ाव की स्थितियां देखने को मिल सकती है। शाम को बच्चों के साथ कहीं घूमने के लिए प्लान बना सकते हैं। जीवनसाथी के साथ शाम को बहार टहलने जायेंगें।
शुभ रंग- मैजेंटा
शुभ अंक- 2

**कुंभ राशि**
आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आप ऐसा कोई काम करेंगे, जिससे आपकी तारीफ होगी। आज आपको नये ऑफर मिलेंगे, इसके लिए आपको तैयार रहना चाहिए। आज आप सामाजिक कामों में सफल रहेंगे। इस राशि के जो लोग विवाहित हैं, वे शाम को किसी अच्छे रेस्टोरेंट में डीनर का प्लान बनायेंगे। आपके घर की सुख-समृद्धि में बढ़ोतरी होगी। माता के सेहत में सुधार होगा। दांपत्य जीवन खुशहाल बना रहेगा।
शुभ रंग- लाल
शुभ अंक- 6

**मीन राशि**
आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। आज आप अपनी दिनचर्या में बदलाव करेंगे। माता-पिता आपकी ख़ुशी देखकर प्रसन्न होंगे। किसी पुराने मित्र से मुलाकात होगी, उनके साथ आप देर तक बात करेंगे। कामकाज के क्षेत्रों में परिवार का सहयोग प्राप्त होगा। ऑफिशीयल मीटिंग के दौरान आपकी किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी, जो आगे चलकर कोई बड़ा फायदा कराएगा। आज कामकाज में सफलता प्राप्त होगा।
शुभ रंग- ग्रे
शुभ अंक- 9

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली-शिलॉन्ग फ्लाइट की पटना एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग

पटना। दिल्ली से शिलॉन्ग जा रही फ्लाइट की पटना एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई है। बर्ड हिट के कारण पटना एयरपोर्ट पर विमान को उतारा गया। विमान के सभी 80 यात्री सुरक्षित हैं। नई दिल्ली से SG-2950 फ्लाइट ने सुबह 7.03 बजे उड़ान भरी थी। सुबह 10.02 बजे इसे शिलॉन्ग पहुंचना था, लेकिन पायलट को अचानक विंडस्क्रीन में दरार दिखी। जिस वक्त पायलट ने इसे देखा, उस समय विमान पटना से गुजर रही थी। इसके बाद पायलट ने ट्रैफिक कंट्रोल को जानकारी दी और पटना एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग की इजाजत मांगी। जिसके बाद विमान को उतारा गया। पैसेंजर्स ने काफी देर तक पटना एयरपोर्ट पर इंतजार किया। अब सभी को पटना के होटल में शिफ्ट किया जा रहा है। भास्कर से बात करते हुए एक यात्री देवाशीष चक्रवर्ती ने बताया कि फ्लाइट हिल रही थी। समझ आ गया था कि कुछ तो हुआ है। फिलहाल होटल जा रहे हैं। इसी फ्लाइट से सफर कर रहीं श्वेता ने बताया कि 'मुझे गुवाहाटी जाना था। फ्लाइट आसमान में थी तभी कोई चिड़िया टकरा गई, जिससे विनशील्ड में क्रैक आ गया। जिसके बाद सभी पैसेंजर्स को इसकी सूचना दी गई। पटना में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई है। अब देखिए कब तक एयरलाइंस वाले दूसरी फ्लाइट कराते हैं।' वहीं जयपुर के रहने वाले नितेंद्र मित्तल ने बताया कि 'हवा में ही सूचना मिली कि पायलट का विंडशील्ड क्रैक हो गया है। इसके कारण पटना में इमरजेंसी लैंडिंग कराई जा रही है। फिलहाल सारे पैसेंजर्स सेफ हैं। हमें अभी होटल ले जाया जा रहा है।' रोहित यादव ने बताया कि 'घटना की जानकारी एयरक्राफ्ट में ही मिल गई थी। अब हमें होटल ले जा रहे हैं। कहा गया है कि दूसरी फ्लाइट से आगे हम लोगों को भेजा जाएगा।' स्पाइसजेट के विमान में 80 यात्री थे। जो इमरजेंसी लैंडिंग के बाद करीब 2 घंटे 30 मिनट तक एयरपोर्ट पर ही रुके। फिर उन्हें होटल भेजा गया। फिलहाल मुंबई से विंडशील्ड मंगाया जा रहा है। विंडशील्ड चेंज होने के बाद फ्लाइट के समय की जानकारी यात्रियों को दी जाएगी।




### पटना में युवक की पीट-पीटकर हत्या, कल रात से ही था लापता



**पटना**। पटना सिटी के मालसलामी थाना क्षेत्र के पत्थर घाट गांव में अपराधियों ने एक ठेला चालक युवक मोहम्मद शकील (28) की ईट-पत्थरों से कुचकर हत्या कर दी। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस ने घटनास्थल पर FSL टीम की मदद से जांच भी शुरू कर दी है। घटना की पुष्टि करते हुए मालसलामी थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान चौक थाना क्षेत्र के मंगल तालाब निवासी मोहम्मद शकील के रूप में हुई है। मोहम्मद शकील के भाई मोहम्मद खुर्शीद ने बताया कि वह उनका छोटा भाई था। मां-पिता के निधन के बाद मोहम्मद शकील ठेला चलाकर भरण पोषण करता था। मोहम्मद शकील की शादी नहीं हुई थी। उसे शराब का लत था। हत्या का कारण पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि कल रात से ही वह लापता था। सोमवार की सुबह उन्हें सूचना मिली कि मोहम्मद शकील की हत्या के बाद उसके शव को फेंक दिया गया है। घटनास्थल पर पहुंचकर उन्होंने मोहम्मद शकील की पहचान की। उन्होंने कहा कि अपराधियों के द्वारा मोहम्मद शकील की बुरी तरह पिटाई के बाद हत्या कर दी गई है।

### ग्यासपुर पीपा पुल चालू नहीं होने से बढ़ी परेशानी, नाव के सहारे आने-जाने पर मजबूर हैं हजारों लोग

**पटना**। पटना के बख्तियारपुर प्रखंड स्थित ग्यासपुर पीपा पुल चालू नहीं होने से आम लोगों को काफी परेशानी हो रही है। बख्तियारपुर प्रखंड के चार पंचायत (काला दियारा, हरदासपुर दियारा, रूपस महाजी, चिड़ैया रूपस) को मुख्यालय से जोड़ने का यही मुख्य रास्ता है। इसके बावजूद पीपा पुल चालू नहीं किया गया है, प्रतिदिन हजारों लोग इसी रास्ते नाव से आना-जाना करते हैं। वहीं नाव में क्षमता से दोगुना अधिक यात्रियों को बैठाकर गंगा पार कराया जाता है, जिससे कभी भी दुर्घटना हो सकती है। वहीं गंगा का जलस्तर भी सामान्य है। स्थानीय लोगों ने बताया कि 15 नवंबर से 15 जुलाई तक पीपा पुल को चालू रखने का निर्देश है, लेकिन 9 दिसंबर तक भी पीपा पुल को चालू नहीं किया गया है। पीपा पुल को जल्द चालू किया जाना चाहिए, ताकि बाइक और फोर व्हीलर गाड़ी वाले लोग आसानी से गंगा नदी पार कर सके। दियारा क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में पढ़ाने वाले टीचर्स भी परेशान रहते हैं। उन्हें भी गंगा घाट पर घंटों तक नाव खुलने का इंतजार करना पड़ता है। वहीं नाविक कैमरे पर बोलने से बचते नजर आए। एक नाविक ने बताया कि नाव अब गंगा किनारे पर फंसने लगा है। नाव को छुडाने में घंटों लग जाता है। पीपा पुल जल्द चालू करना चाहिए। वहीं पीपा पुल की समस्या को लेकर बाढ़ SDM शुभम कुमार से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका।

# पटना में लूटपाट के दौरान युवक को मारी गोली, हालत गंभीर

एजेंसी, पटना

पटना के मनेर थाना क्षेत्र के NH- 30 श्रीनगर इलाके में अपराधियों ने बाइक सवार युवक के साथ लूटपाट के दौरान गोली मार दी। अपराधी, युवक का बाइक, लैपटॉप बैग और अन्य सामान लेकर फरार हो गए। घायल युवक की पहचान मनेर थाना क्षेत्र के महीनावा गांव निवासी सुरेश साव के बेटे कुंदन कुमार (20) के रूप में हुई है। कुंदन पटना में ग्राफिक्स डिजाइनर का काम करता था। कुंदन के चचेरे भाई विकास की मंगलवार को बारात थी। इसको लेकर वह रविवार की देर रात पटना स्थित अपने ऑफिस से घर आ रहा था। घर से कुछ दूरी पर श्रीनगर NH- 30 के मुख्य मार्ग पर अपराधियों ने लूटपाट की घटना को अंजाम दिया है। वहीं विरोध करने पर अपराधियों ने उसे गोली मार दी। उसके बाइक, लैपटॉप बैग और अन्य सामान लेकर फरार हो गए। लूटपाट की घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी बिहटा की तरफ फरार हुए हैं।

गोली कुंदन के कमर में लगी है, जो उसके पंजरे फंसी हुई है। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। आनन-फानन में परिजनों ने घायल कुंदन को मनेर अस्पताल पहुंचाया। जहां से उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए PMCH रेफर कर दिया। परिजनों ने उसे पटना के राजबाजार स्थित निजी अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।



**वेंटीलेटर पर है कुंदनः** घटना के सूचना मिलते ही DSP पंकज कुमार मिश्रा और मनेर थानाध्यक्ष दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन की। घायल कुंदन के जीजा अरविंद कुमार गुप्ता ने बताया कि कल देर रात 12 बजे कुंदन के ऑफिस के किसी सहयोगी ने कॉल कर बताया कि वह रास्ते में घायल पड़ा हुआ है। इसके बाद हमलोग उसे खोजने निकले। खोजबीन के दौरान श्रीनगर के पास कुंदन घायल पड़ा मिला। उसका शरीर पूरी तरह से खून से लथपथ था।

उसके पीठ में गोली मारने के निशान थे, तो वहीं पेट में चाकू मारने के निशान पाए गए।

**अस्पताल में भर्ती, बाइक, लैपटॉप और सामान लेकर भागे अपराधी**

पुलिस मुझे लेकर घटनास्थल पर गई थी। वहां पुलिस को घायल कुंदन का चश्मा मिला है। गोली उसके शरीर में अंदर फंसा हुआ है। अभी उसकी स्थित नाजुक बनी हुई है। अभी उसे राजबाजार स्थित निजी अस्पताल में वेंटीलेटर पर रखा हुआ है। वह जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है।

**पुलिस बोली- जल्द होगी अपराधियों की गिरफ्तारीः** इस संबंध में DSP पंकज कुमार मिश्रा ने बताया कि बीती रात मनेर थाना क्षेत्र के महीनावा निवासी कुंदन को पटना से घर लौटने के दौरान श्रीनगर में अज्ञात अपराधियों द्वारा मोटरसाइकिल छीनने के दौरान गोली मार कर घायल कर दिया है। उनका अभी इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी FSL और टेक्निकल टीम को दे दी गई है। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। घटना में शामिल अपराधियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## व्यापारी हत्याकांड में आरोपियों के घर होगी कुर्की

एजेंसी, पटना



बाढ़ अनुमंडल के मोकामा थाना अंतर्गत कपड़ा व्यापारी चंद्रभूषण राय की गोली मारकर हत्या मामले में पुलिस अब नामजद अभियुक्त आरोपियों के घर की कुर्की की तैयारी में जुटी है। दरअसल 29 नवंबर की रात चंद्र भूषण राय अपनी दुकान बंद कर लौट रहे थे। तभी तीन की संख्या में घात लगाए अपराधियों ने मोकामा बाजार रोड में गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में मृतक चंद्रभूषण राय के बहनोई अजय सिंह और भांजा कुणाल कुमार को मुख्य आरोपी है और दोनों अब तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर है।

**मुख्य आरोपी पुलिस की गिरफ्त से दूरः** हालांकि मृतक के बहन को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला 20 डिसमिल पैतृक संपत्ति का था, जिसे बहन ने अपने बेटे के नाम करा लिया था। इसके कारण दोनो में विवाद चल रहा था। 29 नवंबर को बहन, बहनोई और भांजे ने मिलकर साजिश के तहत हत्या की घटना को अंजाम दिया था। जबकि मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने से व्यापारियों और लोगों में आक्रोश है।

**♦ 29 नवंबर को अपराधियों ने चंद्र भूषण राय को मारी थी गोली, मुख्य आरोपी फरार**

**गिरफ्तारी के लिए छापेमारी में जुटी पुलिसः** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बाढ़-1 राकेश कुमार ने कहा कि घटना में नामजद प्राथमिकी अभियुक्त मृतक की बहन को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। दो मुख्य आरोपी बहनोई और भांजे की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किया जा रहा है और लगातार छापेमारी की जा रही है। आरोपी पुलिस गिरफ्तारी से बाहर चल रहे हैं और ना ही उन्होंने आत्मसमर्पण किया है। पुलिस जल्द ही न्यायालय से अनुरोध कर कुर्की की कार्रवई करेगी।

## मोबाइल दुकान में चोरी, 2 लाख का स्मार्टफोन और 1 लाख कैश ले गए चोर

एजेंसी, पटना

राजधानी पटना से सटे बिहटा के IIT थानाक्षेत्र के सिकरिया चौक स्थित एक मोबाइल दुकान में बीते रात चोरी हुई। चोरों ने दुकान का शटर तोड़कर 2 लाख के स्मार्टफोन और 1 लाख नगद रुपए लेकर फरार हो गए। दुकान के मालिक सोनू कुमार को इसकी सूचना अगले सुबह तब मिली, जब वो दुकान पहुंचा। सोनू ने देखा कि दुकान का शटर टूटा हुआ है। सोनू ने इसकी सूचना पुलिस को दी। फिलहाल पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट चुकी है।स्थानीय लोगों का कहना है कि बाजार में पहली बार चोरी की घटना हुई है।

**ग्राहकों का फोन भी ले गए चोरः** दुकान के मालिक सोनू कुमार ने स्थानीय थाने में आवेदन देते हुए बताया कि वह कल रात को दुकान बंद कर घर चला गया था। सुबह में बाजार के लोगों के द्वारा सूचना मिली की दुकान का शटर तोड़ा गया है। मैंने देखा कि दुकान में चोरी हो चुकी है और सारा सामान बिखरा पड़ा है। दुकान में रखे एक लाख नगद रुपए और 2 लाख के स्मार्टफोन और ग्राहकों के फोन चोर ले गए हैं।

**चोरों ने देर रात शटर काटकर घटना को दिया अंजाम**




**क्या बोली पुलिसः** बिहटा IIT थाना प्रभारी हीरा सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि सीकरिया चौक के पास एक मोबाइल दुकान में चोरी हुई है। सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच कर रही है।

दुकान के मालिक के तरफ से आवेदन मिला है, जिसके आधार पर पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई में लगी हुई है।


## BPSC 70वीं पीटी परीक्षा के डेट में कोई बदलाव नहीं, लॉटरी सिस्टम से होगा क्वेश्चन पेपर का चयन

एजेंसी, पटना

बीपीएससी 70वीं पीटी परीक्षा के डेट में कोई बदलाव नहीं होगा। आयोग के चेयरमैन रवि मनु भाई परमार ने कहा कि कुछ लोगों ने अफवाह उड़ाई थी। इस पर ध्यान देने की जरूरत नहीं है। निर्धारित डेट 13 दिसंबर को ही परीक्षा का आयोजन होगा। 4 सेट में क्वेश्चन पेपर बना है। प्रिंटिंग अलग-अलग राज्यों से करवाई गई है। इसमें से एक सेट का चयन होगा। जो पूरे राज्य में हर सेंटर्स पर जाएगा। क्वेश्चन पेपर का चयन लॉटरी सिस्टम से होगा।

**अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई करेंगेः** बिहार लोक सेवा के अध्यक्ष ने कहा कि अफवाह के कारण कई बच्चे परेशान हुए हैं। नॉर्मलाइजेशन और परीक्षा डेट को लेकर जिन लोगों ने अफवाह फैलाई है। वैसे सभी लोगों के खिलाफ साक्ष्य जमा करके साइबर सेल को दे रहे हैं। इन सभी पर कार्रवाई की जाएगी। हम एक-एक वीडियो की जांच कर रहे हैं। जो लोग या संस्थान इसमें शामिल हैं, उन पर साइबर सेल केस दर्ज करेगी।

**सीसीटीवी कैमरे से निगरानीः** बिहार के 36 जिलों में कुल 950 सेंटर्स बनाए गए हैं। 4.83 लाख कैंडिडेट्स ने फॉर्म भरा है। सेंटर्स पर करीब 25 से 30 हजार सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। हर केंद्र पर जैमर की भी व्यवस्था की गई है। कैंडिडेट्स की जांच तीन लेयर में की जाएगी।



**♦ 30 हजार सीसीटीवी कैमरों से निगरानी, तीन लेयर में जांच**

सबसे पहले आंखों की पुतली की जांच की जाएगी। उसके बाद बायोमेट्रिक और लास्ट में डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन किया जाएगा। जिन अभ्यर्थियों का आईडी मैच नहीं होगा, उन्हें परीक्षा देने से वंचित कर दिया जाएगा।

## बिहटा में बालू लोडेड ट्रक से अवैध वसूली, चेकपोस्ट पर पुलिसकर्मी पैसा लेते दिखे

**ट्रैफिक डीएसपी बोले- जांच के बाद कार्रवाई करेंगे**

एजेंसी, पटना

पटना जिले के बिहटा में बालू लोडेड ट्रक से अवैध वसूली का वीडियो सामने आया है। इसमें पुलिसकर्मी पैसे लेते नजर आ रहे हैं। चेकपोस्ट पर ट्रैफिक पुलिस पैसा लेने में इतने मशगूल थे कि उन्हें पता ही नहीं चला कि कोई उसका वीडियो बना रहा है।

वीडियो में साफ दिख रहा है कि ड्यूटी पर तैनात जवान सबसे पहले चेक पोस्ट पर ट्रक को रुकवाते हैं। फिर वर्दी का धौंस दिखाते हुए फोटो क्लिक करते हैं। कुछ देर बाद गाड़ी में बैठा युवक जवान को पैसा देता है। इसके बाद उसे जाने दिया जाता है।

**जांच के बाद कार्रवाई करेंगेः** वहीं, इस संबंध में ट्रैफिक डीएसपी-2 ललित मोहन सिंह का कहना है मुझे अभी तक कोई वीडियो नहीं मिला है। अगर इस तरह की कोई बात है तो उसकी जांच की जाएगी। जांच में जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**बिना पैसा दिए भारी वाहनों की एंट्री नहीं:** स्थानीय लोगों के मुताबिक अवैध वसूली के चक्कर में इस इलाके में अक्सर जाम लग जाता है। इससे आम जनता को परेशानी होती है। बिना पैसे दिए भारी वाहनों को एंट्री नहीं दी जाती है। ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने के लिए कुछ दिन पहले मुख्य सचिव, ट्रैफिक एसपी, डीएसपी बिहटा पहुंचे थे। लेकिन, स्थिति जस की तस बनी हुई है।

## 4 दोस्त नई कार की पार्टी करने निकले, 2 की मौत, एक की 2 महीने बाद शादी थी, मां बोली- बेटा ही आसरा था

एजेंसी, हाजीपुर

सोनपुर में सड़क हादसे में दो दोस्तों की मौत हो गई, जबकि दो की हालत गंभीर है। चारों एक कार से पार्टी करने पटना गए थे। लौटने के दौरान पटना-सोनपुर बायपास पर लालू यादव चौक के पास कार ने खड़े ट्रक में टक्कर मार दी। एक्सीडेंट में कार के परखच्चे उड़ गए। स्थानीय लोगों की माने तो गाड़ी की जो हालत है, उसे देखकर लगता है कि रफ्तार 100 से ज्यादा की रही होगी।

घटना रविवार की रात करीब 12 बजे की। वहीं घायलों को पटना पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है। हादसे में मारे गए पहलेजा थाना के कश्मर गांव निवासी लक्ष्मण भगत के बेटे अमन कुमार(27) ने नई कार खरीदी थी। इसी की पार्टी करने वो अपने तीन दोस्तों के साथ कार से पटना गया था। लौटने के दौरान ये हादसा हुआ। मृतकों में अमन का दोस्त और शिव साह का बेटा जीतू कुमार (28) भी है। जीतू की मां बसंती देवी ने बताया कि 'दो महीने बाद उसकी शादी होने वाली थी। सब कुछ फिक्स था। पैसे की बात बाकी थी। मेरा बेटा गाड़ी चलाता था। जीतू और हम हम मिलकर घर चलाते थे। मेरे ऊपर 7 लाख का कर्ज है। जीतू बोलता था, वो सारा कर्ज खत्म कर देगा। अब कर्ज कौन खत्म करेगा।'



**♦ 2 गंभीर**

**कार में ही फंस गया था दोनों का शवः** कार की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि आगे बैठे दो दोस्त की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों का शव दुर्घटनाग्रस्त कार में ही फंस गया था। जिसे निकालने में प्रशासन को 2 घंटे से ज्यादा का समय लगा।


**7 दिसंबर को अमन ने खरीदी थी कारः** अमन कुमार ने 7 दिसंबर को काले रंग की सेकेंड हैंड वरना कार खरीदी थी। जिसे लेकर वो काफी खुश था। कार से ही दोस्तों के साथ पार्टी करने घर से पटना की तरफ निकला था। वहीं वापस लौटने के दौरान लालू यादव चौक के पास सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।

# बिहार इंजीनियरिंग कॉलेज का पहला दीक्षांत समारोह

एजेंसी, पटना

बिहार इंजीनियरिंग कॉलेज में आज पहला दीक्षांत समारोह मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन पटना के संवाद कक्ष में हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर CM नीतीश कुमार शामिल हुए। इस समारोह में CM ने अभियंत्रण परीक्षा में टॉप किए छात्र-छात्राओं को डिग्री, मेडल और लैपटॉप देकर उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा तैयार की गयी विभागीय उपलब्धियों पर आधारित लघु फिल्म मुख्यमंत्री के समक्ष दिखाई गयी। CM नीतीश ने बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय के पुस्तक का विमोचन भी किया। सीएम नीतीश ने सम्मानित होनेवाले छात्रों को बधाई और शुभकामनायें देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**CM नीतीश के नेतृत्व में हुई है स्थापनाः** दरअसल, बिहार सरकार के सात निश्चय कार्यक्रम के तहत सभी जिलों में राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय की स्थापना करायी गयी है। CM नीतीश ने यह परिकल्पना थी कि राज्य में अलग से एक स्वतंत्र अभियंत्रण विश्वविद्यालय की स्थापना की जाए ताकि पठन-पाठन का सत्र नियमित रूप से होने के साथ-साथ तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता में भी सुधार हो सके। इसको ध्यान में रखते हुए CM नीतीश के नेतृत्व में बिहार इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना की गयी है। विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। प्रत्येक इंजीनियरिंग कॉलेज में उच्चस्तरीय आधारभूत संरचना, उच्च गुणवत्ता के प्रयोगशाला, वर्कशॉप और स्मार्ट क्लासरूम का निर्माण किया जा रहा है। अभियंत्रण महाविद्यालय को पूर्ण रूप से आवासीय बनाया जा रहा है, जहां छात्रावास और शिक्षकों के लिए आवास का निर्माण कराया जा रहा है। इंजीनियरिंग कॉलेज में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और विभिन्न प्रकार की नयी-नयी तकनीकों का प्रशिक्षण भी दिया जाता है। छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद, योग प्रशिक्षण और मानसिक स्वास्थ्य पर भी ध्यान दिया जा रहा है।



**♦ CM ने छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया, टॉपर्स को मेडल और लैपटॉप मिले**

सरकार के इन सकारात्मक प्रयासों का असर छात्रों के प्लेसमेंट पर पड़ा है। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं का नियोजन अच्छे-अच्छे संस्थानों में हो रहा है। वहीं इस कार्यक्रम में डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिंह मौजूद रहे। इसके साथ ही जल संसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुमित कुमार सिंह, भी मौजूद रहे।

## ममता बनर्जी की पार्टी बंगाल तक ही सीमित

एजेंसी, पटना

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इंडिया गठबंधन को लीड करने वाले बयान ने सियासी बवाल पैदा कर दिया है। वहीं अब बिहार कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने बड़ा बयान दिया है।

उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी की पार्टी बंगाल तक ही सीमित हैं। राष्ट्रीय स्तर पर उनका और उनकी पार्टी का व्यक्तित्व उतना बड़ा नहीं है। दरअसल, हाल ही में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा था कि अगर उन्हें इंडिया गठबंधन के नेतृत्व का मौका मिलता है तो वह इसको तैयार हैं।

**सोनिया गांधी का जन्म दिन मनायाः** दरअसल, बिहार कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आज कांग्रेस कार्यालय में सोनिया गांधी का जन्म दिन मनाने पहुंचे थे।

प्रदेश अध्यक्ष समेत अन्य नेताओं ने केक काटकर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी।मीडिया से बातचीत के दौरान अखिलेश प्रसाद सिंह ने यह बयान दिया।



**कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह बोलें- उनकी पार्टी का व्यक्तित्व उतना बड़ा नहीं, BJP पर साधा निशाना**

**भाजपा ने अपने सहयोगी दलों को सम्मान नहीं दियाः** अखिलेश प्रसाद सिंह ने आगे कहा कि राजीव गांधी के निधन के बाद सोनिया गांधी के मजबूत इरादों ने कांग्रेस को फिर से खड़ा किया। अखिलेश सिंह ने महाराष्ट्र में BJP की स्ट्रेटजी को लेकर सवाल उठाया और कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने अपने सहयोगी दलों को सम्मान नहीं दिया। यह सिर्फ महाराष्ट्र का उदाहरण नहीं है।

# भारत के कुश मैनी ने फॉर्मूला2 कंस्ट्रक्टर्स चैंपियनशिप जीतकर रचा इतिहास

**अबुधाबी, एजेंसी।** भारतीय ड्राइवर कुश मैनी ने यहां एफ2 कंस्ट्रक्टर्स रेस जीतकर भारतीय खेलों में नया इतिहास रचा।



वह एफआईए कंस्ट्रक्टर्स विश्व चैंपियनशिप जीतने वाले देश के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। मैनी के लिए फार्मूला2 में यह सत्र शानदार रहा। इससे पहले वह इस रेस में पोल पोजीशन हासिल करने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने थे। मैनी ने इनविक्टा रेसिंग की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह टीम इस सत्र में पांच बार पोडियम पर पहुंची, जिसमें हंगरी में पहला स्थान हासिल करना भी शामिल है।

इस भारतीय ड्राइवर ने जेद्दा में पोल पोजीशन हासिल की थी। इस तरह से उन्होंने अपनी टीम के अभियान की शानदार नींव रखी, जिसका मैनी की पूर्व टीम कैम्पोस रेसिंग पर 34.5 अंकों के अंतर से जीत के साथ समापन हुआ।

# गेंदबाजी के बाद अब बल्लेबाजी में भी छाए शमी

## मुश्ताक अली ट्रॉफी में खेली 32 रन की शानदार पारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के वरिष्ठ तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने सोमवार को बेंगलुरु में चंडीगढ़ के खिलाफ चल रहे सैयद मुश्ताक अली प्री क्वार्टर फाइनल में बंगाल के लिए 17 गेंदों में नाबाद 32 रनों की शानदार पारी खेली। शमी ने डेथ ओवरों में चंडीगढ़ के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते हुए तीन चौके और दो शानदार छक्के लगाए। 16वें ओवर में जब बंगाल का स्कोर 8 विकेट पर 114 रन था, तब शमी आए और उन्होंने तलवार की तरह अपना बल्ला घुमाया और विपक्षी गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाई।

उनकी पारी 188.24 के शानदार स्ट्राइक रेट से आई और उन्होंने बंगाल को मुश्किल स्थिति से 9 विकेट पर 159 रन तक



पहुंचाया।


शमी बंगाल के लिए खेल में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे, जबकि करण लाल ने 25 गेंदों में 33 रन की पारी खेली।

प्रदीप्त प्रमाणिक ने 24 गेंदों पर 30 रन बनाए, जबकि रितिक चटर्जी ने 12 गेंदों पर 28 रन बनाए, जिसमें चंडीगढ़ द्वारा पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद बंगाल ने 159 रन बनाए। शमी के ऑस्ट्रेलिया में चल मौजूदा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला के अंतिम दो टेस्ट के लिए उपलब्ध होने की संभावना है।

हालांकि अनुभवी खिलाड़ी को अभी भी एनसीए की मेडिकल टीम से फिटनेस क्लीयरेंस नहीं मिली है, जो औपचारिकता का मामला है।

**खो-खो विश्व कपः**

# मेजबानी के लिए तैयार भारत मंगलवार से शुरू होगा प्रशिक्षण शिविर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगले महीने भारत की मेजबानी में खो-खो विश्व कप का आयोजन होना है। इससे पहले भारतीय खो-खो महासंघ (केकेएफआई), भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) और खेल मंत्रालय ने प्रशिक्षण शिविर के आयोजन का फैसला लिया है। सोमवार को केकेएफआई के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने बताया कि विश्व कप से पहले राष्ट्रीय टीम की तैयारियों को बेहतर बनाने के लिए प्रशिक्षण शिविर लगाया जाएगा। इसमें प्रदर्शन के आधार पर खो-खो विश्व कप में भाग लेने के लिए 15 पुरुष खिलाड़ी और इतने ही महिला खिलाड़ियों का राष्ट्रीय टीम के लिए चयन किया जाएगा।

## मुख्य कोच अश्विनी शर्मा करेंगे प्रशिक्षण शिविर की देखरेख

भारतीय टीम का प्रशिक्षण शिविर मंगलवार यानी 10 दिसंबर से जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में शुरु होगा। एक महीने तक चलने वाले इस शिविर की देखरेख भारतीय टीम के मुख्य कोच अश्विनी शर्मा करेंगे।

इसमें देश भर से चुने गए 60 पुरुष और इतनी ही महिला खिलाड़ियों को टीम भावना विकसित करने, कौशल बढ़ाने, मानसिक मजबूती, अनुशासन और टीम बॉन्डिंग बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर में अनुभवी और नए युवा खिलाड़ियों को खेल विशेषज्ञों द्वारा पोल डाइविंग, टैपिंग, जिग जैग रनिंग, डाजिंग टैपिंग आदि बारीकियां सिखाई जाएंगी।

## प्रशिक्षण के साथ-साथ खिलाड़ियों को ये सुविधाएं भी देगा केकेएफआई

खो-खो विश्व कप का आयोजन 13 से 19 जनवरी तक नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में होगा। सुधांशु मित्तल ने कहा कि प्रशिक्षण शिविर की औपचारिक शुरुआत से पहले दो दिनों के दौरान खिलाड़ियों की शारीरिक स्थिति के लिए सभी आवश्यक चिकित्सा परीक्षण किए जाएंगे। खिलाड़ियों के रहने और खाने की व्यवस्था जवाहर लाल नेहरू साई छात्रावास में की जाएगी।

सभी खिलाड़ियों को निशुल्क आवास सुविधा तथा 20,000 रुपये के मूल्य की खेल किट उपलब्ध कराई जाएगी।







# टाटा स्टील 25 के: पुरुषों में गुलवीर-सवाण और महिलाओं में संजीवनी करेंगी भारत का नेतृत्व, रविवार को प्रतियोगिता

**कोलकाता, एजेंसी।** टाटा स्टील वर्ल्ड 25के गोल्ड लेबल रेस में इस बार पुरुषों का नेतृत्व 10000 मीटर और 5000 मीटर राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक गुलवीर सिंह और डिफेंडिंग चैंपियन सवाण बरवाल करेंगे। जबकि महिलाओं में फॉर्म में चल रही संजीवनी जाधव भारतीय एलीट महिलाओं की श्रेणी का नेतृत्व करेंगी। उल्लेखनीय है कि टाटा स्टील वर्ल्ड 25के गोल्ड लेबल रेस 15 दिसंबर होगा। उल्लेखनीय है कि टाटा स्टील वर्ल्ड 25के को इस दूरी पर विश्व का पहला वर्ल्ड एथलेटिक्स गोल्ड लेबल रेस बनने का गौरव प्राप्त हुआ है। इस प्रतियोगिता की एलीट में 27 पुरुष जबकि 13 महिलाएं आगामी रविवार कोलकाता के रेड रोड में मुकाबला करेंगी।

आराम कोलकाता सोनार कोलकाता हैस टैक के तहत रन का आयोजन किया जा रहा है। भारत के कुछ बेहतरीन एथलीट्स इस यूएस डॉलर 142,214 पुरस्कार राशि वाली रेस में केंद्र में होंगे। भारतीय एलीट पुरुषों और महिलाओं के विजेताओं के लिए समान पुरस्कार राशि होगी, जिसमें प्रत्येक रेस के पहले तीन स्थान पर आने वालों को क्रमशः 2,75,000, 2,00,000 और 1,50,000 रुपए मिलेंगी। भारतीय एलीट पुरुष और महिला धावकों को इवेंट रिकॉर्ड बोनस के रूप में 1,00,000 रुपए भी मिलेगा। उल्लेखनीय है कि आविनाश साबले के पास भारतीय एलीट पुरुषों की श्रेणी में मौजूदा इवेंट रिकॉर्ड है, जिसका समय 1=15=17 है, और एल. सुरिया के पास भारतीय एलीट महिलाओं का रिकॉर्ड है, जिसका समय 1:26:53 है।

**फॉर्म में चल रहे हैं गुलवीर**

पुरुषों की मजबूत टीम का नेतृत्व वर्तमान में सनसनी बने हुए गुलवीर सिंह करेंगे, जो शानदार फॉर्म में हैं। वे वर्तमान 5000 मीटर (13=11=82) और 10,000 मीटर (27=14=88) के राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक हैं, और हाल ही में हांगकांग में आयोजित 17वें एशियाई क्रॉस-कंट्री चैंपियनशिप 2024 में गोल्ड मेडल भी जीत चुके हैं।

**जूनियर महिला हॉकीः**

# एशिया कप के पहले मैच में भारत की जीत, बांग्लादेश को 13-1 से हराया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत सोमवार को अपने दूसरे ग्रुप गेम में मलेशिया से भिड़ेगा। टीम अपना खिताब बचाने के अलावा अगले साल चिली के सैंटियागो में होने वाले जूनियर विश्व कप के लिए सीधे क्वालिफाई करने की भी उम्मीद कर रही है। मुमताज खान के चार गोल के अलावा कनिका सिवाच और दीपिका की हैट्रिक की मदद से गत चैंपियन भारत ने रविवार को महिला जूनियर एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में बांग्लादेश को 13-1 से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। पूल ए के मैच में विजेता टीम के लिए मुमताज (27वें, 32वें, 53वें, 58वें), कनिका (12वें, 51वें, 52वें), दीपिका (7वें, 20वें, 55वें), मनीषा (10वें), ब्यूटी डुंग डुंग (33वें) और उप कप्तान साक्षी राणा (43वें) ने गोल दागे जबकि बांग्लादेश की ओर से ओरपिता पाल (12वें) ही एकमात्र गोल करने वाली खिलाड़ी रहीं। भारत ने पूरे मैच में दबदबा बनाए रखा और आराम से जीत दर्ज की।

भारत सोमवार को अपने दूसरे ग्रुप गेम में मलेशिया से भिड़ेगा। टीम अपना खिताब बचाने के अलावा अगले साल चिली के सैंटियागो में होने वाले जूनियर विश्व कप के लिए सीधे क्वालिफाई करने की भी उम्मीद कर रही है। सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चारों टीम को विश्व कप में सीधे प्रवेश मिलेगा।



# साउथ अफ्रीका ने श्रीलंका को 109 रन से हराया

सीरीज 2-0 से जीती, बावुमा प्लेयर ऑफ द सीरीज

केनबरा, एजेंसी। साउथ अफ्रीका ने दूसरे टेस्ट में श्रीलंका को 109 रन से हरा दिया है। इसी के साथ टीम ने दो मैचों की सीरीज को 2-0 से जीत लिया है। केबेरा के सेंट जॉर्ज पार्क स्टेडियम में टेम्बा बावुमा की टीम ने 348 रनों का लक्ष्य रखा था, जिसके जवाब में श्रीलंका 238 रन ही बना सकी।

इस जीत के साथ ही साउथ अफ्रीका ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की पॉइंट्स टेबल में ऑस्ट्रेलिया को पीछे छोड़ नंबर-1 पर कब्जा जमा लिया है। पांचवें दिन श्रीलंका को 143 रन की जरूरत थी। जबकि साउथ अफ्रीका को 5 विकेट चाहिए थे। लेकिन टीम अपने कल के स्कोर 205 रन में मात्र 33 रन जोड़ सकी और ऑलआउट हो गई। प्रोटियाज टीम से केशव महाराज ने 5 विकेट लिए।

डेन पैटरसन ने मैच में 7 विकेट लिए, उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वहीं 2 मैच में 327 रन बनाने वाले कप्तान बावुमा को प्लेयर ऑफ द सीरीज का खिताब मिला।

श्रीलंका के कप्तान धनंजय डी सिल्वा के अलावा बाकी बल्लेबाज पूरी तरह से फ्लॉप रहे। सिल्वा ने 92 बॉल पर 50 रन की पारी खेली। विकेटकीपर कुसल मेंडिस ने 46 रन बनाए। आखिरी के 4 बल्लेबाज मिलकर 15 रन ही जोड़ सके। स्पिनर केशव महाराज ने दूसरी पारी में 5 विकेट लिए।

**बावुमा ने फिफ्टी लगाई**

चौथे दिन साउथ अफ्रीका ने अपनी दूसरी पारी में 191/3 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। ट्रिस्टन स्टब्स ने 36 और कप्तान टेम्बा बावुमा ने 48 रन के स्कोर से अपनी पारी आगे बढ़ाई।

**चेसः**

# गत चैंपियन लिरेन के खिलाफ बढ़त बनाने के बाद आया गुकेश का बयान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** गुकेश ने कहा, पहली बाजी में हार झेलने के बाद मुझे मानसिक मजबूती दिखाने की जरूरत थी। विश्व चैंपियनशिप की पहली बाजी गवाना अच्छा नहीं माना जा सकता है लेकिन मैंने पलटवार किया।

भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने विश्व शतरंज चैंपियनशिप के 11वें दौर में गत चैंपियन डिंग लिरेन को हराने के बाद रविवार को कहा कि पहली बाजी गंवाने के बाद उन्होंने मानसिक मजबूती दिखाई जिससे वह पलटवार करके वापसी करने में सफल रहे। गुकेश ने कहा, पहली बाजी में हार झेलने के बाद मुझे मानसिक मजबूती दिखाने की जरूरत थी। विश्व चैंपियनशिप की पहली बाजी गवाना अच्छा नहीं माना जा सकता है लेकिन मैंने पलटवार किया और इसके बाद अच्छी शतरंज खेली।

गुकेश पहली बाजी हार गए थे लेकिन उन्होंने तीसरी बाजी जीत कर मुकाबला बराबरी पर ला दिया था। इसके बाद लगातार सात बाजी ड्रॉ रही लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने अब 6-5 की बढ़त हासिल करके खिताब की तरफ मजबूत कदम बढ़ा दिए हैं। उन्होंने कहा कि वापसी करवाने में उनकी टीम की भूमिका बहुत अहम रही और जोखिम उठाने का अपने फायदा मिला।

भारतीय खिलाड़ी ने कहा, इस बीच मुझे वापसी दिलाने के लिए मेरी टीम ने बहुत अच्छा काम किया।

मैं यही सोच रहा था कि यह मुकाबला बेहद दिलचस्प है और मुझे जोखिम उठाने का भी फायदा मिला क्योंकि इससे मैंने उसे निश्चित तौर पर हैरानी में डाल दिया। गुकेश ने यह मानने से इनकार कर दिया कि चीन का खिलाड़ी 11वीं बाजी में भी ड्रॉ के लिए खेल रहा था। उन्होंने कहा, मैं नहीं मानता कि मेरा प्रतिद्वंदी अंक बांटने के लिए खेल रहा था। इस मुकाबले में वह भी कुछ अवसरों पर बेहतर स्थिति में था। यह 14 दौर का मुकाबला है और आप शुरू में ही इसे टाइब्रेक तक ले जाने की योजना नहीं बना सकते हैं क्योंकि शतरंज में गलतियां हमेशा होती हैं। यह मुकाबला अभी तक उतार चढ़ाव वाला रहा है।

## बांग्लादेश के खिलाफ वॉर्नर पार्क में किया बड़ा चेज

# वेस्टइंडीज ने दमदार जीत से की वनडे सीरीज की शुरुआत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज में जीत के साथ शुरुआत की है। टीम ने वॉर्नर पार्क में खेले गए पहले मैच में पांच विकेट से जीत हासिल की। इस जीत को हासिल करने के लिए टीम ने वॉर्नर पार्क स्टेडियम में सबसे बड़ा चेज किया। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। उन्होंने 50 ओवर में छह विकेट खोकर 294 रन बनाए। वेस्टइंडीज ने 14 गेंद रहते हुए जीत हासिल कर ली। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। टीम ने सौम्य सरकार का विकेट महज 19 रन पर खो दिया। इसके बाद लिटन दास भी दो रन बनाकर



लौट गए। यहां से तनजिद हसन और मेहदी हसन ने पारी को संभाला। तनजिद के आउट होने के बाद महमुदुल्लाह ने भी अर्धशतकीय पारी खेली और जाकेर अली के साथ भी अहम साझेदारी की। वेस्टइंडीज की ओर से रोमारियो शेफर्ड ने तीन, अल्जारी जोसेफ ने दो और जेडन सील्स ने एक विकेट हासिल किया। 295 के लक्ष्य के जवाब में वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम ने 27 रन के कुल स्कोर पर ही दो विकेट खो दिए थे। ब्रैंडन किंग ने 9 और इविन लुइस ने 16 रन बनाए। यहां से कप्तान शे होप क्रीज पर टिके। उन्होंने पहले कैसी कार्टी और फिर शरफेन रदरफोर्ड के साथ अहम साझेदारी की।

# अगले 24 घंटे में पता चल जाएगा कि तीसरा टेस्ट मैच खेलूंगा या नहीं: हेजलवुड

**एडिलेड, एजेंसी।** 'साइड स्ट्रेन से उबर रहे ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने सोमवार को यहां एडिलेड ओवल में दो पूरे स्पेल गेंदबाजी करने के बाद कहा कि अगले 24 घंटे में यह पता चल जाएगा कि वह भारत के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट मैच में खेल पाएंगे या नहीं। हेजलवुड चोटिल होने के कारण यहां खेले गए दिन रात्रि टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे। ऑस्ट्रेलिया ने यह मैच तीसरे दिन ही 10 विकेट से जीत लिया था। इससे हेजलवुड को मैच की परिस्थितियों में गेंदबाजी करने का मौका मिला।

तीसरा टेस्ट मैच शनिवार से ब्रिस्बेन में खेला जाएगा। हेजलवुड ने कहा, 'मेरा तीसरे टेस्ट मैच में खेलना अगले 24 घंटे में मेरी फिटनेस की प्रगति



पर निर्भर करेगा। निश्चित तौर पर दो स्पेल गेंदबाजी करना काफी अंतर पैदा करते हैं। उन्होंने कहा, 'अभी कुछ छोटी-छोटी चीज हैं जिन पर प्रगति हासिल करना बाकी है लेकिन अगले 24 घंटे महत्वपूर्ण है। अगले दिन फिर से गेंदबाजी करना और यह सोचना महत्वपूर्ण है कि मैं फिर से गेंदबाजी करने के लिए तैयार हूं।

इस अनुभवी तेज गेंदबाज का साइड स्ट्रेन का पुराना रिकॉर्ड रहा है लेकिन उन्होंने कहा कि अगर एडिलेड टेस्ट वर्तमान सत्र का आखिरी टेस्ट होता तो वह इसमें जरूर खेलते। हेजलवुड ने कहा, 'यह जरूरी नहीं है कि यह सामान्य साइड स्ट्रेन हो जिससे मैं पहले भी जूझ चुका हूं, इसलिए हम किसी तरह का जोखिम नहीं लेना चाहते थे।

# मोहम्मद सिराज को ट्रेविस हेड से एडिलेड टेस्ट में लड़ाई पड़ी भारी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एडिलेड टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच मुकाबले के दौरान काफी गर्मा-गर्मी हुई. इस पिंक बॉल टेस्ट के दौरान सिराज काफी आक्रामक नजर आए. मार्नस लाबुशेन के बाद उनकी ट्रेविस हेड से भी लड़ाई हो गई थी. इसके बाद ऑस्ट्रेलिया के फैंस उनके पीछे पड़ गए और उन्हें चिढ़ाने लगे थे. पूर्व ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी और मीडिया भी उनकी आलोचना करती नजर आई.

हालांकि, सिराज ने हेड के आरोपों को बाद में खारिज किया और उन्हें झूठा बताया था. अब उनकी लड़ाई का मामला आईसीसी तक पहुंच गया है और वह दोनों खिलाड़ियों पर एक्शन भी लेने वाली है.

## आईसीसी लेगी ये एक्शन

रिपोर्ट के मुताबिक, आईसीसी ने अब इस मामले को संज्ञान में लिया है और दोनों खिलाड़ियों को अनुशासनात्मक सुनवाई के लिए बुलाया है. इस दौरान वह दोनों का पक्ष सुनेगी. हालांकि, दोनों ही खिलाड़ियों चिंता करने की बात नहीं है, क्योंकि उन्हें किसी भी तरह का सस्पेंशन नहीं झेलना पड़ेगा. रिपोर्ट के मुताबिक, जो फुटेज कैमरे में कैद हुए हैं, उसके लिए आईसीसी के कोड ऑफ कंडक्ट में बहुत कम सजा है. बता दें एडिलेड में हुए पिंक बॉल टेस्ट के दूसरे दिन



आईसीसी लेगी एक्शन

सिराज और हेड के बीच जुबानी जंग देखने को मिली थी. हेड ने 140 रन ठोक दिए थे, जिसके बाद सिराज ने उन्हें स्विंगिंग यॉर्कर पर बोल्ड करके पवेलियन का रास्ता दिखा दिया था. इसके बाद दोनों आपस में भिड़ गए थे.

हेड ने आउट होने बाद कुछ कहा, जिस पर सिराज ने रिएक्ट करते हुए कुछ बोला और ड्रेसिंग रूम की तरफ इशारा करते हुए सेंड ऑफ दिया. साथ ही वह एग्रेसिव सेलिब्रेशन करते हुए भी दिखे थे. एडिलेड हेड का होम ग्राउंड है. इस मैदान पर उनके साथ ऐसा बर्ताव देख ऑस्ट्रेलियाई फैंस बाउंड्री लाइन पर सिराज को चिढ़ाने लगे थे.

## किसने-किसको दी गाली?

दूसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद हेड ने प्रेस कॉन्फ्रेंस ने ऐसा दावा किया था कि उन्होंने सिराज को अच्छी गेंद के लिए तारीफ की थी. लेकिन बदले में अपशब्द सुनने को मिला.

वहीं सिराज ने तुरंत उनकी बात को गलत ठहराया था. उन्होंने दावा किया कि पहले हेड ने गाली दी, जिसके बदले में उन्होंने भी एग्रेसिव रिएक्शन दिया. हालांकि, दोनों खिलाड़ी खेल के तीसरे दिन मामले को सुलझाते हुए नजर आए थे. सिराज ने अपनी बैटिंग के दौरान हेड से बातचीत की थी और गलतफहमी को खत्म करने की कोशिश की थी.

# पलामू में डायन भूत के चक्कर में बच्चे की हत्या, आरोपी महिला गिरफ्तार

संवाददाता।मेदिनीनगर



मेदिनीनगर। पलामू जिले में डायन भूत को लेकर लगातार चलाए जा रहे हैं जागरूकता अभियान के बाद भी इस तरह की हत्या रुकने का नाम नहीं ले रहा है। चैनपुर थाना अंतर्गत बहेरा कला गांव निवासी कविता देवी पति अकलेश सिंह के 8 वर्षीय पुत्र प्रेम कुमार सिंह की हत्या इसी चक्कर में हो गई है। अनुसंधान के क्रम में गिरफ्तार किए गए इस गांव की सुनिता देवी पति जमुना सिंह ने पुलिस का समक्ष स्वीकार किया है कि उसके 5 वर्षीय पुत्र की हत्या प्रेम कुमार सिंह की दादी ने डायन भूत लगाकर कर दी थी उसी के प्रतिशोध में उसने प्रेम की हत्या की है। इस संबंध में चैनपुर थाना प्रभारी ने बताया कि 8 दिसंबर की रात 9.30 बजे कविता देवी ने चैनपुर थाना में लिखित आवेदन दिया था कि उनके लड़के प्रेम कुमार सिंह को खेलने के क्रम में गांव की ही एक महिला बहला फुसला कर अपहरण कर ले गई है और उसके बाद से उसका अब तक पता नहीं चल सका है। उन्होंने बताया कि आवेदन के बाद चैनपुर थाना काण्ड संख्या 250/2024 दर्ज कर तत्काल गठित टीम ने खोजबीन एवं अनुसंधान प्रारंभ कर दिया। इसी दौरान बहेरा कला सुनिता देवी को कब्जे में लेकर पूछताछ के क्रम में उसके निशानदेही पर अपहृत प्रेम कुमार सिंह के शव को उसी गांव के अरहर के खेत से बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार महिला ने बताया है कि अपहृत / मृतक की दादी ने मेरे 05 माह के बेटे को डायन भुत लगा कर मार दिया था, जिसके प्रतिशोध में मैंने यह हत्या की है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार महिला को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। छापामारी दल में चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा, अनिल विद्यार्थी व बाबुलाल दुबे, एएसआई रामचन्द्र चौधरी व शहंशाह आलम समेत पुलिस जवान शामिल थे।

## कांग्रेसियों ने इरफान को किया सम्मानित

लोहरदगा। झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी और कृषि एवं गन्ना विकास विभाग के मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की से अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के झारखंड प्रदेश डेलीगेट नेसार अहमद के नेतृत्व में लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के सलीम अंसारी उर्फ बड़े, अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी के लोहरदगा जिला उपाध्यक्ष तारिक अनवर, कांग्रेसी नेता रफीक अंसारी व नेतागण मिलकर बुके देकर सम्मानित किया। इस बीच स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी से लोहरदगा जिला में लचर स्वास्थ्य व्यवस्था और स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत कर्मचारियों के अड़ियल रवैया को लेकर अवगत कराया एवं समय-समय पर लोहरदगा जिला में आने हेतु अपील किया। वहीं कृषि एवं गन्ना विकास मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की से मिलकर उन्हें बुके देकर मंत्री बनने पर मुबारकबाद दी और लोहरदगा समेत झारखंड प्रदेश में कृषि व गन्ना विकास को बढ़ावा देने हेतु मांग रखी।

## हाईवा की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत, सड़क जाम

संवाददाता।लातेहार



लातेहार। बालूमाथ-पाकी मार्ग पर सोमवार की सुबह हेरहंज थाना क्षेत्र के हूंबू पेट्रोल पंप के पास हाईवा की चपेट में आने से एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई. उसकी पहचान हेरहंज थाना क्षेत्र के हूंबू ग्राम के हाटाटोंगरी टोला निवासी हेमराज राम के पुत्र नीरज कुमार उर्फ प्रमोद राम के रूप में हुई है. हालांकि स्थानीय लोगों द्वारा युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया. यहां डॉ सुरेंद्र कुमार ने जांच के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया.

मृतक युवक के चाचा राकेश कुमार भारती ने बताया कि नीरज अपने छोटे भाई को हूंबू ग्राम स्थित विद्यालय में छोड़कर अपने घर लौट रहा था. इसी दौरान पीछे से एक अनियंत्रित हाईवा ने उसे अपनी चपेट में ले लिया. वह एक पेड़ से टकरा कर दुर्घटनाग्रस्त हो गया. मृतक हेमराज राम के तीन पुत्रों में बड़ा पुत्र था. इस घटना के बाद से मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है. घटना की जानकारी स्थानीय थाना पुलिस को दे दी गई है. जिसके आधार पर थाना पुलिस मामले की छानबीन कर रही है. घटना के विरोध में ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया.

### बराही धाम गुरुकुल का श्री सुंदर राज स्वामी ने किया निरीक्षण, कहा

# बच्चों को आधुनिक के साथ आध्यात्मिक शिक्षा भी जरूरी

संवाददाता।पलामू



हुसैनाबाद के पलामू जिला के हुसैनाबाद अनुमंडल के चर्चित बराही धाम में श्री सुंदर राज स्वामी जी महाराज अचानक पहुंचे। बराही धाम पहुंचने के बाद धाम परिसर स्थित देवी मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित गुरुकुल का निरीक्षण किया और शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों से हाल चाल पूछा। इस मौके पर सुंदर राज स्वामी जी महाराज ने कहा की आधुनिक शिक्षा की अंधी दौड़ में बच्चे अध्यात्म और संस्कार को भूलते जा रहे है। इसका दुष्परिणाम हो रहा की समाज में कुरीतिया भी बढ़ती जा रही है। बच्चे संस्कार से पिछड़ते जा रहें है। तत्कालीन हालात को देखते हुए और आने वाले भविष्य को देखते हुए शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने संकल्प लिया था की आधुनिक शिक्षा के साथ साथ आध्यात्मिक की शिक्षा भी अत्यंत जरूरी है। इसलिए बराही धाम में गुरुकुल की स्थापना कर पिछले एक वर्षों से बच्चों को संस्कार के साथ साथ आध्यात्मिक और आधुनिक शिक्षा दिया जा रहा है। जो इस क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा की शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा धार्मिक कार्यों के साथ शिक्षा,स्वास्थ्य, और कई सामाजिक कार्य किए जा रहे है जो काफी सराहनीय है मौके पर शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के संयोजक रंधीर सिंह, गुरुकुल के आचार्य शिव कुमार झा, विनय चौबे, अयोध्या सिंह टिकैत, टुनटुन सिंह,सुदामा यादव के अलावा शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के कई सदस्य मौजूद थे।

## चेकिंग अभियान में 22 दोपहिया वाहन जब्त

मेदिनीनगर। यातायात पुलिस ने सोमवार को सद्दीक चौक के समीप सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान चार पहिया व दोपहिया वाहनों की जांच की गई कई दो पहिया वाहन चालक बगैर हेलमेट व ट्रिपल लोड राइडिंग करते पाए गए। इस दौरान कुल 22 वाहनों को जप्त किया गया जिन्हें शहर थाना में जमा करते हुए जुर्माना के लिए कोर्ट भेज दिया गया है। यातायात प्रभारी ने बताया कि अभी भी कुछ ई रिक्शा सवारी गाड़ी के चालक अपने निर्धारित रूट लिखवाने के बाद भी निर्धारित मार्ग पर नहीं चल रहे हैं। ऐसे 05 ई रिक्शा टेंपो सवारी गाड़ी को भी जप्त कर शहर थाना परिसर में रखा गया है तथा इन वाहनों को जुर्माना के लिए सूची पलामू जिला परिवहन कार्यालय भेजा गया है। यातायात प्रभारी ने बताया कि सोमवार को नो एंट्री में पकड़े गए ट्रक का जुर्माना 6150 रुपया आया है। उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों से गाड़ी के सभी कागजातों के साथ चने की अपील की है।

# थाना प्रभारी पर अवैध खनन, शराब तस्करी और ग्रामीणों से अवैध वसूली करने का आरोप

संवाददाता।चतरा

हंटरगंज प्रमुख ममता कुमारी ने वशिष्ठ नगर (जोरी) थाना प्रभारी प्रभात कुमार पर गंभीर आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक, चतरा को भेजे एक पत्र में थाना प्रभारी पर अवैध खनन, शराब तस्करी और ग्रामीणों से अवैध वसूली करने का आरोप लगाया है। प्रमुख ममता कुमारी के द्वारा दिए गए प्रपत्र के अनुसार ,थाना प्रभारी के संरक्षण में न केवल बालू से अवैध वसूली हो रहा है, बल्कि शराब का कारोबार भी धड़ल्ले से चल रहा है। आरोप है कि शराब को बिहार भेजा जा रहा है। इसके अलावा, ग्रामीणों ने शिकायत की है कि थाना क्षेत्र में पोस्ते की खेती के लिए भी मोटी रकम लेकर अनुमति दी जा रही है।

### एफआईआर दर्ज करने के लिए रिश्वत की मांग

पत्र में कहा गया है कि आम जनता जब किसी मामले की एफआईआर दर्ज कराने जाती है, तो उनसे पैसे की मांग की जाती है। 2 दिसंबर 2024 को बिहार के नवाडीह निवासी राजू यादव, जिनकी ट्रेलर गाड़ी 1 दिसंबर को दुर्घटनाग्रस्त हुई थी, सन्हा दर्ज कराने वशिष्ठ नगर थाना पहुंचे। वहां उनसे 30,000 रुपये की मांग की गई। राजू यादव ने यह जानकारी प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश कुमार यादव को दी। जब उन्होंने हस्तक्षेप किया, तो उनसे भी 20,000 रुपये की रिश्वत मांगी गई। आरोप है कि पैसे नहीं देने पर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गई। इस अवैध मांग का प्रमाण स्वरूप साक्ष्य भी मौजूद है। जरूरत पड़ने पर प्रस्तुत किया जाएगा।

### हंटरगंज प्रमुख की मांग

हंटरगंज प्रमुख ममता कुमारी ने पुलिस अधीक्षक से निवेदन किया है कि वशिष्ठ नगर थाना प्रभारी को हटाते हुए उनके खिलाफ सख्त प्रशासनिक कार्रवाई की जाए। इस पत्र की प्रतिलिपि पुलिस महानिदेशक, रांची, पुलिस उपाधीक्षक चतरा, और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को भी भेजी गई है। प्रमुख ने डीएसपी मुख्यालय से भी मुलाकात कर जोरी थाना प्रभारी को हटाने की मांग की है।

### क्या कहते हैं थाना प्रभारी

थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने पूरे मामले में कहा कि उनपर जो आरोप लगाया जा रहा है बिल्कुल निराधार है। हम हंटरगंज प्रमुख को पहचानते तक नहीं हैं। हाँ उनके पति कमलेश यादव को जानते हैं। उनसे मुलाकात है। थाना प्रभारी ने आगे कहा कि उनके द्वारा अफीम और ब्रॉउन शुगर के विरुद्ध निरंतर मुहिम चलाया जा रहा है। इससे विचलित होकर सफेदपोश छुटभइयों के द्वारा अनर्गल आरोप लगाया जा रहा है, जिसका सच्चाई से दूर-दूर तक कोई सम्बन्ध नहीं है।

## पोषण 02 कार्यक्रम, उन्मुखीकरण कार्यशाला में पोषण और शिक्षा पर जोर

संवाददाता।लोहरदगा

लोहरदगा। महिला एवं बाल विकास विभाग के पोषण 2.0 के तहत ‡पोषण भी, पढ़ाई भी‡ कार्यक्रम अंतर्गत सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं महिला पर्यवेक्षिका के लिए आईपीईएल की विशेषज्ञ टीम के द्वारा जिला समाज कल्याण कार्यालय की ओर से उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन जिला परिषद कार्यालय के सभाकक्ष में किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में उप-विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि समाज और देश के विकास में आंगनबाड़ी केंद्रों की महत्वपूर्ण भूमिका है। आंगनबाड़ी केंद्रों में स्वास्थ्य और शिक्षा की आधारशिला रखा जाती है। गर्भवती महिला के नियमित जांच व पोषण, पोषाहार के जरिये स्वस्थ शिशु का ध्यान रखा जाता है। जन्म के बाद बच्चों को पोषाहार, कुपोषण की जांच, पोषणयुक्त आहार के जरिये स्वस्थ्य शिशु की पौध तैयार की जाती है। इसके साथ-साथ विद्यालय जाने से पहले आंगनबाड़ी केंद्र में ही बच्चों को प्रारंभिक साक्षरता का पाठ पढ़ाया जाता जाता है। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका, आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका का कार्य देश के भविष्य को गढ़न में बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है। आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को स्थानीय भाषा में पढ़ाया जाना चाहिए। इसी प्रकार पीवीटीजी जैसे जनजातीय क्षेत्रों में भी उनकी संस्कृति व उनके तौर-तरीकों के साथ समन्व्यय बनाते हुए पढ़ाया जाना चाहिए। उप विकास आयुक्त ने कहा कि आज प्रशिक्षण के जरिये सभी मास्टर ट्रेनर्स सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी और महिला पर्यवेक्षिका लाभ उठाएं और गहनता से प्रशिक्षण प्राप्त करें। आज राष्ट्रीय स्तर पर बात की जाय तो राजस्थान और गुजरात जैसे राज्यों में आंगनबाड़ी केंद्रों और शिक्षा के क्षेत्र में बहुत बेहतर कार्य हो रहा है। हमें उस मॉडल पर काम करने की जरूरत है। जब आज प्रशिक्षण के बाद आंगनबाड़ी केंद्रों पर कार्य करें तो ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करें।

## ट्रांसपोर्टरों और ठीकेदारों की सुरक्षा करें सुनिश्चित : डीआईजी



संवाददाता।हजारीबाग

हजारीबाग रेंज के डीआईजी सुनील भास्कर सोमवार को चतरा जिले के टंडवा पहुंचे. इस दौरान उन्होंने चतरा एसपी विकास पांडेय, एसडीपीओ और आईओ के साथ चतरा जिले में लंबित नक्सल मामलों की समीक्षा की. आगजनी और गोलीबारी के मामलों में वांछित अपराधियों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए.डीआईजी ने चतरा पुलिस को सभी ट्रांसपोर्टरों, ठेकेदारों के साथ बैठक करने और उनकी सुरक्षा संबंधी चिंताओं को दूर करने का निर्देश दिया. डीआईजी ने कहा कि निरीक्षण का मकसद यही हैं कि लोगो को

बेहतर पुलिसिंग दिया जा सके और क्राइम पर कंट्रोल किया जा सके.वहीं, क्राइम को लेकर वह काफी चिंतित नजर आए. उन्होंने कहा कि आज के समय में युवा भटक चुके है और अपराध की ओर अपनी दस्तक दे रहे हैं. अपराधी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में लगे रहते है. ऐसे हार्डकोर अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस तत्पर है.

# व्यापार-वाणिज्य

## सस्ता हुआ सोना, चांदी की भी घटी चमक

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज मामूली गिरावट दर्ज की गई है। इस गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 77,760 रुपये से लेकर 77,610 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 71,290 रुपये से लेकर 71,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बना हुआ है। चांदी के भाव में भी आज मामूली गिरावट आई है, जिसके कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत 91,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर आ गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 77,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,290 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,610 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# उतार चढ़ाव के बाद गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

### गिरावट के बावजूद निवेशकों को 9 हजार करोड़ का मुनाफा

एजेंसी ।नई दिल्ली

नई दिल्ली। पूरे दिन उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार आज गिरावट के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत भी कमजोरी के साथ हुई थी। शुरुआती कारोबार में खरीदारी के सपोर्ट से शेयर बाजार कुछ देर के लिए हरे निशान में पहुंचा, लेकिन उसके बाद बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण लगभग पूरे दिन सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक लाल निशान में ही कारोबार करते रहे। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.25 प्रतिशत और निफ्टी 0.24 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए। आज दिनभर के कारोबार के दौरान मेटल और कैपिटल गुड्स सेक्टर में सबसे अधिक खरीदारी होती रही। इसके साथ ही आईटी, कंज्यूमर ड्यूरेबल, टेक और पीएसई इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद हुए। दूसरी ओर ऑटोमोबाइल, फार्मास्यूटिकल और एफएमसीजी सेक्टर के शेयरों में लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा। इसके साथ ही ऑयल एंड गैस और बैंकिंग इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में आज आमतौर पर खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.32 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.46 प्रतिशत की बढ़त के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज शेयर बाजार में आई कमजोरी के बावजूद स्मॉलकैप और मिडकैप शेयरों में हुई खरीदारी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 9 हजार करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 459.38 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 459.29 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 9 हजार करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। आज दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,240 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,301 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,301 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 1,770 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए।

# उत्तरी छोटा नागपुर के प्रमंडलीय आयुक्त ने की अल्पसंख्यक जिलों की समीक्षा




संवाददाता।हजारीबाग

उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त पवन कुमार की अध्यक्षता में जिला परिषद की समीक्षा बैठक समाहरणालय में व्युत्पत्ति आयुक्त की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक के दौरान कमिश्नर द्वारा ऑनलाइन कोर्ट मॉनिटरिंग सिस्टम मामले, भू-अर्जन, भूमि स्थानांतरण एवं लीज धार्मिक मामले और एनजीडीआरएस से विमुक्तिकरण के निष्पादन और सहयोगी मामलों की समीक्षा की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों एवं जिला प्रशासन के पदाधिकारियों ने भाग लिया। कमिश्नर के द्वारा ऑफ़लाइन कोर्ट मॉनिटरिंग सिस्टम के द्वारा कोर्ट वादों के निष्पादन एवं सहायक मामलों की समीक्षा। समीक्षा के दौरान क्षेत्रीय अधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता, निदेशक निबंधों से न्यायालय वादों के निष्पादन की प्रक्रिया और महत्वपूर्ण मामलों की जानकारी ली गई। जानकारी के बाद लंबे समय से संबंधित मामलों को जल्द से जल्द निष्पादित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

## शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग, लाखों की संपत्ति जलकर खाक

मेदिनीनगर। पांकी प्रखंड के रतनपुर पंचायत के कुशहा जीरो गांव में बीती रात 11 बजे बिजली के शॉर्ट सर्किट से कन्हाई भुइयां के घर में अचानक आग लग गई। इस घटना में शादी के लिए घर में रखे 40 हजार रुपए नगद समेत 4 से 5 लाख रुपए का संपत्ति जलकर खाक हो गया। इस घटना में तीन बकरियां जिंदा जल गई। वहीं घर में रखा तीन साइकिल, डीजल पंप, 5 से 6 क्विंटल धान, 10 12 क्विंटल मक्का समेत 30 से 40 हजार रुपए नगद, कपड़े, खाने-पीने का सामान और आधार कार्ड जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज जलकर पूरी तरह से राख हो गया है। अगलगी की घटना के बाद पीड़ित परिवार पूरी तरह से बेघर हो गया है। पीड़ित कन्हाई भुइयां को चार बच्चे हैं, जिनमें से एक धान काटने के लिए बिहार गया हुआ है। घटना के बाद 99 बच्चे साथ ही थे। पीड़ित ने बताया कि घटना के वक्त वह बच्चों के साथ सोए हुए थे। अचानक आंख खुलने पर घर में आग लगा पाया। इसके बाद तीन बच्चों के साथ बाहर निकल कर शोर मचाया तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया। घटना की सूचना मिलते ही पंचायत के मुखिया और पंचायत समिति सदस्य मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। इधर पांकी विधायक डॉ. शशिभूषण मेहता घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि अभी मैं रांची हूं।

## एयर इंडिया फ्रांस की एयरबस से खरीदेगी 100 नए विमान

एजेंसी ।नई दिल्ली

नई दिल्ली। टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया ने फ्रांस की विमान निर्माता कंपनी एयरबस को 100 नए विमान खरीदने का ऑर्डर दिया है। इन विमानों में 10 वाइडबॉडी ए350 विमान और 90 नैरोबॉडी ए320 फेमिली विमान, जिसमें ए321 नियो जेट भी शामिल है। ये 100 नए विमानों का ऑर्डर उन 470 विमानों से अलग है, जो एयर इंडिया ने पिछले साल एयरबस और बोइंग दोनों को दिए थे।

एयर इंडिया ने सोमवार को ‘एक्स’ पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि हमें 10 A350 और 90 A320 फेमिली विमानों के लिए नए ऑर्डर देने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है, जो पिछले साल दिए गए 250 एयरबस विमानों के हमारे पक्के ऑर्डर में 100 और विमान जोड़ देगा। इसके साथ ही हमारे द्वारा ऑर्डर किए गए नए विमानों की कुल संख्या बढ़कर 570 हो गई है, जिनमें से कई पहले ही हमारे बेड़े में शामिल हो चुके हैं, क्योंकि हम एयर इंडिया को विश्वस्तरीय, वैश्विक एयरलाइन बनाने का काम जारी रखे हुए हैं। टाटा संस और एयर इंडिया के चेयरमैन नटराजन चंद्रशेखरन ने कहा कि ये अतिरिक्त 100 एयरबस विमान एयरलाइन को भविष्य के विकास के लिए तैयार करेंगे, जिससे एयर इंडिया को विश्व स्तरीय एयरलाइन में बदलने का हमारा लक्ष्य आगे बढ़ेगा। वहीं, एयरबस के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) गिलौम फाउरी ने इस भावना को दोहराते हुए टाटा की ‡विहान.एआई‡ परिवर्तन योजना के तहत रणनीतिक संबंधों के महत्व को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि 2023 में एयर इंडिया ने बोइंग से 220 विमानों का भी ऑर्डर दिया था, जिससे एक आक्रामक बेड़े विस्तार रणनीति का पता चलता है।उल्लेखनीय है कि एयरलाइन के 100 अतिरिक्त विमानों के ऑर्डर के बाद एयरबस की ओर से एयर इंडिया को कुल 344 नए विमानों की डिलीवरी करनी है, जिसमें से अब तक छह A350 विमान आ चुके हैं। वहीं, एयर इंडिया ने 2023 में बोइंग को भी 220 वाइडबॉडी और नैरोबॉडी विमानों के ऑर्डर दिए थे, जिनमें से 185 विमानों की डिलीवरी होनी बाकी है।

## गोल्ड ईटीएफ को लेकर निवेशकों की रुझान बरकरार

एजेंसी ।नई दिल्ली




नई दिल्ली। दुनिया भर में गोल्ड ईटीएफ (इक्विटी ट्रेडेड फंड) की मांग में कमी आई है, लेकिन भारत में गोल्ड ईटीएफ को लेकर निवेशकों का रुझान लगातार बना हुआ है। इस साल नवंबर महीने में लगातार आठवें महीने गोल्ड ईटीएफ में रिकॉर्ड धनराशि का निवेश हुआ है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक इस महीने गोल्ड ईटीएफ में कुल 17.5 करोड़ डॉलर का निवेश किया गया है। जानकारों का कहना है कि सोने की तरह ही गोल्ड ईटीएफ को भी निवेश के लिए सेफ इंस्ट्रूमेंट माना जाता है। ऐसे में घरेलू शेयर बाजार में अक्टूबर से ही जारी उथल-पुथल के कारण निवेशकों का रुझान गोल्ड ईटीएफ की ओर बढ़ा है। अक्टूबर के बाद नवंबर में भी निवेशकों ने गोल्ड ईटीएफ को हाथों-हाथ लिया है। मार्केट एक्सपर्ट मयंक मोहन का कहना है कि शेयर बाजार में जारी उथल-पुथल के साथ ही गोल्ड ईटीएफ को लेकर केंद्र सरकार द्वारा नियमों में बदलाव करने के कारण भी निवेशकों के लिए अब गोल्ड ईटीएफ पहले से ज्यादा आकर्षक हो गया है। इस साल केंद्र सरकार ने यूनियन बजट में गोल्ड ईटीएफ से जुड़े टैक्स के नियमों में बदलाव किया है। नए नियमों के मुताबिक गोल्ड ईटीएफ को एक साल की अवधि पूरा होने के बाद बेचने पर 12.5 प्रतिशत की दर से कैपिटल गैन टैक्स लगेगा। पहले कैपिटल गैन टैक्स निवेशक के टैक्स स्लैब के हिसाब से लगता था। नियमों में किए गए इस बदलाव के कारण निवेशकों के लिए अब गोल्ड ईटीएफ पहले की तुलना में ज्यादा आकर्षक हो गया है। इसी तरह बुलियन मार्केट एक्सपर्ट संतोष तनेजा का कहना है कि सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड बंद होने के कारण भी देश में गोल्ड ईटीएफ के प्रति लोगों का रुझान बढ़ा है। फिजिकल गोल्ड की जगह गोल्ड ईटीएफ पर निवेश करने से निवेशकों को जीएसटी बेनिफिट भी मिलता है। सबसे बड़ी बात यह है कि ये निवेश पूरी तरह से पारदर्शी और सुरक्षित होता है। इसलिए भारतीय निवेशकों में गोल्ड ईटीएफ को लेकर रुझान लगातार बना हुआ है।

# शिमला में सीजन की पहली बर्फबारी आसमान से बरसी सफेद चादर



**शिमला ।** रविवार की शाम शिमला में सीजन की पहली बर्फबारी देखने को मिली। रिज मैदान, माल रोड, जाखू की पहाड़ी और शिमला के विभिन्न स्थानों पर बर्फ के हल्के सफेद फाहे आसमान से गिरते दिखे। शिमला में बर्फबारी के दौरान तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। प्रदेश में न्यूनतम तापमान ताबो में –13.1 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान ऊना में 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल गुलमर्ग में इस सीजन की पहली बर्फबारी हुई है, जिसके चलते यह स्थान विभिन्न देशों से आने वाले पर्यटकों के लिए आकर्षण का पहला केंद्र बन गया है, पर्यटकों ने बर्फबारी का खूब लुत्फ उठाया। गुलमर्ग के साथ–साथ पर्यटन स्थल दूधपथरी में भी बर्फबारी हुई। दूधपथरी में बर्फबारी के कारण रास्ते में फंसे पर्यटकों को पुलिस ने रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया।

## ब्रीफ खबरें

### बारूदी सुरंग विस्फोट एक जवान की मौत

**पुंछ।** पुंछ जिले के सौजियां सेक्टर में सोमवार को बारूदी सुरंग के विस्फोट में सेना का एक जवान बलिदान हो गया। सेना की व्हाइट नाइट कॉर्प्स की ओर से बताया गया कि पुंछ के सामान्य क्षेत्र में थानेदार टेकरी में एरिया डोमिनेशन गश्त के दौरान एक माइन ब्लास्ट के दौरान 25 आरआर के बहादुर हवलदार वी सुब्बैया वरिकुंटा वीर गति को प्राप्त हो गए। जवान का पैर गलती से बारूदी सुरंग पर पड़ा, जिससे विस्फोट हो गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जवान के सर्वोच्च बलिदान पर कॉर्प्स के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) की ओर से दी गई श्रद्धांजलि में शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना जताते हुए कहा गया कि हम इस दुख की घड़ी में उनके साथ खड़े हैं।

### दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति पर यात्रा प्रतिबंध लगाने पर विचार

**सियोल।** दक्षिण कोरिया में नेशनल असेंबली के पूर्ण सत्र में विपक्ष के महाभियोग प्रस्ताव से किसी तरह बचकर निकले राष्ट्रपति यून सुक येओल पर यात्रा प्रतिबंध लगाने पर विचार हो रहा है। पुलिस ने आज कहा कि इस बात की समीक्षा की जा रही है कि येओल पर देशद्रोह और पिछले सप्ताह मार्शल लॉ की अल्पकालिक घोषणा से संबंधित अन्य आरोपों की जांच करने के लिए उन्हें प्रतिबंध लगाया जाए या नहीं। द कोरिया टाइम्स समाचार पत्र के अनुसार, येओल, कई वरिष्ठ सरकारी और सैन्य अधिकारियों के खिलाफ लगाए गए राजद्रोह, विद्रोह और सत्ता के दुरुपयोग के गंभीर आरोप हैं। पुलिस और अभियोजन पक्ष दोनों ने जांच में यून को संदिग्ध के रूप में दर्ज किया है।

### भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्री ढाका पहुंचे

**ढाका।** भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्री भारत और बांग्लादेश के बीच पहली उच्चस्तरीय बैठक के लिए आज सुबह ढाका पहुंचे। वो आज अपने बांग्लादेशी समकक्ष मोहम्मद जसीम उद्दीन के साथ बैठक करेंगे। यह जानकारी द डेली स्टार समाचार पत्र ने दी राजनयिक सूत्रों ने बताया कि मिस्री और अन्य भारतीय अधिकारियों को लेकर भारतीय वायु सेना की एक विशेष उड़ान सुबह लगभग 9:00 बजे ढाका हवाई अड्डे पर उतरी। विक्रम मिस्री और बांग्लादेश के विदेश सचिव जशीम उद्दीन सुबह 11:00 बजे राज्य अतिथि गृह में मिलेंगे। मिस्री का आज रात ढाका से प्रस्थान करने से पहले राज्य अतिथि गृह जमुना में मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस से मिलने का कार्यक्रम है।

# दिल्ली के 40 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

## धमकी भरा मेल में 30,000 डॉलर की मांग रखी

**खास बातें**

- कई टीमें स्कूल के अंदर छानबीन में लगी हुई है

एजेंसी । नई दिल्ली



दिल्ली के कई स्कूलों को फिर बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। यह धमकी लगभग 40 स्कूलों को मेल के जरिए दी गई है। डीपीएस आर के पुरम और पश्चिम विहार के जीडी गोयनका स्कूल में बम की धमकी मिलने के बाद स्कूलों ने बच्चों को वापस भेज दिया है। फायर और पुलिस को इस बारे में जानकारी दी गई है। सुबह 7 बजे बम की धमकी के बारे में जानकारी दी गई है। इस समय तक बच्चे स्कूल पहुंच गए थे। ऐसे में उन्हें वापस घर भेजा गया। इस साल स्कूल, अस्पताल और प्लेन में बम होने के कई झूठे मेल आए हैं। अधिकतर मौकों पर ये धमकी भरे मेल या फोन कॉल झूठे साबित हुए हैं, लेकिन सुरक्षा के लिहाज से सावधानी बरती जा रही है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक रात में तकरीबन 11:30 से 12 बजे के बीच बम की धमकी वाला मेल आया था। सुबह जब स्कूल प्रशासन ने मेल चेक किया उससे बाद पुलिस को सूचना दी और बच्चों की एहतियातन छुट्टी कर दी गई। करीब 40 स्कूलों को ये धमकी भरे मेल भेजे गए हैं। अभी फिलहाल कई टीमें स्कूल के अंदर छानबीन में लगी हुई है, जांच में अब तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है, पुलिस तलाश में जुटी हुई है। दिल्ली के 40 स्कूलों में से डी. पी. एस आर के पुरम के साथ साथ डी. पी. एस वसंत कुंज को भी मेल के जरिये बम की धमकी मिली है। स्कूल को बंद करा गया मौके पर पुलिस जांच कर रही है। मेल में लिखा है,मैंने इमारत के अंदर कई बम (लेड एजाइड) लगाए। मैंने इमारत के अंदर कई बम (लेड एजाइड) लगाए। बम छोटे हैं और बहुत अच्छी तरह से छिपे हुए हैं। यह इमारत को बहुत अधिक नुकसान नहीं पहुंचाएगा, लेकिन बमों के विस्फोट होने पर कई लोग घायल हो जाएंगे। आप सभी को पीड़ा और अंग खोने का हक है। अगर मुझे 30,000 डॉलर नहीं मिले तो मैं बम विस्फोट कर दूंगा।

### इससे पहले भी मिली धमकी

इसी साल मई के महीने में कम से कम 60 स्कूलों में बम होने के धमकी भरे मेल आए थे। स्कूल प्रशासन ने इसकी सूचना दिल्ली पुलिस को दी थी, जिसके बाद दिल्ली पुलिस, बम निरोधक दस्ता और दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची थीं। हालांकि, जांच में कोई भी बम नहीं मिला था या किसी भी तरह से बच्चों की सुरक्षा को कोई खतरा नहीं था। पूर्वी दिल्ली, दक्षिणी दिल्ली और पश्चिमी दिल्ली के स्कूलों को ये मेल मिले थे। इस साल प्लेन में बम होने की कई झूठी धमकियां मिली हैं। इनकी वजह से फ्लाइट प्रभावित हुई और एयरलाइन को नुकसान हुआ है।

### विदेशी सर्वर वीपीएन के जरिए आते हैं मेल

मेल के जरिए बम की झूठी धमकी देने वाले अपराधी वीपीएन और विदेशी सर्वर का इस्तेमाल करते हैं। इस वजह से पुलिस और अन्य जांच एजेंसियों के अधिकारियों की परेशानी बढ़ जाती है। वीपीएन की मदद से भेजे गए मेल का एड्रेस नहीं पता चलता। ऐसे में मेल किसने भेजा है और कहां से भेजा है इस बारे में जानकारी नहीं मिल पाती है। वहीं, विदेशी सर्वर के भारतीय एजेंसियां नहीं जांच कर सकती है। ऐसे में उन्हें संबंधित देश के अधिकारियों से बात करनी पड़ती है। इसमें समय लगता है और कई बार जानकारी नहीं भी मिल पाती है। इसी का फायदा उठाकर अपराधी धमकी भरे मेल करते रहते हैं।

# महादेव ऑनलाइन बेटिंग मामले में ईडी ने किया गोविंद केडिया को गिरफ्तार


## 160 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त

**खास बातें**

- पिछले साल 18 लाख रुपये की भारतीय करंसी, 13 करोड़ रुपये के सोने और ज्वेलरी जब्त

एजेंसी । नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय ने महादेव ऑनलाइन बेटिंग मामले के मनी लॉन्ड्रिंग एंगल की जांच के दौरान प्रमुख स्टॉक पोर्टफोलियो ब्रोकर गोविंद केडिया को गिरफ्तार किया है। ईडीसूत्रों के अनुसार जांच के दौरान कुछ महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई है जिससे यह इशारा मिलता है कि केडिया अवैध पैसों को शेयर बाजार में निवेश कर रहा था जो महादेव बेटिंग एप से जुड़े थे। केडिया एक स्टॉक पोर्टफोलियो मैनेजमेंट फर्म का मालिक है और उसे कोलकाता से गिरफ्तार किया गया। गोविंद केडिया को शनिवार (7 दिसंबर) को रायपुर स्थित विशेष पीएमएलए कोर्ट में पेश किया गया जहां ईडी ने उसकी 14 दिन की कस्टडी की मांग की थी। हालांकि कोर्ट ने केडिया को 5 दिन की ईडी कस्टडी में भेजने का आदेश दिया है। ईडी के अनुसार केडिया महादेव बेटिंग एप के प्रमोटरों में से एक था और विकास छापरिया जो कि एक प्रमुख आरोपी है. उसके साथ केडिया का करीबी संबंध था।




### बेटिंग के जरिए मिले पैसों को भारतीय शेयर बाजार में निवेश करते थे : ईडी

ईडीका दावा है कि केडिया और छापरिया मिलकर बेटिंग के जरिए मिले पैसों को भारतीय शेयर बाजार में निवेश करते थे. केडिया पर आरोप है कि उसने परफेक्ट प्लान इन्वेस्टमेंट एलएलपी, एक्जिम जनरल ट्रेडिंग एफजेडसीओ और टेक्प्रो आईटी सॉल्यूशंस जैसी संस्थाओं के जरिए निवेश को सुविधाजनक बनाया. इसके साथ ही आरोप है कि इन अवैध पैसों के रूट को छिपाने के लिए फॉरेन पोर्टफोलियो इन्वेस्टमेंट के रास्ते का इस्तेमाल किया गया. ईडीने केडिया के खिलाफ 160 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है जो उसकी डीमैट होल्डिंग्स में पाई गई. पिछले साल केडिया के परिसरों की तलाशी के दौरान ईडीने 18 लाख रुपये की भारतीय करंसी 13 करोड़ रुपये के सोने और ज्वेलरी जब्त की थी. इसके अलावा जांच में ये भी पता चला कि केडिया का संबंध टेक्प्रो आईटी सॉल्यूशंस लिमिटेड के मेजर शेयरहोल्डर नितिन टिबरेवाल से है. टिबरेवाल पर आरोप है कि उसने महादेव ऑनलाइन बेटिंग के लिए कंपनी का इस्तेमाल किया और अवैध पैसों को विदेशी पोर्टफोलियो इन्वेस्टमेंट के जरिए शेयर बाजार में निवेश किया.

### ब्लैक मनी को व्हाइट मनी में बदलने में केडिया की भूमिका

ईडीका ये भी कहना है कि टिबरेवाल ने इलीगल बेटिंग से कमाए पैसों को शेयर ट्रेडिंग के जरिए व्हाइट मनी में बदला. इस प्रक्रिया में केडिया की महत्वपूर्ण भूमिका थी. ईडीका दावा है कि केडिया ने टिबरेवाल की मदद से इस मनी लॉन्ड्रिंग के नेटवर्क को मजबूत किया और अवैध धन को कानूनी रूप से सफेद किया.

# सीरिया में रासायनिक हथियार ठिकानों में हमला

एजेंसी । यरुशलम

**खास बातें**

- हमारा एकमात्र हित इजरायल और उसके नागरिकों की सुरक्षा करना : गिडिअन

इजरायल के विदेश मंत्री ने सोमवार को कहा कि इजरायली बलों ने सीरिया में संदिग्ध रासायनिक हथियार ठिकानों और लंबी दूरी के रॉकेटों पर हमला कर उन्हें नष्ट कर दिया है ताकि ये शत्रुओं के हाथ ना लग सकें। विदेश मंत्री गिडियन सार ने कहा, ''हमारा एकमात्र हित इजरायल और उसके नागरिकों की सुरक्षा है।'' विदेश मंत्री ने कहा कि इजरायली बलों ने इन हथियारों को हमला कर नष्ट कर दिया ताकि ये आतंकियों के हाथ ना लग सकें। सार ने यह बात सीरियाई विद्रोहियों द्वारा सप्ताहांत में दमिश्क पहुंचने और लगभग 14 वर्षों के गृहयुद्ध के बाद राष्ट्रपति बशर असद की सरकार के तख्तापलट के बाद कही है। अमेरिका ने भी सीरिया में इस्लामिक स्टेट के ठिकानों पर हवाई हमले किए हैं। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने कहा कि उसके सुरक्षा बलों ने मध्य सीरिया में इस्लामिक स्टेट के ठिकानों पर दर्जनों हवाई हमले किए हैं। इन हवाई हमलों का मकसद युद्धग्रस्त देश में इस्लामिक स्टेट के फिर से उभरने को रोकना है। इस बीच यहां यह भी बता दें कि सीरिया में असद परिवार के 50 साल के शासन का अंत हो गया है। सीरिया में लोग सड़कों पर उतरकर जश्न मना रहे हैं। सीरियाई लोगों की भीड़ ने दमिश्क के चौराहों पर जश्न मनाने के साथ-साथ असद विरोधी नारे लगाए और कार के हॉर्न बजाए।

# दिल्ली विधानसभा चुनाव : आप ने 14 मौजूदा विधायकों का टिकट काटा



एजेंसी । नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) ने सोमवार को आगामी दिल्ली विधानसभा चुनावों के लिए 20 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी कर दी। इस लिस्ट में आप ने बड़ा दांव खेला है और दिल्ली के 14 मौजूदा विधायकों का टिकट काट दिया है। 2 विधायकों के बेटों को टिकट दी गई है और 3 कैंडिडेट्स की सीट बदल दी गई है।

### इन विधायकों का कटा टिकट


अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आप ने दूसरी सूची में 14 मौजूदा विधायकों का टिकट कटा है। टिकट कटने वाले मौजूदा विधायकों में शरद चौहान (नरेला), दिलीप पांडे (तिमारपुर), पवन शर्मा (आदर्श नगर), धर्मपाल लाकड़ा (मुंडका), प्रह्लाद सिंह साहनी (चांदनी चौक) शामिल हैं। चांदनी चौक विधानसभा से विधायक प्रह्लाद सिंह साहनी के बेटे पुरंदीप सिंह साहनी को टिकट दिया गया है। गिरीश सोनी (मादीपुर), राजेश ऋषि (जनकपुरी), भूपिंदर सिंह जून (बिजवासन), भावना गौड़ (पालम), प्रकाश जारवाल (देवली), रोहित कुमार महरौलिया (त्रिलोकपुरी), प्रवीण कुमार (जंगपुरा) और हाजी यूनुस (मुस्तफाबाद), एसके बग्गा (कृष्णा नगर) है। कृष्णा नगर से विधायक एस के बग्गा के बेटे विकास बग्गा को टिकट दिया गया है।

### 3 नेताओं की बदली सीट

इस लिस्ट में मनीष सिसोदिया, प्रवीण कुमार और राखी बिड़लान की सीट बदल दी गई है। सिसोदिया ने पटपड़गंज सीट छोड़ दी है और वह जंगपुरा से चुनाव लड़ेंगे। पटपड़गंज सीट से अवध ओझा को टिकट दिया गया है। राखी बिड़लान (मंगोलपुरी की जगह मादीपुर) और प्रवीण कुमार (जंगपुरा की जगह जनकपुरी) से चुनाव लड़ेंगे।

# भारत रूस से वोरोनिश रडार खरीदने की बना रहा योजना

## 8000 किमी से अधिक की रेंज में बैलिस्टिक मिसाइलों, विमानों और अन्य हवाई खतरों का पता लगाने की है क्षमता



एजेंसी । नई दिल्ली

भारत और रूस के बीच एक महत्वपूर्ण रक्षा सौदा चर्चा में है. जिसमें भारत एक अत्याधुनिक अर्ली वॉर्निंग रडार सिस्टम वोरोनिश खरीदने की योजना बना रहा है. यह रडार प्रणाली 6,000 किलोमीटर से अधिक की रेंज में बैलिस्टिक मिसाइलों, विमानों और अन्य हवाई खतरों का पता लगाने की क्षमता रखता है. यह सौदा लगभग 4 बिलियन डॉलर से अधिक का हो सकता है और भारतीय सेना की ताकत को काफी बढ़ावा देगा.

### क्या है वोरोनिश रडार?

वोरोनिश रडार रूस की लेटेस्ट तकनीक पर आधारित है. इसे अल्माज-एंटे कंपनी ने विकसित किया है, जो एस-400 मिसाइल प्रणाली के लिए भी जानी जाती है. यह रडार लंबी दूरी तक हवा में हो रहे परिवर्तनों का पता लगाकर बैलिस्टिक मिसाइलों और विमानों से संभावित खतरों को लेकर अलर्ट करता है. इसकी मॉड्यूलर डिजाइन इसे इंस्टाल करने में तेज और कुशल बनाती है. रडार का इस्तेमाल करने में लगने वाला समय पारंपरिक प्रणालियों की तुलना में महीनों का होता है, जो पहले वर्षों तक खिंच जाता था. यह कम कर्मचारियों के साथ भी प्रभावी ढंग से काम करता है, जिससे इसे संचालित करना आसान हो जाता है.

### भारत की ताकत बढ़ाएगा रडार

1. वोरोनिश रडार के शामिल होने से भारत की रक्षा प्रणाली को कई फायदे मिलेंगे..
2. लंबी दूरी की सुरक्षा: यह प्रणाली 6,000 किलोमीटर से अधिक के दायरे में बैलिस्टिक मिसाइलों और विमानों का पता लगा सकती है, जिससे दुश्मन के हमले का जवाब देने का समय बढ़ेगा.
3. हवाई खतरों पर नजर: यह रडार विमान और अन्य हवाई वस्तुओं की गतिविधियों को सटीकता से ट्रैक कर सकता है.
4. सुरक्षा में मजबूती: भारत की सीमाओं और आकाशीय क्षेत्र में सुरक्षा की एक नई परत जोड़ेगा.

### भारत के लिए रणनीतिक लाभ

यह सौदा भारत के रक्षा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हो सकता है. न केवल यह भारत की रणनीतिक ताकत को बढ़ाएगा बल्कि आत्मनिर्भरता के मिशन को भी बल देगा. यह प्रणाली देश की सीमाओं को सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और आने वाले समय में भारत को एक रक्षा महाशक्ति के रूप में स्थापित करने में मदद करेगी.

### कैसे काम करता है वोरोनिश रडार?

वोरोनिश रडार की पहचान प्रणाली विशेष रूप से रडार तरंगों के माध्यम से काम करती है. इसकी तकनीक लंबी दूरी पर हवा और अंतरिक्ष में गतिविधियों का पता लगाती है. यह रडार अत्यधिक संवेदनशील है और 6,000 से 8,000 किलोमीटर तक के दायरे में हवाई खतरों को ट्रैक कर सकता है. इसकी मॉड्यूलर संरचना इसे किसी भी समय आंशिक रूप से चालू करने की अनुमति देती है, जिससे इसे जल्दी से कार्य में लाया जा सकता है. सूत्रों की मानें तो रडार के उन्नत संस्करण को भारत में कर्नाटक के चित्रदुर्ग में स्थापित करने की योजना है.

## न्यूज अपडेट

### किसानों के प्रदर्शन पर सुप्रीम कोर्ट पहुंची याचिका, जज ने सुनवाई से किया इनकार

**नई दिल्ली।** शंभू बॉर्डर पर हो रहे किसान आंदोलन के मामले पर दाखिल याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा, 'हम इस मसले पर दाखिल नई याचिका पर सुनवाई के इच्छुक नहीं हैं। अदालत इस मामले पर पहले से सुनवाई कर रही है। ये मामला उसके संज्ञान में है। पहले से ही एक मामला पेंडिंग है।' इस जनहित याचिका में शंभू बॉर्डर समेत हाईवे को खोलने के लिए केंद्र, पंजाब और हरियाणा सरकार को निर्देश देने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया कि इस तरह हाईवे को बाधित करना लोगों के मौलिक अधिकारों के खिलाफ है। साथ ही ये नेशनल हाइवे एक्ट और बीएनएस के तहत भी अपराध है। ऐसे में हाईवे को जाम करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही याचिका में ये भी कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट केंद्र, पंजाब और हरियाणा सरकारों को प्रदर्शनकारी किसानों को हाइवे से हटाने के निर्देश जारी करे। पंजाब के एक कार्यकर्ता द्वारा दायर याचिका में केंद्र और राज्य को किसानों के विरोध प्रदर्शन पर प्रतिबंध हटाने और यह सुनिश्चित करने के निर्देश देने की भी मांग की गई है।

### यूनुस के खिलाफ खुलकर मैदान में आईं शेख हसीना

**नई दिल्ली:** बांग्लादेश की राजनीति में आने वाले वक्त में कुछ बड़ा हो सकता है. पूर्व पीएम शेख हसीना अब खुलकर मैदान में उतर आई हैं. उन्होंने मौजूदा अंतरिम सरकार पर जमकर निशाना साधा है और कहा है कि अंतरिम सरकार के मुखिया प्रोफेसर यूनुस हत्यारे हैं. उन्होंने आवामी लीग के कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि हमें एकजुट होना होगा और अपने देश को बचाना होगा. इससे कुछ ही दिन पहले शेख हसीना ने अमेरिका में भी पार्टी के कार्यकर्ताओं को वर्चुअली संबोधित किया था. शेख हसीना इस वक्त दिल्ली में हैं. अगस्त में देश छोड़ने के बाद से वह दिल्ली में ही रह रही हैं. इस बीच बांग्लादेश में प्रोफेसर यूनुस की अंतरिम सरकार में हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ लगातार हिंसा बढ़ रही है. एक दिन पहले ही ढाका में एक मंदिर को आग के हवाले कर दिया गया.

### पाकिस्तान नेशनल असेंबली में आदिल बजई की सदस्यता बहाल, चुनाव आयोग का फैसला निलंबित

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यीय पीठ ने सोमवार को पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) के फैसले को निलंबित करते हुए नेशनल असेंबली में आदिल बजई की सदस्यता बहाल कर दी। जस्टिस मंसूर अली शाह की अध्यक्षता वाली इस पीठ में जस्टिस अकील अब्बासी और जस्टिस आयशा ए मलिक शामिल थे। अदालत अगली सुनवाई 12 दिसंबर को करेगी। बजई पर 26वें संवैधानिक संशोधन के पारित होने के दौरान विपक्ष का साथ देकर पार्टी की नीति की अवहेलना करने का आरोप लगाया गया था।इसके बाद पाकिस्तान चुनाव आयोग ने नेशनल असेंबली के स्पीकर सरदार अयाज सादिक के अनुरोध पर 21 नवंबर को क्वेटा के विधायक बजई को अयोग्य घोषित कर दिया था। इसके बाद बजई ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। याचिकाकर्ता के वकील तैमूर असलम के अनुसार आयोग ने बजई को अनुच्छेद 63-ए के तहत पद से हटा दिया गया था। उन्होंने तर्क दिया कि चुनाव आयोग ने न तो तथ्यों की उचित समीक्षा की और न ही बजई को जांच के लिए बुलाया। असलम ने दलील दी कि बजई के हलफनामे का मुद्दा पहले से ही एक सिविल कोर्ट में विचाराधीन था, जिससे इस मामले में ईसीपी के अधिकार क्षेत्र पर सवाल खड़े हो गए।

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, मैसर्स डी.बी. कॉर्प लिमिटेड के लिए के.जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित. संपादक सुरजीत सिंह, स्थानीय संपादक संजय सिंह*. फोन नंबर 0651-2961734 आरएनआई नंबर JHAHIN/2023/84487 (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)